खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28°C
न्यूनतम : 18°C

देहरादून, शनिवार 9 मई 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 271 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2083 21 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में महिलाओं के खिलाफ अपराध के सबसे अधिक मामले: एनसीआरबी पेज 2



आईपीएल 2026: टॉप-4 की जंग में उतरेंगे राजस्थान और गुजरात खेल टाइम्स



अफसोसजनक है राजनीति में बदले की भावना सम्पादकीय



अमेरिका ने फिर की ईरान पर बमबारी कहा: हमने पलटवार किया पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### देशभर में अपराध छह फीसदी घटे: NCRB

**नई दिल्ली।** देशभर में 2024 में दर्ज अपराधों की संख्या में 6 फीसदी की गिरावट आई है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) के मुताबिक, 2023 में 62.41 लाख मामलों के मुकाबले 2024 में 58.85 लाख केस दर्ज हुए। यह जानकारी बुधवार को जारी रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट के अनुसार, क्राइम रेट यानी प्रति एक लाख आबादी पर दर्ज मामलों की संख्या भी कम हुई है। यह 2023 में 448.3 से घटकर 2024 में 418.9 रह गई। इससे साफ है कि कुल मामलों के साथ अपराध दर में भी गिरावट आई है। 2024 में हत्या के कुल 27,049 मामले दर्ज हुए। यह 2023 के मुकाबले 2.4 फीसदी कम है। रिपोर्ट के मुताबिक, हत्या के मामलों में सबसे बड़ा कारण आपसी विवाद रहा। इसके बाद बदला या दुश्मनी और लालच जैसी वजहें सामने आईं।

### मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद

**इम्फाल।** मणिपुर में सेनापति और चुराचांदपुर जिलों में चलाए गए अलग-अलग अभियानों के दौरान सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक और सामरिक उपकरण बरामद किए। सुरक्षा बलों ने सेनापति जिले के सेनापति पुलिस थाना अंतर्गत मरेमई-हेंगबुंग पहाड़ी श्रृंखलाओं में एक तलाशी अभियान शुरू किया और वहां से विभिन्न प्रकार के हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किए। बरामद किए गए सामानों में मैगजीन के साथ दो-22 राइफलें, मैगजीन के साथ एक -303 राइफल, मैगजीन के साथ एक एमपी-5 राइफल, मैगजीन के साथ एक एके-47 राइफल, चार स्थानीय स्तर पर बनी बोल्ट-एक्शन राइफलें, एक स्थानीय निर्मित शॉटगन, मैगजीन के साथ तीन -32 पिस्तौलें और मैगजीन के साथ दो -22 पिस्तौलें शामिल थीं।

### 'आश्चर्य का तत्व' विकसित करें कमांडर: राजनाथ


**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तेजी से बदलते भू-राजनीतिक सुरक्षा परिदृश्य में हर तरह की स्थिति से निपटने को तैयार रहने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वायत्त प्रणालियों, डेटा विश्लेषण और सुरक्षित संचार नेटवर्क में क्षमताओं को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा है कि भविष्य के संघर्ष हाइब्रिड खतरों, सूचना प्रभुत्व तथा साइबर, अंतरिक्ष और विद्युतचुंबकीय क्षेत्रों में एक साथ संचालित अभियानों से प्रभावित होंगे। श्री सिंह ने संयुक्त कमांडरों के सम्मेलन के दूसरे और अंतिम दिन कमांडरों को संबोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर को राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए की त्वरित, सटीक और संयुक्त जवाबी कार्रवाई का प्रतीक बताया।

### मुझे डांटकर चैम्बर से बाहर निकाल दिया था : सीजेआई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने शुक्रवार को अपनी निजी जिंदगी से जुड़ा एक किस्सा सुनाया। केस की सुनवाई के दौरान सीजेआई ने बताया कैसे एक जज ने उन्हें डांट लगाते हुए चैंबर से बाहर निकल जाने को कहा था।

# राष्ट्रपति ट्रम्प की टैरिफ नीति को लगा बड़ा झटका

वाशिंगटन, वार्ता



■ अमेरिकी अदालत ने खारिज किया नया टैरिफ आदेश, कहा- व्यापार कानून का हुआ गलत इस्तेमाल

■ ट्रम्प की घोषणा यह साबित करने में विफल रही कि कानून के जरिये आवश्यक शर्तें पूरी हुई हैं: अदालत

**अमेरिका में राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ नीति को बड़ा झटका लगा है। अमेरिकी संघीय व्यापार अदालत ने ट्रम्प प्रशासन द्वारा लगाए गए नए वैश्विक आयात शुल्क को खारिज कर दिया है।

अदालत ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन ने 1974 के ट्रेड एक्ट के तहत मिली सीमित शक्तियों का गलत इस्तेमाल किया और कानून से बाहर जाकर 10 प्रतिशत आयात अधिभार (इंपोर्ट सरचार्ज) लगाने की कोशिश की। अमेरिकी कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड ने 2-1 के फैसले में कहा कि ट्रम्प प्रशासन 1974 के व्यापार अधिनियम की धारा 122 का इस्तेमाल व्यापक व्यापार घाटे और चालू खाता घाटे के आधार पर नहीं कर सकता। अदालत के मुताबिक, यह कानून 1970 के दशक की विशेष बैलेंस ऑफ पेमेंट्स यानी भुगतान संतुलन संकट से निपटने के लिए बनाया गया था, न कि आधुनिक दौर के सामान्य व्यापार घाटे के लिए। जज मार्क ए. बार्नेट और क्लेयर आर. केली ने अपने फैसले में कहा कि ट्रम्प की घोषणा यह साबित करने में विफल रही कि कानून के जरिये आवश्यक शर्तें पूरी हुई हैं। बता दें कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फरवरी में ये टैरिफ लगाए थे। अदालत ने यह भी चेतावनी दी कि अगर राष्ट्रपति को इतनी व्यापक व्याख्या की अनुमति दे दी जाए, तो उन्हें लगभग असीमित टैरिफ लगाने की शक्ति मिल जाएगी। कोर्ट ने कहा कि ऐसा करना संवैधानिक सवाल खड़ा कर सकता है, क्योंकि टैरिफ और व्यापार नीति तय करने का अधिकार मुख्य रूप से कांग्रेस के पास है। दरअसल, इस साल की शुरुआत में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प की पहले वाली टैरिफ व्यवस्था को भी खारिज कर दिया था, जिसे उन्होंने आपातकालीन शक्तियों वाले कानून के तहत लागू किया था। इसके बाद फरवरी में ट्रम्प ने धारा 122 का इस्तेमाल करते हुए नया टैरिफ लागू किया।

## ईरान ने अमेरिका के विध्वंसक जहाजों पर किया हमला


**तेहरान।** ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) की नौसेना ने शुक्रवार सुबह अमेरिकी विध्वंसक जहाजों पर हमले किए। ईरान का दावा है कि यह कार्रवाई संघर्ष विराम के उल्लंघन और उसके एक तेल टैंकर के खिलाफ अमेरिकी सेना की आक्रामक गतिविधियों के जवाब में की गई है। यह घटना ईरान के दक्षिणी बंदरगाह 'जास्क' के पास हुई। ईरानी नौसेना के अनुसार, जब अमेरिकी युद्धपोत 'होर्मुज स्ट्रेट' की ओर बढ़ रहे थे, तब आईआरजीसी ने जवाबी हमला किया। इस अभियान में ईरान ने एंटी-शिप बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों के साथ-साथ विस्फोटक वारहेड वाले ड्रोन का भी इस्तेमाल किया। ईरानी नौसेना ने बताया कि खुफिया निगरानी से पता चला है कि इस हमले में अमेरिकी सैन्य जहाजों को काफी नुकसान पहुंचा है। ईरान का दावा है कि हमले के बाद अमेरिकी सेना के तीन जहाज होर्मुज स्ट्रेट से तेजी से पीछे हट गए हैं। इस घटना के बाद क्षेत्र में सैन्य तनाव एक बार फिर चरम पर पहुंच गया है।

## ईडी ने 1000 करोड़ के घोटाले में तीन को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ईडी ने कथित 1,000 करोड़ रुपये के ऑनलाइन सट्टेबाजी और मनी लॉन्ड्रिंग रैकेट से जुड़े बड़े अभियान के तहत दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु और अन्य स्थानों पर लगभग 18 ठिकानों पर व्यापक छापेमारी की। गुरुवार सुबह शुरू हुई यह छापेमारी कल देर रात एक बजे तक चली। जांच एजेंसी के सूत्रों के अनुसार, तलाशी के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम दीपक सिंह अहलावत, पृथ्वी कुमार और विकास तनेजा है। दीपक सिंह अहलावत हरियाणा का रहने वाला है, जबकि पृथ्वी कुमार उत्तराखंड का निवासी है।

# बंगाल में सुवेंदु व तमिलनाडु में विजय आज लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

कोलकाता, वार्ता



■ सुवेंदु अधिकारी राज्यपाल से मिलने पहुंचे, सरकार बनाने का दावा पेश किया

**सुवेंदु अधिकारी** पश्चिम बंगाल के नए सीएम होंगे। कोलकाता में कन्वेंशन सेंटर में आयोजित विधायक दल की बैठक में उन्हें नेता चुना गया। बैठक के बाद अमित शाह ने उनके नाम का ऐलान किया। इसके बाद सुवेंदु राज्यपाल से मिलने लोकभवन पहुंचे और सरकार बनाने का दावा पेश किया।

सुवेंदु शनिवार सुबह 11 बजे कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में मुख्यमंत्री की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी, शाह समेत एनडीए के कई बड़े नेता शामिल होंगे। उधर शाह ने विधायक दल की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ममता जी के शासन में अपराधी राजनेता बन गए, तो विकास की गुंजाइश ही नहीं रही। हम घुसपैठ, हिंसा, कट मनी खत्म करेंगे। महिला सुरक्षा टॉप प्रायोरिटी होगी। 56 साल के सुवेंदु ने सीएम ममता बनर्जी को भवानीपुर से हराया है। वे नंदीग्राम से भी लगातार दूसरी बार चुनाव जीते। यहां से 2021 में उन्होंने ममता को हराया था। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में 207 सीटें जीती हैं। अमित शाह ने सुवेंदु के नाम का ऐलान करने के बाद उन्हें सबसे पहले माला पहनाई।

## विजय को गवर्नर ने दिया सरकार बनाने का न्योता



**चेन्नई।** तमिलनाडु में सरकार गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के प्रमुख विजय शुक्रवार को तीसरी बार लोकभवन पहुंचकर राज्यपाल से मिले। विजय द्वारा समर्थन पत्र सौंपने के बाद राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने उन्हें सरकार बनाने का न्योता दिया। सूत्रों के अनुसार, यह मुलाकात संक्षिप्त रही।

शनिवार सुबह 11 बजे विजय मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। विजय की शपथ में राहुल गांधी भी शामिल हो सकते हैं। कांग्रेस और वामपंथी दलों से समर्थन मिलने के बाद विजय ने सरकार बनाने का दावा पेश किया। वामपंथी दलों द्वारा बिना शर्त समर्थन देने के कुछ घंटों बाद विजय शुक्रवार को तीसरी बार राजभवन पहुंचे, उन्होंने सरकार बनाने के जरूरी आंकड़े का समर्थन पत्र सौंपा। टीवीके ने चुनाव में कुल 108 सीटें जीतकर मजबूत प्रदर्शन किया है। राज्य में सरकार बनाने के लिए बहुमत का आंकड़ा 118 सीटों का है। ऐसे में विजय को सरकार गठन के लिए अभी और विधायकों के समर्थन की जरूरत है। वर्तमान स्थिति के अनुसार, सीपीआई, वीसीके और मार्क्सवादी (सीपीआई- एम) के पास 2-2 विधायक हैं। वहीं कांग्रेस के 5 विधायकों का समर्थन टीवीके को पहले से मिला हुआ है।

## कर्नल सोफिया पर विजय शाह की टिप्पणी

# मप्र सरकार पर सख्त हुआ सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कर्नल सोफिया मामले में एमपी सरकार को फटकार, कहा: बहुत हुआ, आदेश का पालन करें

**नई दिल्ली।** सेना की महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं।

शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में अभियोजन स्वीकृति देने में हो रही देरी पर राज्य सरकार को फटकार लगाई। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत ने कड़े शब्दों में कहा कि बस बहुत हुआ, अब हमारे आदेश का पालन कीजिए। कोर्ट ने कहा कि यह सिर्फ दुर्भाग्यपूर्ण नहीं, बल्कि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था। सुनवाई के दौरान जब सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मंत्री का बचाव करते हुए कहा कि शायद उनके बयान को गलत समझा गया और वे महिला अधिकारी की प्रशंसा करना चाहते थे, तो सीजेआई सूर्यकांत ने इसे सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ दुर्भाग्यपूर्ण नहीं, बल्कि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था। एक राजनेता के तौर पर उन्हें अच्छी तरह पता है कि किसी महिला अधिकारी की प्रशंसा कैसे की जाती है। कोर्ट ने एसआईटी की स्टेटस रिपोर्ट का हवाला देते हुए टिप्पणी की कि मंत्री को इस तरह के कमेंट करने की आदत है। यह विवाद पिछले साल भारत की ओर से पाकिस्तान के खिलाफ की गई क्रॉस-बॉर्डर सैन्य कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के बाद शुरू हुआ था।

# ग्रेटर नोएडा के निर्माणाधीन हॉस्टल में दो मालियों के शव मिले

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ मेरठ के रहने वाले थे दोनों मृतक

**ग्रेटर नोएडा।** गौतमबुद्धनगर जिला क्षेत्र ग्रेटर नोएडा के नॉलेजपार्क थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक निजी इंस्टीट्यूट के निर्माणाधीन हॉस्टल में दो व्यक्तियों के शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस हत्या की आशंका के आधार पर मामले की पड़ताल कर रही है। पुलिस ने बताया गया कि उसको डायल-112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि एक निजी संस्थान के निर्माणाधीन हॉस्टल के कमरे में दो लोगों के शव पड़े हैं। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना नॉलेजपार्क पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पूछताछ के दौरान मृतकों की पहचान इंद्र पुत्र निवासी अब्दुल्लापुर, मेरठ तथा शीशपाल निवासी ग्राम इंचौली, मेरठ के रूप में हुई। दोनों की उम्र लगभग 45 वर्ष बताई जा रही है। दोनों व्यक्ति करीब दो से तीन दिन पहले ही संस्थान में माली का कार्य करने के लिए आए थे और निर्माणाधीन हॉस्टल परिसर में ही रह रहे थे।

## कांग्रेस और द्रमुक के अलग हुए रास्ते

**नई दिल्ली।** द्रमुक सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर संसद में द्रमुक सांसदों के लिए अलग बैठने की व्यवस्था करने की मांग की है। कनिमोझी ने अपने पत्र में लिखा कि वह लोकसभा में द्रमुक सांसदों की सीटिंग व्यवस्था में उपयुक्त बदलाव करने का सम्मानपूर्वक अनुरोध करती हैं। बदले हुए राजनीतिक हालात और कांग्रेस के साथ गठबंधन समाप्त हो जाने के बाद सदन में कांग्रेस सांसदों के साथ मौजूदा सीटिंग व्यवस्था में बैठना अब उचित नहीं माना जा सकता।



चेन्नई: टीवीके प्रमुख विजय के समर्थन में पोस्टर दिखाती एक कांग्रेस कार्यकर्ता।

# स्वदेशी ग्लाइड हथियार प्रणाली 'तारा' का सफल परीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो




■ डीआरडीओ ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की

**नई दिल्ली।** भारत ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। स्वदेशी रूप से विकसित ग्लाइड वेपन सिस्टम टैक्टिकल एडवांस्ड रेंज ऑग्मेंटेशन (तारा) का पहला सफल परीक्षण उड़ान किया गया है।

ओडिशा तट के पास गुरुवार को किए गए इस परीक्षण को भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय वायुसेना (आईएएफ) ने संयुक्त रूप से अंजाम दिया। रक्षा मंत्रालय ने इसे भारत की प्रिसिजन स्ट्राइक क्षमता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, 'तारा' भारत का पहला स्वदेशी ग्लाइड वेपन सिस्टम है। इसे बिना दिशा-निर्देश वाले वारहेड को अत्यधिक सटीक निशाना साधने वाले प्रिसिजन गाइडेड हथियार में बदलने के लिए विकसित किया गया है। इस तकनीक के जरिये पारंपरिक और कम लागत वाले हथियारों की मारक क्षमता और सटीकता को कई गुना बढ़ाया जा सकता है। मंत्रालय ने बताया कि इस प्रणाली को हैदराबाद स्थित डीआरडीओ की प्रमुख प्रयोगशाला रिसर्च सेंटर इमारत (आरसीआई) ने अन्य डीआरडीओ लैब्स के सहयोग से विकसित किया है। इसका उद्देश्य कम लागत में ऐसे अत्याधुनिक हथियार तैयार करना है, जो दुश्मन के जमीनी ठिकानों को बेहद सटीकता के साथ निशाना बना सकें। विशेषज्ञों के मुताबिक, ग्लाइड वेपन सिस्टम पारंपरिक बमों को आधुनिक गाइडेंस तकनीक से लैस करता है, जिससे वे लंबी दूरी तक जाकर लक्ष्य को अधिक सटीकता से भेद सकते हैं। 'तारा' प्रणाली में अत्याधुनिक लेकिन कम लागत वाली तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है, जिससे भविष्य में भारतीय सशस्त्र बलों को कम खर्च में उच्च क्षमता वाले प्रिसिजन हथियार उपलब्ध हो सकेंगे।

# यूपी में आंधी-बारिश से पारा 10 डिग्री तक गिरा

■ गुजरात और महाराष्ट्र में गर्मी और उमस वाला मौसम बना

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड और गंगा से सटे बंगाल के इलाकों में आंधी-बारिश का अलर्ट है।

दक्षिण में केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु के कई जिलों में भी अगले 7 दिन तक भारी बारिश होगी। शुक्रवार को एमपी में आंधी-बारिश के बाद तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। यूपी में भी बारिश से राहत रही। 7 दिन पहले जिस बांदा में तापमान 47.6 डिग्री सेल्सियस था, वह 7 मई को 38 डिग्री तक पहुंच गया। हालांकि, गुजरात और महाराष्ट्र में गर्मी और उमस वाला मौसम बना हुआ है। गुजरात का राजकोट देश में सबसे गर्म रहा, यहां का तापमान 42.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### मुश्किलों में हम नहीं छोड़ते साथ: अखिलेश

**लखनऊ।** सपा मुखिया और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने तमिलनाडु के कार्यवाहक मुख्यमंत्री और द्रविड़ मुनेत्र कषगम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमके स्टालिन संग तस्वीर साझा की है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट में उन्होंने पश्चिम बंगाल की निवर्तमान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ भी तस्वीर शेयर की है। अखिलेश ने ममता और स्टालिन की तस्वीर साझ करते हुए लिखा- हम वो नहीं, जो मुश्किलों में साथ छोड़ दें। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की तमिलनाडु इकाई ने डीएमके के साथ गठबंधन खत्म कर टीवीके साथ जाने का ऐलान किया है। कांग्रेस हाईकमान ने राज्य इकाई पर यह फैसला छोड़ा था कि वह टीवीके को समर्थन देना चाहती है या नहीं। कांग्रेस ने डीएमके के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ा था। हालांकि नतीजों के बाद कांग्रेस ने पाला बदल लिया।

### पुलिस ने नशीले पदार्थों के आरोपी की संपत्ति गिराई

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में नशामुक्त भारत अभियान के तहत पुलिस ने नशीले पदार्थों के तस्करों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए कई प्रमुख तस्करों की अवैध संपत्तियां गिराते हुए दुकानें सील की और करोड़ों की संपत्ति जब्त की है। बारामूला पुलिस ने जीडीए के साथ मिलकर तंगमार्ग क्षेत्र में नशीले पदार्थों से जुड़े अपराधों में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की। संयुक्त अभियान में फिरोजपोरा तंगमार्ग के कुख्यात नशीले पदार्थों के तस्कर इम्तियाज अहमद मीर की एक दुकान को पुलिस ने गिरा दिया।

# उप्र में लापरवाह डॉक्टरों पर सरकार की बड़ी कार्रवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने पांच डॉक्टर किए बर्खास्त, दो डाक्टरों की वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य विभाग में लापरवाही, अनियमितताओं और कर्तव्य पालन में कोताही के मामलों में सख्त रुख अपनाते हुए पांच डॉक्टरों को सेवा से बर्खास्त कर दिया है तथा कई स्वास्थ्य अधिकारियों और डॉक्टरों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए हैं। उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक के कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार लंबे समय तक बिना सूचना ड्यूटी से अनुपस्थित रहने और चिकित्सा कार्य से दूर रहने के आरोप में पांच चिकित्सा अधिकारियों को सेवा से हटाया गया है।

बर्खास्त किए गए डॉक्टरों में गोरखपुर जिला अस्पताल की डा. अलकनंदा, कुशीनगर सीएमओ कार्यालय में तैनात डा. रामजी भारद्वाज, बलरामपुर के डा. सौरभ सिंह, अमेठी के सीएचसी जगदीशपुर के डा. विकलेश कुमार शर्मा और औरैया के सीएचसी दिबियापुर की डा. मोनिका वर्मा शामिल हैं। बयान के अनुसार सरकार ने अंबेडकर नगर में निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम और अल्ट्रासाउंड केंद्रों के पंजीकरण एवं नवीनीकरण में कथित अनियमितताओं के मामले में सीएमओ डा. संजय कुमार शैवाल और डिप्टी सीएमओ डा. संजय वर्मा समेत 16 चिकित्सा अधिकारियों के खिलाफ विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई के आदेश दिए हैं। प्रारंभिक जांच में इन अधिकारियों पर सरकारी मानकों के उल्लंघन, पद के दुरुपयोग और निजी हितों के लिए फाइलों को मंजूरी देने के आरोप सही पाए गए। जांच एक अपर जिलाधिकारी समेत तीन सदस्यीय समिति ने की थी। हरदोई में अवैध निजी अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई न करने और जिम्मेदारियों की अनदेखी के आरोप में चिकित्सा अधीक्षक डा. मनोज कुमार सिंह के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। वहीं जिले में वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी के बावजूद एक जूनियर डॉक्टर को वरिष्ठ जिम्मेदारी सौंपने पर सीएमओ से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

इस बयान में कहा गया है कि इलाज में लापरवाही, प्रशासनिक चूक, अनुचित मेडिको-लीगल जांच और सहकर्मियों से दुर्व्यवहार जैसे मामलों में भी कई डॉक्टरों पर कार्रवाई शुरू की गई है। इनमें प्रयागराज के डा. शमीम अख्तर, सुल्तानपुर के सीएचसी लंभुआ में तैनात एक डाक्टर और फार्मासिस्ट तथा मथुरा जिला अस्पताल के दो डॉक्टर शामिल हैं। चिकित्सा कर्तव्यों में कथित लापरवाही के लिए बलरामपुर, वाराणसी, बदायूं, लखीमपुर खीरी और संभल समेत कई जिलों में तैनात डॉक्टरों के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं।

# सीईओ के खिलाफ इंटर्न ने यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया

नई दिल्ली, वार्ता

■ द. दिल्ली की रहने वाली है पीड़िता

राजधानी दिल्ली में एक प्राइवेट कंपनी रेडक्यूब डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अजय प्रकाश के खिलाफ कंपनी की इंटर्न ने यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है।

दक्षिण दिल्ली की रहने वाली पीड़िता ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने उसे गंभीर परिणामों की धमकी दी है। अपनी शिकायत के अनुसार उसने 2025 में बतौर एक इंटर्न कंपनी जॉइन की थी। पीड़िता ने बताया कि जिस दिन मैंने कंपनी जॉइन की, मुझे सीईओ अजय प्रकाश और उनकी पत्नी (जो कंपनी में निदेशक हैं) का व्यवहार अच्छा नहीं लगा। अजय प्रकाश मुझे मेरे व्हाट्सप नंबर पर बे-वक्त कॉल किया करते थे। उसने आरोप लगाया कि सीईओ को पता था कि वह दिल्ली में अकेली है और उसने इस स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश की। उसने कहा कि अजय प्रकाश उसे छोटी-मोटी बातों के लिए भी अपने केबिन में बुलाते, लेकिन वह हमेशा काम से मतलब रखती रही। पीड़िता ने सीईओ पर आरोप लगाया कि काम के दौरान अनुचित शब्दों का इस्तेमाल करते और जब वह अपनी डेस्क पर होती, तो लगभग हर दिन सबके सामने, बगैर उसकी अनुमति के उसके कंधों और बालों को छूते थे। उसने आरोप लगाया कि उसे चुप रहने और ऑफिस में उसके साथ हुई किसी भी घटना के बारे में किसी को न बताने की धमकी दी गई थी, वरना वे उसका करियर बर्बाद करने की धमकी देते। पीड़िता ने कहा कि 15 अप्रैल, 2026 को नौकरी छोड़ने के बाद 24 अप्रैल, 2026 को मेरी परीक्षा थी। उस परीक्षा में बैठने के लिए मुझे कंपनी से चार महीने की इंटर्नशिप का सर्टिफिकेट चाहिए था। मैंने कंपनी के एचआर को मौखिक और शारीरिक उत्पीड़न की पूरी घटना के बारे में ईमेल किया, जिस पर अजय प्रकाश ने स्थिति का तोड़-मरोड़कर जवाब दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि एचआर हिना खान ने उसे इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया और उसके बाद उसे कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए।

# स्वच्छता अभियान को जनांदोलन बनाएं: शर्मा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों को लेकर बैठक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित संगम सभागार में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों को लेकर नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रदेश भर के नगर आयुक्त, मेयर, पार्षद, ईओ तथा विभागीय अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26, सिटीजन फीडबैक, कूड़ा पृथक्करण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली-2026 और आरआरआर मॉडल के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। श्री शर्मा ने कहा कि स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप दिया जाए और आमजन की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नगर निकायों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक सिटीजन फीडबैक प्राप्त किया जाए तथा वार्ड स्तर पर स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समितियों को सक्रिय किया जाए। मंत्री ने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, सोर्स सेग्रीगेशन और वैज्ञानिक वेस्ट मैनेजमेंट व्यवस्था को मजबूत करने पर भी विशेष बल दिया गया। शर्मा ने कहा कि आगामी मानसून को देखते हुए मंत्री ने नाला-नालियों की नियमित सफाई, सिल्ट निकासी और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। बैठक में सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ एवं अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने, साफ-सफाई और स्वच्छता के प्रति व्यवहार परिवर्तन आधारित जागरूकता अभियान संचालित करने पर भी चर्चा हुई।

## एनसीआरबी ने 2024 के लिए अपराध के जारी किए आंकड़े

# यूपी में महिलाओं के खिलाफ सबसे ज्यादा अपराध

नई दिल्ली, वार्ता

■ 2024 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 441534 दर्ज किए गए

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ने हाल ही में महिलाओं के खिलाफ अपराध के आंकड़े जारी किए जिसके अनुसार देश में 2024 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 441534 दर्ज किए गए, जबकि 2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 448211 दर्ज किए गए थे।

राज्यों के हिसाब से 2024 में उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध के सबसे अधिक 66398 मामले दर्ज किए गए, जिसके बाद महाराष्ट्र 47954 और राजस्थान 36563 मामलों के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 13396 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2023 में 13439 मामले दर्ज किए गए थे। केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप में सबसे कम 13 मामले दर्ज किए गए, जिसके बाद केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में 34 और नागालैंड 56 मामलों के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर है।

### महिला सुरक्षा पर एनसीआरबी आंकड़ों ने खोली मोदी सरकार की पोल: खड़गे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार पर कानून-व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा के मोर्चे पर विफल रहने का आरोप लगाते हुए कहा है कि पिछले 12 वर्षों में सरकार के दावों की वास्तविकता देश के सामने आ चुकी है। खड़गे ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया कि 2013 के बाद से महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 42.6 प्रतिशत, बच्चों के खिलाफ अपराधों में 204.6 प्रतिशत, दलितों के खिलाफ अत्याचारों में 41.3 प्रतिशत तथा आदिवासियों के खिलाफ अपराधों में 46.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने साइबर अपराधों में हुई बढ़ोतरी का भी जिक्र किया।

### भाजपा शासन में महिलाओं के खिलाफ बड़े मामले: अलका लाम्बा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि देश में महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है और भारतीय जनता पार्टी सरकार इन अपराधों को नियंत्रित नहीं कर पा रही है। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा महिलाओं को सुरक्षा देने का दावा करती है लेकिन सबसे ज्यादा अपराध भाजपा शासित राज्यों में ही हो रहे है। भाजपा शासित उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र जैसे राज्य देश में महिला अपराधों के आंकड़े में सबसे ऊपर हैं। उत्तराखंड में अंकिता भंडारी के साथ भाजपा के नेताओं द्वारा दुष्कर्म कर उसकी हत्या की जाती है लेकिन उसकी कहीं कोई सुनवाई नहीं होती है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 77328.19
निफ्टी 24176.15

सोना 152720 प्रति 10 ग्राम
चांदी 261000 प्रति किलो

# शेयर बाजारों में गिरावट, बैंकों और वित्तीय कंपनियों पर बना दबाव

मुंबई, वार्ता



विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को गिरावट रही और बैंकिंग तथा वित्तीय कंपनियों पर सबसे अधिक दबाव देखा गया। बीएसई का सेंसेक्स 516.33 अंक (0.66 प्रतिशत) टूटकर 77,328.19 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 150.50 अंक यानी 0.62 प्रतिशत नीचे 24,176.15 अंक पर बंद हुआ।

वृहत बाजार में अधिकतर सूचकांक लाल निशान में रहे। हालांकि निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.06 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.22 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। दूसरे प्रमुख एशियाई बाजारों में गिरावट से भी निवेश धारणा प्रभावित हुई। शुरुआती कारोबार में यूरोपीय बाजारों में भी गिरावट देखी जा रही है। बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों पर सबसे अधिक दबाव रहा। तेल एवं गैस, धातु और रियलटी समूहों के सूचकांकों में भी ज्यादा गिरावट देखी गई। आईटी समूह में सबसे अधिक लिवाली देखी गई। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में भी निवेशकों ने पैसा लगाया। सेंसेक्स की कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक का शेयर साढ़े छह फीसदी से ज्यादा लुढ़क गया। एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एलएंडटी, टाटा स्टील और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर एक से दो प्रतिशत तक टूट गए। ट्रेंट, बजाज फिनसर्व और इटरनल में भी गिरावट रही। टाइटन का शेयर पौने पांच प्रतिशत उछला। एशियन पेंट्स में करीब तीन फीसदी की बढ़त रही। अडानी पोर्ट्स, इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टेक महिंद्रा के शेयरों में भी तेजी रही।

# सोना और चांदी की कीमतें बढ़ीं

**नई दिल्ली।** शुक्रवार दोपहर सोना 460 रुपये की बढ़त के साथ 1,52,720 रुपये के भाव पर कारोबार करता दिखा। वहीं चांदी करीब 1 फीसदी या 2459 रुपये के उछाल के साथ 2.61 लाख रुपये के भाव पर ट्रेड करती दिखी।

इससे पहले सुबह करीब 9 बजे मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का 5 जून 2026 का कॉन्ट्रैक्ट पिछली क्लोजिंग 1,52,261 रुपये के मुकाबले 411 रुपये बढ़कर 1,52,672 रुपये पर खुला था। सुबह 9.43 पर यह 471 रुपये या 0.31 प्रतिशत की मजबूती के साथ 1,52,732 रुपये पर था और तब तक के कारोबार में सोने ने 1,52,672 रुपये का न्यूनतम स्तर और 1,53,103 रुपये का उच्चतम स्तर बनाया था। दूसरी ओर चांदी का 3 जुलाई 2026 का कॉन्ट्रैक्ट पिछली क्लोजिंग 2,58,540 रुपये के मुकाबले 1,445 रुपये की बढ़त के साथ 2,59,999 रुपये पर खुला था।

# उत्तर रेलवे के 1478 किमी मार्ग पर कवच प्रणाली के विस्तार को मंजूरी

नई दिल्ली, वार्ता

भारतीय रेल ने उत्तर रेलवे के 1,478 किलोमीटर मार्ग पर स्वदेशी कवच (स्वचालित रेल सुरक्षा प्रणाली) के विस्तार को मंजूरी दी है। रेलवे की ओर से शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में बताया है कि रेल सुरक्षा को मजबूत बनाने तथा रेलवे के आधुनिकीकरण को लेकर मंजूर की गई इस परियोजना पर लगभग 362 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

इसके तहत फिरोजपुर और जम्मू मंडल के करीब 1,478 रूट किलोमीटर मार्ग पर कवच प्रणाली स्थापित की जाएगी। परियोजना के अंतर्गत फिरोजपुर मंडल के शेष 1,012 किलोमीटर पर लगभग 241 करोड़ रुपये की लागत से कवच लगाया जाएगा। वहीं जम्मू मंडल में जलंधर सिटी जंक्शन-जम्मू तवी-श्री माता वैष्णो देवी कटरा, बटाला जंक्शन-पठानकोट जंक्शन और बनिहाल-बारामूला सेक्शनों के लगभग 466 किलोमीटर पर करीब 121 करोड़ रुपये की लागत से कवच प्रणाली स्थापित की जाएगी। रेलवे ने बताया है कि इसके तहत रेलवे ट्रैक के किनारे स्थाई कवच सिस्टम लगाए जाएंगे। साथ ही, 40 मीटर ऊंचे संचार टावर और एंटीना अवसंरचना भी विकसित की जाएगी, ताकि सुरक्षा प्रणाली बेहतर और निर्बाध तरीके से कार्य कर सके। रेलवे के अनुसार कवच भारत में विकसित एक स्वदेशी स्वचालित रेल सुरक्षा प्रणाली है, जो किसी भी आपात स्थिति में स्वतः ब्रेक लगाकर ट्रेन टक्कर जैसी घटनाओं को रोकने में मदद करता है। यह तकनीक लोको पायलट को सुरक्षित ट्रेन संचालन में सहयोग देती है, क्योंकि इसके माध्यम से लोकोमोटिव, सिग्नलिग सिस्टम और ट्रैक पर लगे उपकरणों के बीच लगातार संपर्क बना रहता है। रेलवे ने कहा है कि इन महत्वपूर्ण रेल मार्गों पर कवच प्रणाली लागू होने से ट्रेन संचालन और अधिक सुरक्षित, विश्वसनीय और सुगम बनेगा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# विदेशी मुद्रा भंडार 7.79 अरब डॉलर घटा

मुंबई, वार्ता



देश का विदेशी मुद्रा भंडार 01 मई को समाप्त सप्ताह में 7.794 अरब डॉलर घटकर 690.693 अरब डॉलर रह गया। यह विदेशी मुद्रा भंडार का पांच सप्ताह का निचले स्तर और इसी अवधि में सबसे बड़ी गिरावट भी है। इससे पहले, 24 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में यह 4.821 अरब डॉलर घटकर 698.487 अरब डॉलर रहा था।

विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट की मुख्य वजह स्वर्ण भंडार में गिरावट रही। रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि 01 मई को समाप्त सप्ताह में देश का स्वर्ण भंडार 5.021 अरब डॉलर घटकर 115.216 अरब डॉलर रह गया। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति भी 2.797 अरब डॉलर की कमी के साथ 551.825 अरब डॉलर रहा। इसमें अमेरिकी डॉलर के अलावा जापानी एन, ब्रितानी पाउंड और यूरो भी शामिल हैं। इनके मूल्य का आंकलन डॉलर की तुलना में इनकी संदर्भ दर के आधार पर किया जाता है। आलोच्य सप्ताह में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 80 लाख डॉलर बढ़कर 4.863 अरब डॉलर पर और विशेष आहरण अधिकार 1.5 करोड़ डॉलर की वृद्धि के साथ 18.789 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

# अब मिशन यूपी की तैयारी में बीजेपी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ मंत्रिमंडल के साथ-साथ संगठन में भी हो सकता है बदलाव!

**लखनऊ।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में से तीन पर बीजेपी ने भगवा लहरा दिया है। जल्द ही पश्चिम बंगाल और असम में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हो जाएगा। इसके बाद बीजेपी का पूरा फोकस उत्तर प्रदेश पर रहने वाला है।देश की राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाने वाले उत्तर प्रदेश के 2027 के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर ही यह बदलाव किए जाएंगे।

इसी दिशा में उत्तर प्रदेश में योगी मंत्रिमंडल के विस्तार और प्रदेश इकाई में बदलाव की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। खबर है कि 7 मई के बाद कभी भी मंत्रिमंडल का विस्तार किया जा सकता है। योगी मंत्रिमंडल के लिए नामों की सूची पर काम शुरू कर दिया गया है, लेकिन बीजेपी मंत्रिमंडल विस्तार में ज्याद बदलाव करने के मूड में नहीं है। हालांकि अटकलें हैं कि मंत्रिमंडल में कुछ नए चेहरों को शामिल किया जा सकता है और कुछ ही पुराने चेहरे हटाए जा सकते हैं। इसका उद्देश्य जातीय समीकरण को साधना है। बीजेपी 2027 के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर ही मंत्रिमंडल का विस्तार करने पर विचार कर रही है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश के मंत्रिमंडल में 54 मंत्री हैं। प्रदेश के मंत्रिमंडल की क्षमता 60 सीटों की है और अभी 6 सीटें खाली हैं, जिन्हें भरने पर फोकस किया जाएगा।

वर्तमान के मंत्रिमंडल में ज्यादा बदलाव न करने का उद्देश्य राज्य सरकार में जातीय समीकरणों के संतुलन को बनाए रखना है। अलीगढ़ की सुरक्षित सीट से विधायक सुरेंद्र दिलेर का नाम मंत्री पद के लिए चर्चा में है। इसके अलावा सुरेंद्र दिलेर वाल्मीकि समाज से ताल्लुक रखते हैं। इस तरह मंत्रिमंडल में एक वाल्मीकि चेहरा भी शामिल हो सकता है। ब्राह्मण जाति से रायबरेली के मनोज पांडे और मथुरा विधानसभा क्षेत्र से श्रीकांत शर्मा का नाम भी मंत्री पद के लिए चर्चा में है। इसके अलावा पिछड़ी जाति से हंसराज विश्वकर्मा का नाम भी मंत्रीपद के लिए चर्चा में है। इसके अलावा बीजेपी योगी की टीम में महिलाओं की भागीदारी को भी बढ़ाने पर विचार कर रही है। फतेहपुर से तीन बार विधायक रहीं कृष्णा पासवान को मंत्री बनाया जा सकता है, जिससे महिला के साथ-साथ दलित समीकरण को साधा जा सके। इसके अलावा महमूदाबाद की विधायक आशा मौर्य को भी मंत्री बनाने की चर्चा है।

आशा मौर्य पिछड़ी जाति से हैं। जानकारी के लिए बता दें कि पिछले कुछ समय से बीजेपी यूपी को लेकर दिल्ली से लेकर लखनऊ तक कई बैठकें कर रही थी। मंत्रिमंडल के विस्तार के बाद प्रदेश संगठन में बदलाव के लिए प्रस्तावित नामों की सूची केंद्रीय नेतृत्व को सौंप दी गई हैं। इसकी जानकारी यूपी के बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने दी। पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद से ही नई प्रदेश कार्यकारिणी बनाने को लेकर चर्चा थी, लेकिन अब इसे जल्द से जल्द बनाने को लेकर काम शुरू कर दिया गया है। चाहे मंत्रिमंडल का विस्तार हो या प्रदेश में संगठन का बदलाव बीजेपी जातीय समीकरणों का खास ख्याल रख रही है।

# बंगाल फिर बनेगा व्यापार, उद्योग और रोजगार का केंद्र: खंडेलवाल




**नई दिल्ली।** कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा है कि पश्चिम बंगाल फिर से व्यापार, उद्योग और रोजगार का केंद्र बनेगा।

खंडेलवाल ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि व्यापार एवं उद्योग जगत अब राज्य में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार बनने की संभावना के साथ नई आशा और विश्वास से भर गया है। पिछले 15 वर्षों में राज्य में उद्योग, व्यापार, सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई), पारंपरिक कारोबार और उद्यमिता को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ा। नीति अस्थिरता, निवेशकों का घटता विश्वास, उद्योगों का पलायन, सिडिकेट संस्कृति, प्रशासनिक दबाव और कमजोर औद्योगिक वातावरण ने बंगाल की ऐतिहासिक औद्योगिक पहचान को कमजोर किया। खंडेलवाल ने कहा कि एक समय देश के प्रमुख औद्योगिक राज्यों में गिने जाने वाला पश्चिम बंगाल आज निवेश, रोजगार और औद्योगिक विकास की दौड़ में पीछे चला गया है। हजारों एमएसएमई इकाइयां बंद हुईं या अन्य राज्यों में स्थानांतरित हो गईं। व्यापारियों, छोटे उद्योगों, कारीगरों और पारंपरिक क्षेत्रों को पर्याप्त संरक्षण एवं प्रोत्साहन नहीं मिला, विशेष रूप से चाय, जूट, हैंडलूम, चमड़ा, मिठाई उद्योग और छोटे व्यापार से जुड़े लाखों लोगों को बढ़ती लागत, जटिल नियमों और कमजोर बुनियादी ढांचे का सामना करना पड़ा। छेना आधारित मिठाइयों पर जीएसटी ने भी पारंपरिक मिठाई उद्योग पर अतिरिक्त बोझ डाला।

## मुख्यमंत्री ने किया 'कैलाश उत्सव-2026' का भव्य शुभारंभ

# सीएम ने पिथौरागढ़ को दी 165 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने आज जनपद पिथौरागढ़ के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान लक्ष्मण सिंह महर कैंपस में आयोजित भव्य 'कैलाश उत्सव-2026' का दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जनता, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की सहभागिता रही। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर जनपद के समग्र विकास के लिए कुल 16520.56 लाख लागत की 45 विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर जनपदवासियों को महत्वपूर्ण सौगात दी।



अपने संबोधन की शुरुआत मुख्यमंत्री ने "भारत माता की जय", "हर-हर महादेव" तथा "गुरना मईया की जय" के उद्घोष के साथ की। उन्होंने कहा कि 'कैलाश उत्सव' केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि उत्तराखंड की समृद्ध लोक परंपराओं, आध्यात्मिक चेतना और सीमांत क्षेत्र की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भगवान भोलेनाथ के पावन धाम कैलाश के नाम से जुड़ा यह आयोजन संस्कृति, अध्यात्म और आधुनिक सोच का सुंदर संगम प्रस्तुत करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें अपनी जन्मभूमि और पिथौरागढ़ की युवा शक्ति के बीच आने पर विशेष आत्मीयता का अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि पिथौरागढ़ की मिट्टी, संस्कार और यहां का वातावरण उनके जीवन की प्रेरणा का स्रोत रहे हैं। उन्होंने छात्रसंघ एवं आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिथौरागढ़ जनपद अपनी प्राकृतिक सुंदरता, धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विविधता के कारण देश-दुनिया में विशेष पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि आदि कैलाश एवं ओम पर्वत जैसे पवित्र स्थलों के कारण यहां धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं।

राज्य सरकार द्वारा सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, विद्युत एवं पर्यटन अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री के 'वाइब्रेंट विलेज' विजन के अनुरूप सीमांत गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सीमांत क्षेत्रों को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क संपर्क, डिजिटल कनेक्टिविटी तथा पर्यटन विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने छात्र-छात्राओं के हित में कई घोषणाएं भी कीं।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 16520.56 लाख लागत की 45 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, जिनमें सड़क निर्माण, पेयजल योजनाएं, स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, शैक्षिक अधोसंरचना विकास तथा अन्य जनकल्याणकारी परियोजनाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन योजनाओं के पूर्ण होने से सीमांत क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

इस अवसर पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री, अध्यक्ष जिला पंचायत जितेंद्र प्रसाद, जिलाध्यक्ष भाजपा गिरीश जोशी, मेयर नगर निगम कल्पना देवलाल, जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई, पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे, पूर्व छात्र संघ महासचिव गहराज पाण्डेय, जनप्रतिनिधिगण, शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा भारी संख्या में क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही।

### पिथौरागढ़ देश का भी महत्वपूर्ण सीमांत जनपद: धामी

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिथौरागढ़ केवल उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि देश का भी महत्वपूर्ण सीमांत जनपद है। सीमांत क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है तथा सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिथौरागढ़ में लगभग ₹750 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज भविष्य में पूरे सीमांत क्षेत्र के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं का बड़ा केंद्र बनेगा। इससे जनपदवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा राज्य के मेडिकल छात्र-छात्राओं को उच्च स्तरीय चिकित्सा शिक्षा का अवसर प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं के हित में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया है, जिसके परिणामस्वरूप पिछले साढ़े चार वर्षों में 32 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने सहित अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं।

# उत्तराखंड की जेलों से घटा 'ओवरक्राउडिंग' का बोझ

- 2021 में देश में पहले नंबर पर था उत्तराखंड, अब छठे स्थान पर आया

**इमरान चौधरी**

**देहरादून।** उत्तराखंड की जेलों में क्षमता से अधिक कैदियों के रहने (ओवरक्राउडिंग) की पुरानी समस्या अब तेजी से सुलझ रही है। कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में राज्य की जेलों में कैदियों के दबाव में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। साल 2021 में जहां उत्तराखंड ओवरक्राउडिंग के मामले में देश में पहले पायदान पर था, वहीं साल 2024 तक राज्य राष्ट्रीय औसत में छठे स्थान पर आ गया था और वर्तमान वर्ष 2026 में स्थिति में और भी सुधार हुआ है।

विभाग द्वारा जारी तुलनात्मक चार्ट के अनुसार, साल 2021 में उत्तराखंड की जेलों में क्षमता के सापेक्ष 185 प्रतिशत कैदी निरुद्ध थे। उस समय जेलों की कुल क्षमता 3,741 थी, जबकि कैदियों की संख्या 6,921 तक पहुँच गई थी। निरंतर प्रयासों के बाद साल 2024 में यह आंकड़ा गिरकर 141.5 प्रतिशत पर आया और वर्तमान 2026 में यह मात्र 118.7 प्रतिशत रह गया है। अभी राज्य की जेलों में क्षमता 3,961 है, जिसके सापेक्ष 4,703 बंदी निरुद्ध हैं।विभाग ने इस सुधार के पीछे दो मुख्य कारणों को रेखांकित किया है। इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास और विधिक प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन। हल्द्वानी उप-कारागार में नई बैरकें और हरिद्वार जिला कारागार में उच्च सुरक्षा बैरक का निर्माण पूरा कर लिया गया है। पिथौरागढ़ में नया जिला कारागार पूरी तरह क्रियाशील हो चुका है। वर्तमान में चम्पावत में जिला कारागार का निर्माण युद्धस्तर पर जारी है, जबकि देहरादून, हरिद्वार और सितारगंज में बैरकों का विस्तार किया जा रहा है। इन कार्यों के पूर्ण होने से लगभग 926 अतिरिक्त बंदियों की क्षमता सृजित होगी। इसके अलावा उत्तरकाशी, बागेश्वर और रुद्रप्रयाग में भी नई जेलों के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जेलों में भीड़ कम करने के लिए डी-कंजेशन नीति के तहत कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-479 के तहत पात्र विचाराधीन बंदियों को निजी मुचलके पर रिहा किया जा रहा है।

# उत्कृष्ट शिक्षा की दिशा में उत्तराखंड का दमदार प्रदर्शन



- विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. रावत के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जारी पीजीआई रैंकिंग में हासिल किया 15वां स्थान
- उत्तराखंड को प्रचेष्टा-3 श्रेणी में उत्कृष्ट राज्यों के साथ मिली जगह

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में उत्तराखंड ने राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। भारत सरकार द्वारा जारी वर्ष 2024-25 की परफारमेंस ग्रेडिंग इंडेक्स-2.0 (पीजीआई) रिपोर्ट में राज्य ने विभिन्न सूचकांकों में कुल 584.5 अंक प्राप्त कर देशभर में 15वां स्थान हासिल किया है। जबकि पिछले वर्ष उत्तराखंड पीजीआई रैंकिंग में 24वें स्थान पर था। इसके अलावा राज्य ने अपनी श्रेणी में जबदस्त सुधार करते हुये 'आकांक्षी-1' से 'प्रचेष्टा-3' श्रेणी में उत्कृष्ट राज्यों के साथ मजबूत उपस्थित दर्ज की है।

सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विद्यालयी शिक्षा में किये जा रहे सुधार अब धरातल पर नजर आने लगे हैं। डॉ. रावत ने कहा कि इस वर्ष राज्य ने पीजीआई रैंकिंग में 15वां स्थान हासिल किया है जबकि विगत वर्ष राज्य का स्थान 24वां था। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किये गये व्यापक सुधारों के चलते राज्य ने पीजीआई रैंकिंग के मुख्य रूप से 6 डोमिन व 72 सूचकांकों में कुल 584.5 अंक अर्जित किये जो विगत वर्ष की तुलना में 58.2 अंक अधिक है। डॉ. रावत ने कहा कि गवर्नेंस प्रोसेसेज, समानता एवं समावेशन, पहुंच तथा शिक्षक प्रशिक्षण जैसे क्षेत्रों में राज्य ने बेहतर प्रदर्शन किया है। विशेष कर समानता एवं समावेशन क्षेत्र में राज्य ने 260 में से 222.2 अंक प्राप्त कर समावेशी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया। वहीं गवर्नेंस प्रोसेसेज में 78.5 अंक प्राप्त होना प्रशासनिक दक्षता और मजबूत मॉनिटरिंग व्यवस्था को दर्शाता है। इसी प्रकार पहुंच क्षेत्र में राज्य ने 80 में 64.7 अंक प्राप्त किये जो विद्यालयों की उपलब्धता, नामांकन तथा विद्यार्थियों की पहुंच में जबरदस्त सुधार को दिखाता है। आधारभूत संरचना क्षेत्र में राज्य को 84.9, शिक्षक शिक्षा एवं प्रशिक्षण क्षेत्र में 66.8 तथा लर्निंग आउटकम्स क्षेत्र में राज्य ने 67.4 अंक अर्जित किये।

# चंपावत प्रकरण में षड्यंत्रकारी भूमिका मे रही कांग्रेस: दीप्ति रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने चम्पावत प्रकरण को लेकर कांग्रेस पर मुख्य षड्यंत्रकारी भूमिका का निर्वहन करने का आरोप लगाया है।



- कहा, महिला के नाते कांग्रेस प्रभारी महिला विरोधी कृत्यों पर अपने प्रदेश नेतृत्व से मंगवाए माफी
- भाजपा प्रदेश महामंत्री ने प्रेसवार्ता में बोला कांग्रेस पर हमला

प्रदेश मुख्यालय में शुक्रवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत ने कहा कि बदला लेने की सुनियोजित साजिश के तहत अंजाम दी गई निराधार घटना की आड़ में कांग्रेस, भाजपा संगठन और सरकार की छवि खराब करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कांग्रेस प्रदेश प्रभारी को भी चुनौती देते हुए कहा कि महिला होने के नाते उन्हें अपने प्रदेश संगठन के महिला विरोधी कृत्यों को संज्ञान में लेते हुए उनसे माफी मंगवानी चाहिए।

उन्होंने चंपावत में 5 मई को सामने आए कथित दुष्कर्म प्रकरण को लेकर कहा कि कांग्रेस बहुत गैरजिम्मेदाराना, असंवेदनशील और शर्मनाक व्यवहार कर रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस की शुरुआती जांच और प्रभावित बेटी के बयानों से अब शीशे की तरह साफ हो गया है कि पूरे मामले को बदले लेने की सुनियोजित साजिश के तहत अंजाम दिया गया है। जिसका राजनैतिक लाभ उठाने के लिए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल और उनकी पार्टी नेताओं द्वारा भाजपा संगठन और सरकार की छवि खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। क्योंकि इस पूरे घटनाक्रम के पीछे जिस व्यक्ति का नाम सामने आ रहा है वह आनंद मेहरा कांग्रेस नेता है, जो लगातार अपने बयान बदल रहा है। जिस तरह वह अब प्रभावित बेटी पर ही आरोप लगा रहा हैं, वह साफ संकेत है कि चुनाव लड़ने की राजनैतिक महत्वाकांक्षा के चलते यह सब षडयंत्र अंजाम दिया गया था। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव की तैयारी कर रहे आनंद मेहरा को बिना तथ्यों के आरोप प्रत्यारोप के बजाय सकारात्मक राजनीति करनी चाहिए दीप्ति रावत ने इस पूरे प्रकरण में दुष्प्रचार और झूठ फैलाने की भूमिका के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी और उनके प्रदेश अध्यक्ष से सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की। वहीं राज्य में मौजूद कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी को महिलाओं से जुड़े संवेदनशील मुद्दों पर अपने प्रदेश अध्यक्ष और संगठन से झूठ और साजिश की राजनीति करने पर निंदा करनी चाहिए। पत्रकार वार्ता में महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट, प्रदेश प्रवक्ता कमलेश रमन, महिला मोर्चा मीडिया प्रभारी डॉ. दिव्या नेगी और महिला मोर्चा प्रवक्ता लक्ष्मी अग्रवाल व राजेन्द्र नेगी मौजूद रहे।

### भाजपा संगठन और मुख्यमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र की छवि खराब करना कांग्रेस का मकसद

प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत ने कहा कि कांग्रेस का एकमात्र मकसद है, किसी भी तरह भाजपा संगठन और मुख्यमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र की छवि को खराब किया जाए। ऐसा नहीं है कि कांग्रेस या उनके नेताओं द्वारा इस तरह का नकारात्मक और षड्यंत्रकारी प्रयास पहली बार किया गया हो। फिलहाल राज्य की जनता सब देख रही है और 27 के चुनावों में भाजपा के साथ मिलकर इसका राजनैतिक जवाब, कांग्रेस का सूपड़ा साफ करके देगी

# सीएम ने केदारनाथ धाम में बीपीसीएल अस्पताल का किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को श्री केदारनाथ धाम में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड हॉस्पिटल का विधिवत लोकार्पण किया। यह अस्पताल स्वामी विवेकानन्द हेल्थ मिशन सोसाइटी द्वारा संचालित किया जाएगा।



- देवभूमि के शिखर पर स्वास्थ्य का नया अध्याय की भावना से संचालित होगा अस्पताल
- राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार एवं सुधारीकरण की दिशा में निरंतर कार्यरत: सीएम

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार श्री केदारनाथ धाम में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर एवं त्वरित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले इस उच्च हिमालयी क्षेत्र में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त अस्पताल का संचालन स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती प्रदान करेगा। यह अस्पताल यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों के लिए भी अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा श्री केदारनाथ धाम यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु स्वास्थ्य सेवाओं को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। यात्रा मार्ग पर चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ, स्वास्थ्य जांच केंद्रों, ऑक्सीजन सुविधाओं एवं आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।कार्यक्रम में उपस्थित विधायक केदारनाथ आशा नौटियाल ने कहा कि यह अस्पताल सेवा, समर्पण एवं जनकल्याण का उत्कृष्ट उदाहरण है।

इस अवसर पर भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संजय खन्ना, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह-सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल, अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी, विश्व हिंदू परिषद के संरक्षक दिनेश चंद्र, बद्री केदार मंदिर समिति अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी, बद्री केदार उपाध्यक्ष विजय कप्रवान, श्री केदार सभा के अध्यक्ष पं. राजकुमार तिवारी, ब्लॉक प्रमुख ऊखीमठ पंकज शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य अमित मेंखडी, महा मंत्री अकिंत सेमवाल, संजय तिवारी, , जिला पंचायत सदस्य सुबोध बगवाड़ी, केशव बहुगुणा, जिलाधिकारी विशाल मिश्रा, पुलिस अधीक्षक निहारिक तोमर, उप जिलाधिकारी कृष्णा त्रिपाठी, कर्नल अजय कोटियाल आदि उपस्थित रहे।

### बाबा केदार के दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना

इस दौरान मुख्यमंत्री ने बाबा केदार के दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना भी की। उन्होंने कहा कि श्री केदारनाथ धाम केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि सेवा एवं मानवता का भी प्रतीक है और इसी भावना के साथ सरकार देवभूमि में स्वास्थ्य एवं जनसुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में कार्य कर रही है।

# यूकेएसएसएससी ने जारी किया अपडेटेड कैलेंडर

- 14 भर्ती परीक्षाओं की तारीखें घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने वर्ष 2026 के लिए भर्ती परीक्षाओं का वार्षिक परीक्षा कैलेंडर जारी कर दिया है। आयोग द्वारा जारी इस कैलेंडर में कुल 14 अलग-अलग भर्ती परीक्षाओं की संभावित विज्ञापन तिथि और परीक्षा तिथियों की जानकारी दी गई है। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट ेब.ना.हवअ. पद पर जाकर या नीचे उपलब्ध सीधे लिंक पर जाकर पूरा परीक्षा कैलेंडर देख सकते हैं।

इस भर्ती अभियान के जरिए कुल 1830 रिक्त पदों को भरा जाएगा। भर्ती परीक्षाएं वाहन चालक, पशुधन प्रसार अधिकारी, सहायक लेखाकार, स्केलर, पर्सनल कई पदों के लिए आयोजित की जाएंगी।आयोग के अनुसार, वाहन चालक भर्ती परीक्षा 31 मई 2026 को आयोजित होगी, जबकि ग्रेजुएट लेवल री-एग्जाम 14 जून 2026 को कराया जाएगा। पशुधन प्रसार अधिकारी परीक्षा 12 जुलाई 2026 और सहायक लेखाकार परीक्षा 23 अगस्त 2026 को प्रस्तावित है। इसके अलावा जनरल इंटर लेवल भर्ती परीक्षा 4 अक्तूबर 2026 को आयोजित की जाएगी। इस भर्ती के माध्यम से जूनियर असिस्टेंट सहित कई पदों पर नियुक्तियां होंगी। वहीं अक्तूबर 2026 को प्रस्तावित की गई है। यूकेएसएसएससी ने स्केलर, फॉरेस्ट गार्ड, पुलिस कांस्टेबल, आईटीआई डिप्लोमा लेवल और विज्ञान वर्ग से संबंधित कई अन्य परीक्षाओं की संभावित तिथियां भी जारी की हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि यह एक अस्थायी कैलेंडर है और जरूरत पड़ने पर तिथियों में बदलाव किया जा सकता है। उम्मीदवार परीक्षा तिथियों के साथ-साथ नोटिफिकेशन जारी होने की संभावित तारीख भी कैलेंडर में देख सकते हैं।

### ऐसे डाउनलोड करें कैलेंडर

- सबसे पहले यूकेएसएसएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं।
- होमपेज पर दिए गए एग्ज़ाम कैलेंडर टैब पर क्लिक करें।
- इसके बाद परीक्षा कार्यक्रम (अपडेटेड एग्ज़ाम कैलेंडर) लिंक खोलें।
- स्क्रीन पर परीक्षा कैलेंडर की पीडीएफ खुल जाएगी।
- इसमें पोस्ट वाइज परीक्षा तिथि और नोटिफिकेशन डेट चेक करें।
- भविष्य के लिए पीडीएफ डाउनलोड या प्रिंट कर लें।

# मौसम की कड़ी परीक्षा के बीच अटूट आस्था, आंकड़ा चार लाख के पार

**रोहित डिमरी**

**रुद्रप्रयाग।** हिमालय की दुर्गम वादियों में बसे विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम में इन दिनों प्रकृति की कठिन परीक्षा और श्रद्धालुओं की अटूट आस्था एक साथ दिखाई दे रही है। लगातार बिगड़ते मौसम, बर्फबारी और बारिश के बावजूद बाबा केदार के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का उत्साह कम होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच भी भारी संख्या में श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन को पहुंच रहे हैं, जिससे आंकड़ा तेजी से चार लाख पार हो गया है।

- केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं का सैलाब
- खराब मौसम के बावजूद बाबा केदार के दर्शनों के लिए उमड़ रही भारी भीड़



पिछले एक सप्ताह से केदारनाथ धाम और पैदल यात्रा मार्ग पर मौसम हर पल करवट बदल रहा है। कभी तेज बारिश तो कभी अचानक बर्फबारी श्रद्धालुओं की यात्रा को चुनौतीपूर्ण बना रही है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ठंड लगातार बढ़ रही है, जिससे यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद देशभर से पहुंच रहे श्रद्धालुओं की आस्था अडिग बनी हुई है और हर दिन 25 हजार से अधिक यात्री टोकन सिस्टम के माध्यम से बाबा केदार के दर्शन कर रहे हैं।

यात्रा के दौरान मौसम की चुनौतियों को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क और अलर्ट मोड पर कार्य कर रहा है। यात्रा मार्ग पर सुरक्षा और सुविधाओं को और मजबूत किया गया है। प्रशासन द्वारा पैदल यात्रा मार्ग को विभिन्न सेक्टरों और सब-सेक्टरों में विभाजित कर प्रत्येक सेक्टर में सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सब-सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यात्रा मार्ग पर एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पुलिस, होमगार्ड और अन्य सुरक्षा बलों की अतिरिक्त तैनाती की गई है। लगातार गश्त और मॉनिटरिंग के माध्यम से यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। प्रशासन की टीमें यात्रा मार्ग पर लगातार सक्रिय हैं और मौसम से जुड़ी हर परिस्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने बताया कि लगातार बारिश और बर्फबारी के कारण चुनौतियां जरूर बढ़ी हैं, लेकिन जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। उन्होंने कहा कि केदारनाथ धाम और पैदल यात्रा मार्ग पर यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। यात्रा की हर पल निगरानी की जा रही है तथा सभी विभागों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। खराब मौसम के चलते कई यात्रियों की तबीयत भी प्रभावित हो रही है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग और आपदा प्रबंधन की टीमें लगातार सक्रिय हैं। गंभीर रूप से बीमार यात्रियों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है और प्रतिदिन दो से तीन यात्रियों को एयर एंबुलेंस के माध्यम से हायर सेंटर रेफर किया जा रहा है। धाम में स्वास्थ्य सुविधाओं को भी मजबूत किया गया है ताकि किसी भी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

श्रद्धालुओं को लंबी कतारों से राहत देने और दर्शन व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा टोकन सिस्टम लागू किया गया है। इस व्यवस्था के तहत प्रत्येक श्रद्धालु को लगभग एक घंटे के भीतर बाबा केदार के दर्शन कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रशासन का दावा है कि इस व्यवस्था से श्रद्धालुओं को काफी राहत मिली है और यात्रा अधिक सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी बनी है।

प्राकृतिक चुनौतियों के बीच जिस तरह श्रद्धालुओं की आस्था और प्रशासन की व्यवस्थाएं साथ-साथ आगे बढ़ रही हैं, वह केदारनाथ यात्रा को इस वर्ष और भी विशेष बना रही है। कठिन मौसम के बावजूद बाबा केदार के जयकारों से पूरी केदारपुरी गूंज रही है और हर श्रद्धालु के चेहरे पर दर्शन की अद्भुत संतुष्टि दिखाई दे रही है।

# अंतर्राष्ट्रीय ऑनलाइन सट्टा गिरोह का पर्दाफाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड को अपराध मुक्त बनाने के अभियान श्ऑपरेशन प्रहारश के तहत पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने आईपीएल मैचों पर ऑनलाइन सट्टेबाजी करने वाले एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह प्रतिबंधित श्महादेव एपश और श्रेडीबुक बैटिंग एपश के जरिए दुबई से संचालित नेटवर्क से जुड़ा हुआ था।

पुलिस मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों के क्रम में एसएसपी और एसएसपी एसटीएफ द्वारा गठित संयुक्त टीम ने गुरुवार रात बसंत विहार थाना क्षेत्र के ऋषि विहार कॉलोनी में एक फ्लैट पर छापेमारी की। यहाँ किराए के कमरे से ऑनलाइन सट्टा चला रहे पांच आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा गया।

### एसटीएफ का एक्शन

गिरफ्तार अभियुक्तों में सुनील शर्मा, संदीप गुप्ता, अकरंद शर्मा, अभिषेक शर्मा (चारों निवासी छत्तीसगढ़) और संदीप कुमार (निवासी बिहार) शामिल हैं।

पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि उनका मुख्य सरगना सुमित यादव है, जो दिल्ली-गुड़गांव से नेटवर्क ऑपरेट करता है। सुमित को सट्टे की आईडी और पासवर्ड सीधे दुबई से मिलते थे, जिसके बाद वह आगे ग्राहकों को यूजर आईडी बांटता था। जांच में यह भी सामने आया कि सुमित यादव महादेव एप के मालिक सौरभ चंद्राकर का करीबी है और भारत में इस एप पर प्रतिबंध लगने के बाद उसने रेडीबुक बैटिंग एप के जरिए अवैध काम जारी रखा।

पुलिस ने मौके से 3 लैपटॉप, 17 मोबाइल फोन, 22 एटीएम कार्ड और वाई-फाई उपकरण बरामद किए हैं।

# केदारनाथ यात्रा में पुलिस बनी श्रद्धालुओं का सहारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा के दौरान रुद्रप्रयाग पुलिस लगातार श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सहायता और सेवा में जुटी हुई है। इसी क्रम में पुलिस ने एक ओर जहां बैंगलुरु से आयी महिला श्रद्धालु का खोया बैग सकुशल बरामद कर लौटाया, वहीं दूसरी ओर कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही वृद्ध महिला श्रद्धालु को बाबा केदार के सुगम दर्शन कराकर मानवता और संवेदनशीलता का परिचय दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बैंगलुरु निवासी महिला श्रद्धालु श्रीमती उमा देवी का बैग गौरीकुंड से सोनप्रयाग के बीच कहीं गिर गया था। बैग में कीमती सामान एवं जरूरी दस्तावेज मौजूद होने के कारण वह बेहद परेशान हो गईं। महिला श्रद्धालु द्वारा इसकी सूचना कोतवाली सोनप्रयाग पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल सक्रिय हुई और खोजबीन शुरू कर अल्प समय में ही बैग को



■ ईमानदारी और मानवता की मिसाल की पेश

सकुशल बरामद कर लिया। इसके बाद पुलिस ने बैग महिला श्रद्धालु को सुरक्षित सुपुर्द किया। अपना खोया सामान वापस पाकर श्रद्धालु भावुक हो उठीं और रुद्रप्रयाग पुलिस की ईमानदारी, तत्परता एवं कर्तव्यनिष्ठा की जमकर सराहना की। वहीं दूसरी घटना में झारखंड के रांची से आये एक श्रद्धालु ने पुलिस से सहायता की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि उनकी वृद्ध माता कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं और बाबा केदार के दर्शन की तीव्र इच्छा लेकर धाम पहुंची हैं। भीड़ और स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए मुख्य आरक्षी मनोज मठपाल ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए वृद्ध महिला को विशेष सहायता प्रदान की तथा उन्हें बाबा केदार के सुगम दर्शन कराए। दर्शन के बाद परिजनों ने भावुक होकर पुलिस का आभार व्यक्त किया। रुद्रप्रयाग पुलिस की ये मानवीय पहल न केवल श्रद्धालुओं में सुरक्षा और विश्वास का भाव मजबूत कर रही है, बल्कि देवभूमि में सेवा, संवेदनशीलता और समर्पण की मिसाल भी पेश कर रही है।

## मित्र पुलिस ने बिछड़े परिवार को सुरक्षित मिलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा मार्ग पर रुद्रप्रयाग पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता एक बार फिर सामने आई, जब बिछड़े हुए परिवार को सुरक्षित मिलाकर पुलिस ने श्रद्धालुओं का भरोसा और मजबूत किया।

जानकारी के अनुसार, आठ मई को अपने परिवार के साथ केदारनाथ धाम यात्रा पर आए एक श्रद्धालु ने पुलिस को सूचना दी कि यात्रा के दौरान उनकी पत्नी और आठ वर्षीय पुत्र उनसे बिछड़ गए हैं। श्रद्धालु ने बताया कि उनकी पत्नी की मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं है, जिसके चलते उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता और बढ़ गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन तत्काल सक्रिय हो गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर उपनिरीक्षक राकेश कुमार के नेतृत्व में जंगलचट्टी पुलिस टीम ने तुरंत सर्च ऑपरेशन शुरू किया। यात्रा मार्ग के विभिन्न पड़ावों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों और संभावित स्थानों पर गहन तलाश अभियान चलाया गया। पुलिस टीम ने पूरी सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ लगातार खोजबीन जारी रखी।

कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस टीम को सफलता मिली और लगभग सायं साढ़े तीन बजे महिला एवं बच्चे को चीरबासा हेलीपैड के समीप सुरक्षित बरामद कर लिया गया। पुलिस ने महिला, बच्चे तथा उनके पास मौजूद समस्त सामान को सकुशल उनके पति के सुपुर्द कर दिया। अपने परिवार को सुरक्षित वापस पाकर श्रद्धालु



भावुक हो उठा और उसने अपर उपनिरीक्षक राकेश कुमार सहित पूरी पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। रुद्रप्रयाग पुलिस ने इस अवसर पर यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की है कि यात्रा के दौरान बच्चों, बुजुर्गों एवं विशेष देखभाल की आवश्यकता वाले परिजनों का विशेष ध्यान रखें। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर एक-दूसरे के संपर्क में रहें तथा किसी भी आपात स्थिति में तुरंत नजदीकी पुलिस चौकी या डायल 112 पर सूचना दें। केदारनाथ यात्रा के दौरान रुद्रप्रयाग पुलिस लगातार सुरक्षा, सहायता और मानवता की मिसाल पेश कर रही है, जिससे श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सहज यात्रा का अनुभव मिल रहा है।

# भीमबली पुलिस ने नदी में फंसे दो युवकों को सकुशल बचाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा के दौरान एक बार फिर रुद्रप्रयाग पुलिस की तत्परता और साहस देखने को मिला। भीमबली चौकी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नदी किनारे दुर्गम क्षेत्र में फंसे दो यात्रियों का सफल रेस्क्यू कर उनकी जान बचाई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आठ मई को कंट्रोल रूम के माध्यम से चौकी भीमबली पुलिस को सूचना मिली कि रामबाड़ा से ऊपर नदी क्षेत्र में दो युवक फंसे हुए हैं और बाहर निकल पाने में असमर्थ हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम बिना समय गंवाए मौके के लिए रवाना हुई। कठिन पहाड़ी परिस्थितियों और तेज बहाव के बीच पुलिस कर्मियों ने साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए दोनों युवकों तक पहुंच बनाई और सुरक्षित बाहर निकाला।

पूछताछ में युवकों ने अपना नाम राहुल गुप्ता (21 वर्ष) पुत्र चेतन गुप्ता तथा कुणाल शर्मा (20 वर्ष) पुत्र महेश चंद शर्मा निवासी अलीगढ़, उत्तर प्रदेश बताया। दोनों युवक बाबा केदार के दर्शन कर वापस लौट रहे थे। जल्द पहुंचने के

■ केदारनाथ यात्रा पर आए थे श्रद्धालु

प्रयास में उन्होंने निर्धारित पैदल मार्ग छोड़कर एक कथित शॉर्टकट रास्ता अपना लिया। कुछ दूरी नीचे उतरने के बाद वे खतरनाक चट्टानों और नदी के तेज बहाव के बीच फंस गए, जहां से निकलना उनके लिए असंभव हो गया।

समय रहते पुलिस टीम के पहुंचने से बड़ा हादसा टल गया। सुरक्षित रेस्क्यू के बाद दोनों युवकों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए रुद्रप्रयाग पुलिस का आभार जताया। साथ ही अन्य श्रद्धालुओं से अपील की कि यात्रा के दौरान कभी भी मुख्य मार्ग न छोड़ें और किसी भी अनजान शॉर्टकट का प्रयोग न करें, क्योंकि पहाड़ों में छोटी सी लापरवाही भी जानलेवा साबित हो सकती है।

रुद्रप्रयाग पुलिस ने भी श्रद्धालुओं से अपील की है कि केदारनाथ यात्रा के दौरान केवल निर्धारित मार्गों का ही प्रयोग करें तथा प्रशासन और पुलिस द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, ताकि यात्रा सुरक्षित और सुगम बनी रहे।

# 18 लाख की चोरी और जान से मारने की धमकी का आरोप

**श्रीनगर।** कीर्तिनगर कोतवाली क्षेत्रांतर्गत जाखणी गांव में पैसों की कथित चोरी, धांधली और जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है। मामले को लेकर पीड़िता ने कोतवाली कीर्तिनगर में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में जाखणी निवासी ऊषा रावत ने आरोप लगाया है कि उनके पुत्र ने घर के विभिन्न बैंक खातों से करीब 18 लाख रुपये निकाल लिए हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले में उनके पुत्र ने दो अन्य युवकों के नाम भी बताए हैं। आरोप है कि उक्त युवकों द्वारा उनके बेटे को धमकाकर चोरी करने के लिए मजबूर किया गया तथा जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़िता

■ कीर्तिनगर कोतवाली में शिकायत दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

ने अपने पुत्र तनिष्क के साथ ही सचिन खाती और दीपक रावत नामक दो युवकों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं। मामले को लेकर क्षेत्र में भी चर्चा का माहौल बना हुआ है। वहीं पुलिस प्रशासन का कहना है कि शिकायत को गंभीरता से लिया गया है और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। कीर्तिनगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय मिश्रा ने बताया कि शिकायत प्राप्त होने के बाद पुलिस द्वारा जांच शुरू कर दी है।

# आशा कार्यकत्रियों का कार्य सराहनीय: पायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद के जखोली विकासखंड में विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर आयोजित विधिक जागरूकता शिविर में मानवता, सेवा और विधिक अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रुद्रप्रयाग की अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश के मार्ग-दर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रुद्रप्रयाग पायल सिंह ने की। शिविर में बड़ी संख्या में आशा कार्यककत्रियों ने प्रतिभाग किया।

सचिव पायल सिंह ने कहा कि विश्व रेड क्रॉस दिवस प्रत्येक वर्ष रेड क्रॉस आंदोलन के संस्थापक हेनरी





■ जखोली में विश्व रेडक्रॉस दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

ड्यूनां की जयंती पर मनाया जाता है। रेड क्रॉस संस्था मानवता, सेवा, सहयोग और करुणा का प्रतीक है, जो प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं और महामारी जैसी परिस्थितियों में बिना किसी भेदभाव के जरूरतमंद लोगों की सहायता करती है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य पीड़ित एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना और सेवा भावना को बढ़ावा देना है।

शिविर में सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए गोल्डन ऑवर की महत्ता पर विशेष जानकारी दी गई। सचिव ने बताया कि दुर्घटना के बाद का पहला एक घंटा अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, जिसमें समय पर उपचार मिलने से घायल व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है।

उन्होंने निःशुल्क कानूनी सहायता, दुर्घटना पीड़ितों को मिलने वाले मुआवजे तथा संबंधित कानूनी प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने आशा कार्यकत्रियों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि वे स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों तक न्याय एवं कानूनी सहायता पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्त्रियाँ महिलाओं, बच्चों एवं पीड़ित व्यक्तियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभा सकती हैं।

## एक नजर .......

### वैज्ञानिक सोच बढ़ाने को लेकर अभिमुखीकरण कार्यशाला आयोजित

**श्रीनगर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चड़ीगांव में शुक्रवार को समग्र शिक्षा के अंतर्गत आईएफएफ फाउंडेशन द्वारा संचालित अभिमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। विद्यालयों में विज्ञान एवं तकनीक आधारित शिक्षण को बढ़ावा देना, विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना तथा शिक्षकों को नवीन शैक्षिक संसाधनों एवं डिजिटल माध्यमों से परिचित करने के उद्देश्य से हुई कार्यशाल में छात्रों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में विज्ञान समन्वयक शिवानी रावत ने बताया कि संस्था विद्यालयों में गतिविधि आधारित शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए कई नवाचारात्मक कार्यक्रम संचालित कर रही है। बताया गया कि जनपद के लगभग 40 चयनित विद्यालयों में विज्ञान एवं गणित शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने के लिए विशेष गतिविधियां संचालित की जाएंगी। डायट प्राचार्य स्वराज सिंह तोमर ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा को गतिविधि आधारित, प्रयोगात्मक एवं तकनीक-संपन्न बनाना अत्यंत आवश्यक है। कहा कि आईएफएफ फाउंडेशन की यह पहल विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, तार्किक क्षमता एवं नवाचार की भावना विकसित करने में सहायक सिद्ध होगी। कार्यक्रम में डॉ. डीएस लिंगवाल, जितेन्द्र राणा, डॉ. भारत भूषण परमार, डॉ. हरिशंकर डिमरी, डॉ. अरविन्द, डॉ. जगमोहन पुण्डीर, विमल ममगाईं, विनय किमोठी, शालिनी भट्ट सहित आदि मौजूद थे।

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**कोटद्वार।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार में शुक्रवार को विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर मानवता में एकजुट विषय पर विचार गोष्ठी एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर आरएस चौहान द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उन्होंने अपने आशीष वचनों में कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल ज्ञान अर्चित करना नहीं बल्कि मानवीय मूल्य एवं सेवा भावना का विकास करना भी है कार्यक्रम में रेडक्रॉस संयोजिका डॉ मीनाक्षी वर्मा ने विश्व रेडक्रॉस दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रेडक्रॉस मानव सेवा, सहयोग एवं करुणा का प्रतीक है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को समाज सेवा एवं मानवता के कार्यों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया। विचार गोष्ठी में छात्र-छात्राओं ने मानवता में एकजुट विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सेवा, सहयोग एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के महत्व को बताया। निबंध प्रतियोगिता में भी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया । विचार गोष्टी में ज्योति कश्यप तृतीय स्थान, सुशांत सिंह द्वितीय स्थान तथा सुरभि बुडाकोटी प्रथम स्थान पर रही। निबंध प्रतियोगिता में पूजा भारद्वाज एवं ज्योति कश्यप तृतीय स्थान, प्रगति एवं ऋषभ शाह द्वितीय स्थान एवं सुरभि बुढ़ाकोटी प्रथम स्थान पर रहे। निर्णायक मंडल में डॉ जुनीष कुमार, डॉ संदीप कुमार, डॉ श्रृद्धा सिंह, डॉ विमल त्यागी, डॉ निकहत अंसारी, डॉ मिलन सिंह सम्मिलित थे।

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

**लैंसडाउन।** भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जयहरीखाल की रेडक्रॉस इकाई के तत्वावधान में शुक्रवार को विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मानवता में एकजुट विषय पर आधारित इस संगोष्ठी का आगा प्राचार्य प्रोफेसर एलआर राजवंशी के संबोधन और मानवता की सेवा के संकल्प के साथ हुआ। संबोधन में प्राचार्य डॉ एलआर राजवंशी ने छात्र-छात्राओं को रेडक्रॉस के सिद्धांतों और उसके संस्थापक हेनरी ड्यूनेंट के पदचिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया। रेड क्रॉस इकाई की संयोजक डॉ मानसी वत्स ने कहा कि आज के दौर में जब दुनिया अनेक चुनौतियों से जूझ रही है, तब श्मानवता में एकजुटताश् का विचार सबसे अधिक प्रासंगिक है। डॉ एसए अंसारी ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों को न केवल शैक्षिक क्षेत्र में उत्कृष्ट बनना है, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सेवा और करुणा का भाव भी जागृत रखना है। ष्वाणिज्य विभाग में आयोजित इस संगोष्ठी में अन्य वक्ताओं ने रेडक्रॉस के सात मूल सिद्धांतों मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वतंत्रता, स्वैच्छिक सेवा, एकता और सार्वभौमिकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर छात्रा साक्षी, हिमानी और नेहा ने अपने विचार रखे।

# उत्तराखंड औद्यानिक परिषद ने सब्जी विपणन का आईटीबीपी से किया अनुबंध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** उत्तराखंड के सीमांत जनपद के काश्तकारों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से उत्तराखण्ड औद्यानिक परिषद की ओर से महत्वपूर्ण पहल की गई है। परिषद की ओर से भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) के साथ एक अनुबंध किया गया है। समझौते के अनुसार अब स्थानीय काश्तकार अपने खेतों में उगने वाली सब्जियों का विपणन सीधा आईटीपीबी को कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य के काश्तकारों की आय बढाने को लेकर योजनाबद्ध रूप से कार्य किया जा रहा है। जिसे लेकर उत्तराखण्ड औद्यानिक परिषद की ओर से काश्तकारों की आय को बढाने की मंशा से बीती 01 अप्रैल 2026 को स्थानीय काश्तकारों से



उत्तराखण्ड औद्यानिक परिषद की ओर से किए गए अनुबंध के तहत जोशमीठ के बड़ागांव के काश्तकारों के समूह से सब्जी के विपणन व्यवस्था का शुभारंभ किया गया है। अनुबंध के अनुसार क्षेत्र के कृषक संगठनों को सब्जी के विपणन की व्यवस्था से जोड़ा गया। जो काश्तकारों की आय में बढोत्तरी में सहायक सिद्ध होगा।

**सोमेश भंडारी, ज्येष्ठ उद्यान निरीक्षक, ज्योतिर्मठ, चमोली।**

सब्जी क्रय करने हेतु अनुबंध किया गया है।

शुक्रवार को ज्योतिर्मठ के बड़ागांव के भद्रेश्वर कृषक उत्पादक संगठन द्वारा सब्जी विपणन के साथ जनपद में योजना का संचालन शुरु कर दिया गया है।

उपजिलाधिकारी चंद्रशेखर वशिष्ठ ने योजना के तहत सब्जी की पहली खेप ले जा रहे वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। काश्तकारों की ओर से अनुबंध के तहत पहली खेप में 50 किलोग्राम मटर, 8 किलोग्राम लहसुन, 50 किलोग्राम राई, 5 किलोग्राम धनिया और 5 किलोग्राम चुकन्दर की सप्लाई की है। जिससे काश्तकारों की 9 हजार की आय प्राप्त हुई है।

**क्या कहते हैं काश्तकार**

स्थानीय काश्तकार मोहन सिंह कम्दी, सुखदेव सिंह का कहना है कि राज्य सरकार की ओर से किया गया यह अनुबंध स्थानीय काश्तकारों की आय को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगा। अब काश्तकारों अपने उत्पादों के विपणन के लिए बाजारों नहीं भटकना पड़ेगा।

# भाजपा संगठन की छवि धूमिल करने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** भाजपा जिलाध्यक्ष भारत भूषण भट्ट ने कांग्रेस पार्टी पर राजनीतिक हताशा में षड्यंत्र रचने और भाजपा संगठन की छवि धूमिल करने का आरोप लगाया है। जारी बयान में उन्होंने कहा कि चम्पावत की हालिया घटना कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति का शर्मनाक उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि पुलिस की शुरुआती जांच में यह स्पष्ट हो गया है कि भाजपा कार्यकर्ता को एक झूठे और फर्जी प्रकरण में फंसाने का प्रयास किया गया। इसके बावजूद कांग्रेस पार्टी और विशेष रूप से उसके प्रदेश नेतृत्व ने बिना किसी जांच और ठोस तथ्यों के भाजपा कार्यकर्ता तथा पार्टी को बदनाम करने का प्रयास किया।

भारत भूषण भट्ट ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के निर्देश पर विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शन कर झूठा और बेबुनियाद अफवाह फैलाया गया, ताकि भाजपा संगठन और मुख्यमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र की छवि को नुकसान पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा इस प्रकार की साजिशें पहली बार नहीं की गई हैं, बल्कि पिछले चार महीनों में यह तीसरी बड़ी घटना है, जिसमें भाजपा सरकार और संगठन की छवि खराब करने का प्रयास किया गया।

# ब्लूमिंग वेल पब्लिक स्कूल में स्काउट व गाइड शिविर का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** कोटद्वार में शिक्षा के क्षेत्र में अलग पहचान बना चुके ख्याति प्राप्त स्कूल ब्लूमिंग वेल पब्लिक स्कूल में जहाँ एक और उच्च स्तरीय तथा उच्च कोटि की शिक्षा प्रदान की जाती है, वहीं छात्र छात्राओं को भविष्य में होनहार वैज्ञानिक, सैन्य अधिकारी तथा आदर्श नागरिक बनाने के लिए शिक्षण सहगामी क्रियाओं का नियमित आयोजन होता है। इसी क्रम में विद्यालय में स्काउट तथा गाइड शिविर का शानदार सत्र आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन 2 मई, 2026 से 7 मई 2026 तक किया गया, जिसमें कक्षा 6 से 10 तक के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। छह दिनों तक चले इस विशेष प्रशिक्षण शिविर में विद्यार्थियों को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता ,आत्मनिर्भता, टीमभावना तथा सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे जीवनपयोगी गुणों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिदिन ध्वजारोहण, सरस्वती वंदना, प्रार्थना एवं ध्वज गीत के साथ किया गया। तत्पश्चात छात्रों को विभिन्न प्रकार की गांठें बांधने, तंबू निर्माण व उससे संबंधित विभिन्न प्रकार के उपकरण बनाना, शारीरिक व मानसिक खेल, विभिन्न प्रकार के स्ट्रेचरों का निर्माण, प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स बनाना, चिन्हों की पहचान व संकेतों से अवगत करवाया गया।

# चारधाम यात्रा में नशा तस्करों पर पुलिस का बड़ा प्रहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** चारधाम यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए उत्तरकाशी पुलिस लगातार सघन चेकिंग अभियान चला रही है। पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमलेश उपाध्याय के निर्देशन में नशा तस्करों के खिलाफ "जीरो टॉलरेंस" नीति के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कोतवाली बड़कोट पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 678 ग्राम अवैध चरस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।

प्रभारी निरीक्षक बड़कोट सुभाष चन्द्र के नेतृत्व में गुरुवार

■ 678 ग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार यात्रा मार्गों पर सघन चेकिंग जारी

रात्रि नगाण गांव बस स्टॉप के पास चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस ने संदिग्ध युवक सूरजमणी (25 वर्ष) निवासी कुठार रानाचट्टी, बड़कोट को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 678 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1.3 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली बड़कोट में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। न्यायालय में पेश करने के बाद आरोपी को जेल भेजा जा रहा है। साथ ही उसके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। इस कार्रवाई में अपर उपनिरीक्षक रघुवीर सिंह चौहान, हेड कांस्टेबल अनिल रावत, हेड कांस्टेबल सुरेश थपलियाल और कांस्टेबल चालक विपिन शर्मा शामिल रहे।

पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय ने बताया कि चारधाम यात्रा के दौरान यात्रा मार्गों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर विशेष नजर रखते हुए नशे के अवैध कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 में अब तक उत्तरकाशी पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के 15 मामलों में 17 तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान 8 किलो से अधिक चरस और करीब 18 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। इसके अलावा 4 तस्करों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई, जबकि अवैध अफीम खेती के मामलों में 31 भू-स्वामियों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए हैं।

# बेस अस्पताल श्रीनगर में पहली बार शुरू हुई कैथ लैब सेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के बेस अस्पताल में स्थापित अत्याधुनिक कार्डियो कैथ लैब में पहली बार हृदय रोगियों का सफल उपचार शुरू हो गया है। शुक्रवार को कैथ लैब में तीन मरीजों की सफल एंजियोप्लास्टी तथा एक मरीज को पेसमेकर लगाया गया। सभी मरीजों का उपचार आयुष्मान योजना के तहत पूरी तरह निशुल्क किया गया। दून अस्पताल से पहुंचे वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अमर उपाध्याय ने शनिवार को बेस अस्पताल में कार्डियो ओपीडी का संचालन किया। इस दौरान 30 से अधिक हृदय रोगियों की जांच की



■ चार गंभीर हृदय रोगियों के सफल ऑपरेशन

गई। मरीजों का इको, टीएमटी सहित अन्य आवश्यक परीक्षण किए गए तथा दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। गौरतलब है कि 3 मई को प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने अधिकारियों की बैठक में श्रीनगर बेस अस्पताल में कैथ

बेस अस्पताल में कैथ लैब सेवा शुरू होना पूरे गढ़वाल क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। यहां अब हृदय रोगियों को ओपीडी से लेकर एंजियोप्लास्टी और पेसमेकर जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। भविष्य में इस सेवा का और अधिक विस्तार किया जाएगा, ताकि गढ़वाल क्षेत्र के लोगों के साथ-साथ चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों को भी समय पर बेहतर हृदय चिकित्सा सुविधा मिल सके।

**आशुतोष सयाना, प्राचार्य, मेडिकल कॉलेज श्रीनगर।**

लैब को जल्द संचालित करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कीं और शुक्रवार से कैथ लैब में हृदय रोगियों का इलाज शुरू हो गया। कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अमर उपाध्याय ने बताया कि पहले ही दिन तीन मरीजों की एंजियोप्लास्टी और एक मरीज को पेसमेकर लगाया गया। सभी मरीजों का उपचार आयुष्मान कार्ड के माध्यम से निशुल्क किया गया। कहा कि अब गढ़वाल क्षेत्र के हृदय रोगियों को स्थानीय स्तर पर आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी, जिससे समय और आर्थिक बोझ दोनों कम होंगे।

# प्रशासन ने 30 पशुपालकों को 16 लाख 52 हजार की सहायता राशि की प्रदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** जनपद चमोली के गौणा गांव के भनाली तोक में आकाशीय बिजली गिरने से मारी गई बकरियों के स्वामियों को जिला प्रशासन ने राहत राशि वितरित की। शुक्रवार को राज्य सभा सांसद और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और उप जिलाधिकारी राजकुमार पांडे ने पशुपालकों को राहत राशि के चौक प्रदान किए गए।

गौरतलब है कि बीती 4 मई को जनपद के गौणा गांव के भनाली तोक में आकाशीय बिजली गिरने से 30 पशुपालकों की 413 बकरियां मर गई थी। जिस पर जिलाधिकारी गौरव कुमार के निर्देश पर वन विभाग और



तहसील प्रशासन की टीम की ओर से घटना की जांच कर रिपोर्ट प्रशासन को सौंपी गई।

जिसके आधार पर जिला प्रशासन की ओर से 30 पशुपालकों को 16 लाख 52 हजार की राहत राशि चौक के माध्यम से वितरित की गई। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ,गजेंद्र रावत,तहसीलदार दिप्ती शिखा, हुकम सिंह, राकेश सिंह, बादर सिंह, सुनील सिंह, प्रकाश सिंह,मदन लाल, देवी लाल सहित अन्य आपदा प्रभावित भी मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री ने दी विकास योजनाओं के लिए 1096 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा राज्य की विभिन्न विकास योजनाओं के साथ ही शिक्षा, पर्यटन, शहरी एवं ग्रामीण निकायों तथा कुम्भ मेला-2027 से संबंधित महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई हैं।



■ शिक्षा, पर्यटन, शहरी एवं ग्रामीण निकायों तथा कुम्भ मेला-2027 से संबंधित महत्वपूर्ण योजनाओं के कामों को मिलेगी तेजी

मुख्यमंत्री द्वारा राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र कालाढूंगी में कोटाबाग के पतलिया स्थित गुरूणी नाले पर पुल निर्माण के लिए

9.43 करोड़ तथा विकासखण्ड रामगढ़ में मोहन बाजार मुक्तेश्वर में कार पार्किंग के निर्माण कार्य के लिए 9.89 करोड़ की स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त में 3.95 करोड़ स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री द्वारा छठवें राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत समस्त शहरी स्थानीय निकायों को वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम त्रैमासिक किश्त (अप्रैल से जून) के लिए 328.27 करोड़ तथा तीन गैर निर्वाचित निकायों को प्रथम छमाही किश्त (अप्रैल से सितम्बर) के लिए 3 करोड़, कुल 331.27 करोड़ की धनराशि अवमुक्त किये जाने के साथ ही त्रिस्तरीय पंचायतीराज संस्थाओं को वित्तीय वर्ष 2026-27 में जिला पंचायतों को प्रथम त्रैमासिक किश्त (अप्रैल से जून) हेतु 82.20 करोड़, क्षेत्र पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों को प्रथम छमाही किश्त (अप्रैल से सितंबर) के लिए क्रमशः 75.46 करोड़ एवं 194.61 करोड़ कुल 352.27 करोड़ स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा प्रारम्भिक शिक्षा के अन्तर्गत अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के कार्मिकों के वेतन भुगतान के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्राविधानित धनराशि 160 करोड के सापेक्ष प्रथम किश्त में 80 करोड़ तथा माध्यमिक शिक्षा के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रथम छः माह (अप्रैल से सितम्बर, 2026) के लिए प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष प्रथम 50 प्रतिशत धनराशि 300 करोड की धनराशि अवमुक्त किए जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा शहरी विकास विभाग के अन्तर्गत कुम्भ मेला-2027 की तैयारियों के लिए स्थायी प्रकृति के तीन महत्वपूर्ण कार्यो, हरिद्वार में शंकराचार्य चौक, देवपुरा चौक, चन्द्राचार्य चौक एवं आर्यनगर चौक के आन्तरिक मार्गों एवं बैरियर से गुगाल मंदिर की ओर मार्ग का बीसी द्वारा नवीनीकरण कार्य के लिए 6.44 करोड, रानीपुर मोड़, शंकर आश्रम, शिव मूर्ति चौक और झंडा चौक का जंक्शन सुधार एवं सौंदर्यीकरण के लिए 6.83 करोड तथा कुम्भ मेला-2027 के तहत व्यापक रखरखाव के साथ डीजल संचालित सेल्फ प्रोपेल्ड वैक्यूम आधारित ईवी रोड स्वीपिंग मशीनों की आपूर्ति और कमीशनिंग के लिए ₹5.95 करोड की धनराशि अवमुक्त किए जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

## चमधार में निर्माण कार्य से चारधाम यात्रियों की बढ़ी परेशानी

**श्रीनगर।** चारधाम यात्रा के दौरान ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर चमधार में चल रहे निर्माण एवं भूस्खलन रोकथाम कार्य यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। सुरक्षा कारणों से प्रशासन द्वारा वाहनों की आवाजाही को बार-बार रोके जाने के चलते राष्ट्रीय राजमार्ग पर लंबा जाम लग रहा है, जिससे यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। चमधार भूस्खलन प्रभावित जोन होने के चलते यहां खतरा बना रहता है। यहां पहाड़ी से लगातार पत्थर गिरने और मलबा आने की आशंका बनी रहती है। इसी को देखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा पहाड़ी सुरक्षा एवं भूस्खलन रोकथाम के कार्य किए जा रहे हैं। कार्य के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से लगभग 15 से 20 मिनट तक वाहनों को रोका जा रहा है। इसके बाद एक साथ वाहनों को छोड़ा जा रहा है, लेकिन वाहनों का दबाव अधिक होने के कारण कुछ ही देर में सड़क के दोनों ओर लंबी कतारें लग जा रही हैं। चारधाम यात्रा सीजन शुरू होने के बाद इन दिनों बदरीनाथ धाम की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है।

# सीएम ने जिला अस्पताल पिथौरागढ़ पहुंचकर मरीजों का जाना हालचाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पिथौरागढ़।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिथौरागढ़ भ्रमण कार्यक्रम के समापन उपरांत पिथौरागढ़ के जिला अस्पताल बी डी पाण्डेय पहुंचकर इमरजेंसी एवं चिल्ड्रन वार्ड का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर मरीजों का हालचाल जाना तथा उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा अधिकारियों को मरीजों को बेहतर उपचार एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है और किसी भी मरीज को



■ बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का दिया भरोसा

उपचार के अभाव में परेशानी नहीं होने दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री धामी ने मरीजों के परिजनों को आश्वस्त करते हुए कहा कि यदि किसी भी प्रकार की समस्या या दिक्कत आती है तो वे अपनी बात जिलाधिकारी आशीष भटगाई के माध्यम से सीधे उन तक पहुंचा सकते हैं।

मुख्यमंत्री के इस आत्मीय व्यवहार एवं संवेदनशीलता से अस्पताल में मौजूद मरीजों एवं उनके परिजनों में भरोसा और उत्साह देखने को मिला।

## निर्धारित समयसीमा में परियोजनाओं को किया जाए पूर्णः मुख्य सचिव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

■ सीएस ने की स्टेट प्रगति के तहत विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने शुक्रवार को सचिवालय स्थित अपने सभागार में विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने प्रगति की तर्ज पर प्रदेश की महत्त्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा के लिए स्टेट प्रगति शुरू किया है। उन्होंने कहा कि स्टेट प्रगति के तहत महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं की नियमित रूप से समीक्षा की जाएगी, ताकि परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा पर पूर्ण किया जा सके। मुख्य सचिव ने परियोजनाओं को तय समयसीमा में अंतर्गत पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने नैनीताल में एसटीपी, ट्रंक सीवर से संबंधित कार्यों सहित सीवरेज प्रणाली निर्माण कार्य, जो भूस्खलन के कारण बाधित है, के लिए चिह्नित नई भूमि के लिए संबंधित विभाग से शीघ्र एनओसी लेकर नई टाईमलाईन जारी की जाएं। उन्होंने परियोजना का टाईमलाईन के अनुसार लगातार मॉनिटरिंग करते हुए समय से कार्य पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि हल्द्वानी-काठगोदाम जल आपूर्ति योजना के तहत जल स्रोत क्षमता विकास का कार्य में वनभूमि हस्तांतरण आदि के कार्य को लगातार फॉलोअप कर निस्तारित किया जाए। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुन्दरम, सचिव रणवीर सिंह चौहान एवं अपर सचिव श अभिषेक रोहिला सहित सम्बन्धित जनपदों से सम्बन्धित विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# सीएचसी रायपुर व प्रेमनगर में शुरू हुई कार्डियक ओपीडी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं को गांव और कस्बों तक पहुंचाने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रभावी कदम उठा रहा है। राजधानी देहरादून में जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त पहल से अब हृदय रोग के मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही विशेषज्ञ परामर्श और जांच की सुविधा मिलने लगी है। इससे दूर-दराज और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों को दून और कोरोनेशन अस्पताल के बार-बार चक्कर लगाने से राहत मिलेगी।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रेमनगर और रायपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ हृदय रोग ओपीडी शुरू की गई है, जहां मरीजों को



■ ग्रामीण मरीजों को मिली बड़ी राहत, मात्र 150 रुपए में ईसीजी जांच, मरीजों को सस्ती और सुलभ सुविधा

कार्डियोलॉजिस्ट की सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। साथ ही मात्र 150 रुपये शुल्क पर ईसीजी (इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम) जांच की सुविधा भी दी जा रही है। दोनों केंद्रों में अब तक 35 से अधिक मरीज ईसीजी जांच का लाभ उठा चुके हैं।प्रेमनगर सीएचसी में प्रत्येक बुधवार तथा रायपुर सीएचसी में प्रत्येक शुक्रवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक हृदय रोग विशेषज्ञ मरीजों की जांच और परामर्श दे रहे हैं। इस व्यवस्था से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को राहत मिल रही है, बल्कि दून अस्पताल और कोरोनेशन अस्पताल पर बढ़ते मरीजों के दबाव को कम करने में भी मदद मिलेगी। पछवादून और परवादून क्षेत्र के लोगों के लिए यह सुविधा किसी बड़ी राहत से कम नहीं है। अब उन्हें हृदय संबंधी परामर्श और उपचार के लिए शहर के बड़े अस्पतालों तक नहीं जाना पड़ रहा है। अपनी माताजी के इलाज को पहुंचे जोगीवाला निवासी नीरज प्रसाद डबराल ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गरीब और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए यह व्यवस्था बेहद लाभकारी साबित हो रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी मनोज शर्मा ने बताया कि वेलमेड अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञों के सहयोग से प्रेमनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अब तक तीन सफल ओपीडी संचालित की जा चुकी हैं। वहीं रायपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. नीलेश चंद्र पांडे ने बताया कि यहां भी लगातार तीन ओपीडी सफलतापूर्वक संचालित हुई हैं।

### एक नजर .......

## उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों की उपेक्षा बर्दाश्त नहींः कांग्रेस




**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में धीरेन्द्र प्रताप ने कहा कि उत्तराखंड राज्य आंदोलन केवल अलग राज्य की मांग नहीं, बल्कि पहाड़ की अस्मिता, युवाओं के भविष्य और महिलाओं के संघर्ष का आंदोलन था। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य निर्माण की मूल भावना स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार की अनदेखी हो रही है, जबकि शराब और खनन माफिया को संरक्षण मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के लंबित मामलों के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन किया जाना चाहिए। साथ ही आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण की प्रक्रिया जल्द पूरी कर उन्हें सम्मानजनक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. प्रतिमा सिंह ने चंपावत सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पुलिस सत्ता के दबाव में काम कर रही है और पॉक्सो एक्ट के तहत गोपनीय रहने वाले पीड़िता के बयान सार्वजनिक कर कानून का उल्लंघन किया गया है।उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष से जुड़े आरोपी खुद को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं, जिससे प्रदेश में कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।पत्रकार वार्ता में अजय सिंह, महेश जोशी, हरेंद्र सिंह बाबा और देवेंद्र सिंह सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

## जुआ खेलते दो गिरफ्तार, नकदी और स्कूटी बरामद

**देहरादून।** राजधानी में अपराधियों और अवैध गतिविधियों के खिलाफ दून पुलिस का 'ऑपरेशन प्रहार' पूरी रफ्तार से जारी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कड़े निर्देशों के बाद कोतवाली डोईवाला पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे दो अभियुक्तों को दबोचने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने मौके से नकदी के साथ ही एक स्कूटी भी सीज की है। एसएसपी देहरादून द्वारा जनपद में आपराधिक गतिविधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में 7 मई को डोईवाला पुलिस ने सुसवा नदी के पास ग्राम खैरी में छापेमारी की। यहाँ दो व्यक्ति ताश के पत्तों पर हार-जीत की बाजी लगा रहे थे, जिन्हें पुलिस टीम ने घेराबंदी कर रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान मोहन सिंह (43 वर्ष) पुत्र स्व. प्रेम सिंह, निवासी दूधली, क्लेमनटाऊन और केशव राम (55 वर्ष) पुत्र स्व. हरिराम, निवासी सत्तीवाला, डोईवाला के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से 5200 रुपये की नगदी और ताश की गड्डी बरामद की।

# जोशी ने किया असम के हाथीकुली चाय बागान का अवलोकन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने अपने असम भ्रमण के दौरान शुक्रवार को असम के हाथीकुली चाय बागान का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने चाय बागानों में कार्यरत महिला श्रमिकों के साथ संवाद किया तथा स्वयं ताजी चाय की पत्तियां तोड़कर उन्हें पारंपरिक टोकरी में एकत्रित किया।



■ कृषि मंत्री ने चाय बागान में महिला श्रमिकों के साथ चाय की पत्तियां तोड़कर उन्हें पारंपरिक टोकरी में एकत्रित

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने असमिया चाय को राज्य की आत्मा बताते हुए चाय बागान से जुड़े परिवारों के कठिन परिश्रम और योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि असम की चाय उद्योग से जुड़ी परंपराएं, उत्पादन प्रणाली और श्रमिकों का समर्पण पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

भ्रमण के दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी ने हाथीकुली स्थित चाय फैक्ट्री का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने चाय की उत्पादन क्षमता, प्रसंस्करण एवं विपणन प्रणाली की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने फैक्ट्री में अपनाई जा रही आधुनिक तकनीकों और गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाओं का अवलोकन करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड में भी चाय उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए असम के अनुभवों एवं पद्धतियों का अध्ययन कर उन्हें लागू करने का प्रयास किया जाएगा।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि वर्तमान में उत्तराखण्ड में 1592 हेक्टेयर क्षेत्रफल में चाय बागानों का विकास एवं रखरखाव किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत लगभग 7.00 लाख किलोग्राम हरी चाय पत्तियों का उत्पादन कर 1.44 लाख किलोग्राम प्रसंस्कृत चाय का उत्पादन एवं बिक्री की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में चाय उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ-साथ टी-टूरिज्म को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए चाय बागान घोड़ाखाल, चम्पावत एवं कौसानी में टी-टूरिज्म योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि चाय बोर्ड के अन्तर्गत राज्य में वर्तमान में 05 चाय फैक्ट्रियां संचालित की जा रही हैं। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने, स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने एवं उत्तराखण्ड की चाय को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

इस अवसर सल्ट विधायक महेश जीना, कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल, कृषि सचिव डा एसएन पांडेय, चाय निदेशक महेन्द्र पाल, मैनेजर मित्राभानु दास सहित अन्य चाय उत्पादक लोग उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक स्व. शेर सिंह दानू के गांव में आज भी सड़क नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली।** उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में आज भी कई गांव सड़क सुविधा से वंचित हैं। ऐसे में बीमारी या आपात स्थिति के दौरान मरीजों को अस्पताल पहुंचाने की जिम्मेदारी ग्रामीणों को खुद उठानी पड़ती है। चमोली जनपद के देवाल विकासखंड के दूरस्थ पिनाऊ गांव में एक बार फिर ऐसी ही तस्वीर सामने आई है, जहां ग्रामीणों ने बीमार बुजुर्ग को खुद के संसाधनों से बनाए गए स्टेचर पर कंधों में उठाकर कई किलोमीटर पैदल चलकर अस्पताल पहुंचाया।

■ ग्रामीणों ने स्टेचर बनाकर मरीज को पहुंचाया अस्पताल

दरअसल, पिनाऊ गांव निवासी पूर्व सैनिक केसर सिंह, उम्र करीब 65 वर्ष, की अचानक तबीयत बिगड़ गई। गांव तक सड़क सुविधा न होने के कारण एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच सकी। जिसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल लकड़ी और अन्य स्थानीय संसाधनों से स्टेचर तैयार किया और मरीज को करीब 10 से 12 किलोमीटर कठिन पहाड़ी रास्तों से पैदल सड़क तक पहुंचाया, जहां से उन्हें अस्पताल ले जाया गया। इन तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह ग्रामीण जान जोखिम में डाल मरीज को कंधों पर उठाकर दुर्गम रास्तों से गुजर रहे हैं। ग्राम प्रधान लखपत दानू ने बताया कि पिनाऊ गांव तत्कालीन विधायक स्वर्गीय शेर सिंह दानू का गांव है। उत्तर प्रदेश के समय से लेकर उत्तराखंड राज्य बनने के बाद तक आज भी गांव सड़क सुविधा से वंचित है।

## बाल विवाह रोकथाम एवं बाल संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कोटद्वार।** जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया के निर्देशन तथा जिला परिवीक्षा अधिकारी अरविंद कुमार के नेतृत्व में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, जिला बाल संरक्षण इकाई, जिला बाल कल्याण समिति एवं राजकीय विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आदर्श विद्या निकेतन हल्दूखाता, कोटद्वार में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 300 छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम में विशेषज्ञों एवं वक्ताओं द्वारा बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के दुष्परिणाम, बच्चों के अधिकार, शिक्षा का महत्व, साइबर सुरक्षा, पॉक्सो अधिनियम-2012, किशोर न्याय अधिनियम तथा बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में बच्चों को सामाजिक चुनौतियों के प्रति जागरुक, संवेदनशील एवं जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित किया गया। जिला बाल कल्याण समिति के सदस्य कपिल रतूड़ी ने बाल विवाह के सामाजिक, मानसिक एवं कानूनी दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कुप्रथा बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं भविष्य को गंभीर रूप से प्रभावित करती है।

# चंपावत सामूहिक दुष्कर्म प्रकरण की न्यायिक जांच की मांग

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस की प्रवक्ता डॉ. प्रमिता सिंह ने चंपावत के कथित सामूहिक दुष्कर्म प्रकरण को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को शिकायती पत्र भेजकर पूरे मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मामले में सत्ताधारी दल के एक नेता का नाम सामने आने के बाद जांच की दिशा बदलती दिखाई दे रही है, जिससे पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

■ कांग्रेस ने मानवाधिकार आयोग को भेजा पत्र

डॉ. प्रमिता सिंह ने कहा कि पीड़िता और उसके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए तथा मामले की निष्पक्ष जांच आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पीड़िता के 70 वर्षीय दिव्यांग पिता ने अपनी तहरीर में गंभीर आरोप लगाए हैं। ऐसे में यदि पुलिस यह कह रही है कि घटना नहीं हुई और मामला साजिश है, तो यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि एफआईआर में क्या लिखा गया, मेडिकल जांच क्यों कराई गई और जांच रिपोर्ट में क्या तथ्य सामने आए।उन्होंने सवाल उठाया कि मेडिकल और कथित घटना के बीच इतना समय क्यों लगा।

साथ ही यह भी पूछा कि मजिस्ट्रेट के सामने पीड़िता ने क्या बयान दिया और पुलिस ने कथित तौर पर बयान सार्वजनिक कैसे कर दिए। उन्होंने कहा कि एक बार एफआईआर दर्ज होने के बाद अंतिम निष्कर्ष निकालना अदालत का विषय है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि चंपावत के सीएमओ के अनुसार पीड़िता का मेडिकल छह मई की सुबह महिला चिकित्सकों द्वारा किया गया था, जिसमें शरीर पर संघर्ष के स्पष्ट निशान नहीं मिले। हालांकि उन्होंने कहा कि कई मामलों में डर, धमकी या नशे के कारण पीड़ित प्रतिरोध नहीं कर पाता, इसलिए केवल चोट के निशान न मिलने से दुष्कर्म से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि यह सवाल भी बना हुआ है कि पीड़िता के पिता और भाई ने जो आरोप लगाए, उनकी सच्चाई क्या है। डॉ. प्रमिता सिंह ने मांग की कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष न्यायिक जांच कराई जाए, ताकि प्रदेश में बढ़ते महिला अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी की रायपुर थाना पुलिस ने श्ऑपरेशन प्रहारश के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने और उसे जान से मारने की धमकी देने वाले फरार आरोपी को आईएसबीटी देहरादून से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी घटना के बाद से ही अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था।

मामले के अनुसार, बीती 13 मार्च 2026 को एक युवती ने थाना रायपुर में तहरीर दी थी। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि राजकुमार नाम के युवक ने उसे शादी का झांसा दिया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। जब युवती ने इस पर शिकायत की, तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी के निर्देशों पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई थी। पुलिस टीम द्वारा लगातार संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही थी, लेकिन अभियुक्त अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहा था। पुलिस ने मैनुअल सूचनाएं एकत्रित कीं, जिसके आधार पर अभियुक्त राजकुमार को 7 मई 2026 को आईएसबीटीसे दबोच लिया गया। पकड़ा गया अभियुक्त राजकुमार पुत्र हर्ष लाल, मूल रूप से जवाड़ी, जनपद रुद्रप्रयाग का निवासी है और वर्तमान में दिल्ली के राजपुरी (डाबरी) इलाके में रह रहा था। पुलिस टीम में महिला उपनिरीक्षक पिंकी पंवार, उपनिरीक्षक सुनील नेगी व हेड कांस्टेबल सोबन सिंह शामिल रहे। अभियुक्त को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर दिया मानवता का संदेश

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** भारतीय रेड क्रॉस शाखा देहरादून की ओर से शुक्रवार को विश्व रेडक्रॉस दिवस संस्थापक सर हेनरी डूनेट का जन्मदिन डीईआईटी यूनिवर्सिटी में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हिमालय वैलनेस कंपनी के डायरेक्टर डॉ. एस. फारूक ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी देहरादून डॉ. मनोज शर्मा, विशिष्ट अतिथि डॉ. सरफराज हुसैन एवं चेयरमैन डॉ. एम.एस. अंसारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीईआईटी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. जी. रघुरामा ने की।




■ छात्राओं ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

भारतीय रेड क्रॉस शाखा देहरादून की सचिव कल्पना बिष्ट ने सभी अतिथियों का बुके भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने रेड क्रॉस के सात सिद्धांतों मानवता, स्वतंत्रता, स्वैच्छिक सेवा, निष्पक्षता, तटस्थता, एकता एवं सार्वभौमिकता की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही विश्व रेडक्रॉस सोसायटी की इस वर्ष की थीम "मानवता को जीवित रखना" पर प्रकाश डाला।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एकांकी जीवन छोड़कर सामाजिक जीवन एवं परोपकार की भावना को बढ़ावा देना चाहिए। वहीं डॉ. एस. फारूक ने रक्तदान एवं मानवीय मूल्यों पर अपने विचार रखे। डॉ. एम.एस. अंसारी ने रेड क्रॉस द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, फर्स्ट एड प्रशिक्षण एवं मॉक ड्रिल जैसे कार्यों की जानकारी देते हुए संस्थापक सर जीन हेनरी डूनेट के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में छात्राओं ने भाषण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। छात्राओं ने गढ़वाली लोकगीत एवं भूटानी नृत्य प्रस्तुत किए। रेड क्रॉस शाखा देहरादून की ओर से प्रतिभागी छात्राओं एवं अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर डीईआईटी के डीन प्रो. नवीन सिंगल, नर्सिंग प्रधानाचार्य डॉ. मलार सेल्वी, हेल्थ केयर प्रधानाचार्य डॉ. बरखा खुराना, श्री अजय वर्मा, रेड क्रॉस शाखा देहरादून के प्रबंधन समिति सदस्य योगेश अग्रवाल, मोहन सिंह खत्री, अनिल वर्मा, जाहिद हुसैन, शिफाहत अली अंसारी, पुष्पा भल्ला, प्रेमलता वर्मा, नारायण सिंह राणा, देवेंद्र रतूड़ी, डॉ. राकेश डंगवाल, निमेश डंगवाल, रुपाली शर्मा, विमल रावत, पूनम भटनागर व गौरव आदि उपस्थित रहे।

## विश्व रेडक्रॉस दिवस पर उत्तरकाशी में मानवता के प्रहरी सम्मानित

**उत्तरकाशी।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस समिति, उत्तरकाशी ने मानवता और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया। इस वर्ष विश्व रेडक्रॉस दिवस 2026 की थीम मानवता में एकता रही, जो समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया है। शुक्रवार को जिला कार्यालय प्रेक्षागृह में आयोजित सम्मान समारोह में जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत समाजसेवियों, शिक्षकों, युवाओं और जन-जागरूकता से जुड़े लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मान पाने वालों में जगेंद्र सिंह भंडारी, प्रज्ज्वल उनियाल, शैलेन्द्र कुमार नौटियाल, साधना जोशी, सतेंद्र नौटियाल, हिमानी, राजेश जोशी, संजीव डोभाल, शंभू नौटियाल, विमला भट्ट, मुक्ता गौड़ और अजय नौटियाल सहित लहित संस्था एवं रेडक्रॉस के स्वयंसेवक शामिल रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति सेवा और संवेदनशीलता की भावना को अपनाकर जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आए, तो समाज और अधिक मानवीय और मजबूत बन सकता है।कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी मुक्ता मिश्र, सीएमओ बीएस रावत, एसडीएम भटवाड़ी शालिनी नेगी, पर्यावरण विशेषज्ञ प्रताप मटूडा, सभासद अमेरिकन पुरी, डॉ. धर्मेंद्र नाथ, प्रताप सिंह, आशा ममगांई और दिनेश भट्ट आदि मौजूद रहे।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष :- 0135-2763808 फैक्स - 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0 U40101UR2001SGC025866 वेबसाइट : www.ujvnl.com

पत्र सं0: 392 दिनांक: 08/05/2026

**अति अल्पकालिक ई-निविदा सूचना**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद), यूजेवीएन लि० पशुलोक, बैराज, ऋषिकेश, इच्छुक निविदादाताओं से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत हैः

**निविदा सं0:** 09/2026-27/अधि0अभि0(सिविल/यूजेवीएनल/पशुलोक बैराज।
**कार्य का नामः- ऋषिकेश स्थित वीरभद्र बैराज के डाउनस्ट्रीम में जल स्तर को कम करने का कार्य।**
**अनुमानित लागत : रू0 49,96,253.00 मात्र (जीएसटी अतिरिक्त)।**
**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथिः** 08.05.2026 के 17:00 बजे से
**वेबसाईट पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः** 14.05.2026 के 17:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल "https://uktenders.gov.in" देखें।

अधिशासी अभियन्ता (जानपद)
पशुलोक, बैराज, ऋषिकेश।

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

# सौंदर्यीकरण कार्यों का कुंभ मेलाधिकारी ने किया निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कुंभ मेला-2027 की तैयारियों के तहत शहर में चल रहे आधारभूत विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा के लिए मेलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने शुक्रवार को मनसा देवी मंदिर परिसर, पैदल मार्ग तथा हरकीपैड़ी से लालतरो पुल तक संचालित गलियों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को सभी कार्य गुणवत्ता एवं निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मनसा देवी पैदल मार्ग के सुधार एवं सौंदर्यीकरण कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा करने तथा सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। मेलाधिकारी ने कहा कि हरिद्वार करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है और कुंभ मेला-2027 के दृष्टिगत शहर की आधारभूत संरचनाओं को मजबूत एवं



आकर्षक स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने परियोजना क्रियान्वयन इकाई, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करने तथा गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने गलियों के सुधार के साथ जल निकासी, प्रकाश व्यवस्था, पैदल मार्गों एवं सार्वजनिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि कुंभ मेले के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

मेलाधिकारी ने कहा कि मनसा देवी मार्ग पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक आते हैं, इसलिए इस क्षेत्र का व्यवस्थित एवं आकर्षक स्वरूप श्रद्धालुओं के अनुभव को और बेहतर बनाएगा। उन्होंने निर्माण कार्यों में धार्मिक नगरी हरिद्वार की पारंपरिक एवं सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित रखने पर भी बल दिया। निरीक्षण के दौरान हरिद्वार-रुड़की विकास प्राकिरण द्वारा कराए जा रहे फसाड सौंदर्यीकरण कार्यों की भी समीक्षा की गई। मेलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मनसा देवी जाने वाले प्रमुख मार्गों पर भवन अग्रभाग सौंदर्यीकरण कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि फसाड सौंदर्यीकरण के अंतर्गत भवनों एवं मार्गों को धार्मिक एवं सांस्कृतिक विषयवस्तु के अनुरूप विकसित किया जाए, जिससे हरिद्वार की आध्यात्मिक पहचान और अधिक प्रभावी रूप से उभरकर सामने आए। मेलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि रंगाई-पुताई, सजावटी कार्यों, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य सौंदर्यीकरण गतिविधियों में एकरूपता बनाए रखी जाए तथा निर्माण कार्यों के दौरान श्रद्धालुओं एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान परियोजना प्रबंधक प्रवीण कुश, परियोजना क्रियान्वयन इकाई लोक निर्माण विभाग, वन विभाग तथा हरिद्वार-रुड़की विकास प्राधिकरण के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिम में मारपीट के मामले में क्रॉस मुकदमा दर्ज

## लोहे की रॉड और जिम की रस्सी से हमला करने का आरोप, बाइक में तोड़फोड़

**पुरानी रंजिश को लेकर विवाद बढ़ने की आशंका, पुलिस जांच में जुटी**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर क्षेत्र स्थित एक जिम में वर्कआउट के दौरान शुरू हुआ विवाद अब दोनों पक्षों तक पहुंच गया है। पहले एक पक्ष की ओर से मुकदमा दर्ज होने के बाद अब दूसरे पक्ष की शिकायत पर भी पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि युवकों ने जिम के भीतर लोहे की रॉड और रस्सी से हमला कर युवक को घायल कर दिया, जबकि बाहर निकलने पर उसके साथ दोबारा मारपीट की गई।

पुलिस के मुताबिक, मोहल्ला कोटनिफ्स निवासी नेक मोहम्मद उर्फ नेक खान ने शिकायत देकर बताया कि पांच मई की रात वह अपने मामा के बेटे के साथ फिटनेस फ्यूल यूनिसेक्स जिम में कसरत कर रहा था। इसी दौरान अहबाबनगर निवासी अमन और अमन खान वहां पहुंचे और गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि विरोध करने पर दोनों ने लोहे की रॉड और जिम में इस्तेमाल होने वाली रस्सी से उस पर हमला कर दिया, जिससे उसकी कमर में चोट आई।

नेक खान का आरोप है कि किसी तरह जान बचाकर वह जिम से बाहर निकला तो वहां पहले से मौजूद असद उर्फ सुब्हान निवासी ईदगाह रोड पांवधोई ने अपने साथियों के साथ उसे घेर लिया। आरोपियों ने चेहरे पर मुक्के बरसाए और पेट में लातें मारीं। एक युवक ने उसे पकड़ लिया, जबकि अन्य जान से मारने की धमकी देते रहे। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि हमलावरों ने जिम के बाहर खड़ी उसकी बाइक में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। शिकायत में यह भी कहा गया है कि कुछ आरोपियों के खिलाफ पहले से भी आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। ज्वालापुर कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक हर्ष अरोड़ा ने बताया कि शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

# पुलों का सुरक्षा ऑडिट करने के निर्देश दिए



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कुंभ मेला एसएसपी आयुष अग्रवाल हरकी पैड़ी पर गंगा आरती में शामिल हुए और हरकी पैड़ी पर श्रद्धालुओं की आसान पहुंच, निकासी और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मालवीय द्वीप, संजय पुल, सुभाष घाट का भ्रमण कर पुलों का सुरक्षा आडिट करने के निर्देश दिए तथा अधिकारियों के साथ प्रवेश मार्ग, निकासी मार्ग पर होने वाली सम्भावित समस्याओं पर विचार विमर्श किया। इस दौरान गंगा सभा पदाधिकारियों ने भी अपने सुझाव दिए। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक यातायात बिपेंद्र सिंह, सीओ सिटी शिशुपाल नेगी एवं यातायात निरीक्षक मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने चंपावत प्रकरण को लेकर सरकार का पुतला फूंका

**पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** चंपावत दुष्कर्म प्रकरण को लेकर कांग्रेस ने ऋषिकुल तिराहे पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और पुतला दहन किया। इस दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच नोंकझोंक भी हुई। यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव सागर बेनीवाल, सचिव सार्थक ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में विधायक रवि बहादुर, कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रदेश की कानून व्यवस्था और चंपावत मामले की जांच को लेकर सरकार पर सवाल उठाए। विधायक रवि बहादुर और राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा ने कहा कि प्रदेश में महिला अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाओं और बच्चियों को न्याय नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यदि चंपावत मामला फर्जी पाया गया है तो इसकी भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए कि शिकायत किन परिस्थितियों में दर्ज कराई गई। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष लता जोशी और पूनम भगत ने कहा कि महिला अपराधों में दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होने के कारण ऐसे मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। प्रधानमंत्री मन की बात करते हैं लेकिन महिलाओं के मन की बात नहीं सुनते। सरकार दोषियों को बचाने का काम कर रही है। सोम त्यागी, मनोज सैनी ने कहा कि महिलाओं पर अत्याचार के मामलों में देशभर में चिंता बढ़ी है। उन्होंने आरोप लगाया कि चंपावत मामले की जांच को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए। राजबीर सिंह चौहान, राजीव चौधरी ने कहा कि जब तक मामले की निष्पक्ष जांच नहीं होती, तब तक विरोध जारी रहेगा। यह भी स्पष्ट किया जाए कि शिकायत किन परिस्थितियों में दर्ज हुई। इस अवसर पर विकास चंद्रा, संजय सैनी, एड. फुरकान अली, सागर बेनीवाल, आशु श्रीवास्तव, अंजू द्विवेदी, अनिल ठाकुर, वंश सौदाई, उदित विद्याकुल, हेमंत चंचल, डा. जयवीर सिंह, सुरेश राणा, मंजू गोस्वामी, गौरव चौहान, डा.मेहरबान, हरविंदर सिंह, जतिन हांडा, रकित वालिया, पुष्पनाथ शर्मा, इरफान अंसारी, सौरभ सैनी, विकास गुप्ता, नरेश, नदीम सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे।



## चंपावत प्रकरण को लेकर सपा ने किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** चंपावत प्रकरण को लेकर सपा कार्यकर्ताओं ने ज्वालापुर में पुल जटवाड़ा पर प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष महंत शिवम गिरी ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा सरकार में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। चंपावत, देहरादून, हरिद्वार सहित पूरे प्रदेश में महिलाओं और बच्चियों के साथ शोषण बढ़ रहा है। सरकार की कानून व्यवस्था बिल्कुल चौपट है। उन्होंने कहा कि सरकार पीड़ितों को ही दबा रही है। अधिकतर मामलों में भाजपा नेताओं के नाम सामने आ रहे हैं और सरकार अपने नेताओं को बचाने में लगी हुई है। बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राव धन्नू ने कहा कि भाजपा सरकार में अपराध बढ़ रहे हैं। कोई भी सुरक्षित नहीं है। प्रदेश में महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा खतरे में है। उन्होंने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। प्रदर्शन करने वालों में शिव ओम, रमाकांत मौर्य, अमित, माधव, अंकित यादव, रोहित, नमन, इंतजार, नौशाद, हसीन, पवन, फुरकान, धीरज सिंह, अमन आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

# पिल्ला गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार

**तमंचा, कारतूस व नुकीला सुआ बरामद**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल थाना पुलिस ने पिल्ला गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से देशी तमंचा, कारतूस व नुकीला सुआ बरामद किया गया है। आरोपी विगत माह हुए मारपीट प्रकरण में शामिल थे। इंस्टाग्राम पर अपलोड मारपीट की वीडियो एवं इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस से प्राप्त फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की गई है। कुलदीप के पुत्र के साथ हुई मारपीट के संबंध में 10 अप्रैल को दर्ज कराए गए मुकदमें की जांच के दौरान पुलिस ने 11 आरोपियों को चिन्हित किया था। जिसमें नाबालिग सहित 2 आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपियों की धरपकड़ में जुटी पुलिस टीम ने बृहस्पतिवार को 2 अन्य आरोपियों अरुण उर्फ बोडा पुत्र राजकुमार निवासी शिवपुरी गली नं.5 कनखल व रवि सिंह उर्फ सरदार पुत्र गोपाल सिंह निवासी सतीघाट कनखल को तमंचा, जिंदा कारतूस व नुकीले सुए समेत दबोच लिया। थाना कनखल क्षेत्र में कई घटनाओं में शामिल रहा आरोपी रवि उर्फ सरदार पूर्व में पुलिस अभिरक्षा से फरार भी हो चुका है। मारपीट में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। पुलिस के अनुसार पिल्ला गैंग से जुड़े आरोपी इंस्टाग्राम पर वर्चस्व और कमेंटबाजी को लेकर मारपीट की घटनाओं को अंजाम देते थे और मारपीट की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दहशत फैलाते थे।



# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण एवं चिकित्सा शिविर आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** विश्व रेडक्रॉस एवं रेडक्रिसेंट दिवस के अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस के तत्वावधान में श्रीराम विद्या मंदिर, श्यामपुर में प्राथमिक उपचार (सीपीआर) प्रशिक्षण संगोष्ठी एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी एवं इंडियन रेडक्रॉस के अध्यक्ष मयूर दीक्षित के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्साधिकारी एवं उपाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार सिंह के मुख्य संयोजन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीनियर डिवीजन सिविल जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सिमरनजीत कौर तथा इंडियन रेडक्रॉस उत्तराखंड के चेयरमैन प्रो. डॉ. नरेश चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर सिमरनजीत कौर ने कहा कि सीपीआर एवं प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लोगों को आपात स्थिति में जीवन बचाने के लिए सक्षम बनाता है। उन्होंने प्रतिभागियों को निःशुल्क विधिक सहायता, साइबर अपराध से बचाव तथा छात्र-छात्राओं को मोबाइल के दुरुपयोग से दूर रहने के प्रति भी जागरूक किया। इंडियन रेडक्रॉस उत्तराखंड के चेयरमैन डॉ. नरेश चौधरी ने लगभग 1200 प्रतिभागियों को प्राथमिक उपचार एवं सीपीआर का प्रशिक्षण देते हुए रेडक्रॉस के सिद्धांतों और मानव सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने वर्ष 2026 की थीम "United in Humanity" पर बोलते हुए कहा कि मानवता की सेवा के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्यामपुर क्षेत्र आपदा और सड़क दुर्घटनाओं की दृष्टि से संवेदनशील है, इसलिए प्रशिक्षित प्रतिभागी अपने क्षेत्रों में फर्स्ट मेडिकल रिस्पॉन्डर के रूप में कार्य करेंगे और जनजागरूकता अभियान भी चलाएंगे। शिविर में रक्त जांच, दंत चिकित्सा, सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण तथा आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण भी किया गया। श्रीराम विद्या मंदिर के मैनेजिंग ट्रस्टी राजीव भल्ला ने शिविर आयोजन के लिए इंडियन रेडक्रॉस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित होते रहने चाहिए। विद्यालय की प्रधानाचार्या बवीता अग्रवाल श्रीनिवास के संयोजन में स्वच्छता, तंबाकू उन्मूलन एवं नशारोधी अभियान पर आधारित जागरूकता नाटिकाओं का मंचन भी आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी अविनाश भदौरिया, बहादराबाद चिकित्सा केंद्र प्रभारी डॉ. आरती बहल सहित विद्यालय परिवार एवं चिकित्सा टीम के सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता की।



# धर्मानुकूल आचरण करने से ही यात्रा का फल व देवताओं का आशीर्वाद होता है : अरूण गिरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** आह्वान पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अरूण गिरी ने चारधाम यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालु भक्तों से धर्मस्थलों की गरिमा बनाए रखने की अपील की है। स्वामी अरूण गिरी ने कहा कि देवस्थानों को पिकनिक स्थल ना बनाएं। देवस्थानों की गरिमा बनाए रखना सभी का कर्तव्य है। चारधाम यात्रा पर धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप आचरण करें। किसी भी प्रकार का व्यसन ना करें। धर्मानुकुल आचरण करने से ही यात्रा का फल और देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है। स्वामी अरूण गिरी ने कहा कि अगले वर्ष हरिद्वार में दिव्य और भव्य स्वरूप में आयोजित होने वाला कुंभ मेले की छठा पूरे विश्व को आलोकित करेगी। उन्होंने कहा कि धर्म संस्कृति के संरक्षण संवर्द्धन के साथ पर्यावरण का संरक्षण करना भी संतों का प्रमुख कार्य है। कुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालु भक्तों को धर्म और अध्यात्म की प्रेरणा देने के साथ पर्यावरण के प्रति भी जागरूक किया जाएगा। भक्तों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए अखाड़े के संतों और अनुयायियों के साथ मेला क्षेत्र में 51 हजार पौधों का रोपण किया जाएगा। कुंभ मेले में शामिल होने की स्मृति के रूप में भक्तों को पौधे भेंट किए जाएंगे।



# एसडीआईएमटी में किया फेयरवेल पार्टी का आयोजन

## जीवांश मिस फेयरवेल एवं बादल राठी चुने गए मिस्टर फेयरवेल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** स्वामी दर्शनानन्द इंस्टिट्यूट ऑफ मैंनेजमेंट एण्ड टैक्नोलॉजी के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने फेयरवेल पार्टी का आयोजन कर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को विदायी। इस दौरान जीवांशी मिस फेयरवेल एवं बादल राठी मिस्टर फेयरवेल चुने गए। संस्थान की निदेशक डा.जयलक्ष्मी एवं अन्य अध्यापको ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम का कोर्डिनेशन दिव्या राजपूत एवं विकास अग्रवाल ने किया। पायल, हर्षिता, नेहा, खुशी, शीव, नैना ने विशेष सहयोग किया एवं एंकरिंग टीया और शालिनी ने की। विभिन्न प्रतियोगिताओं सोलो रैम्प वॉक, सोलो डांस, ड्यूट डांस एवं पूछे गए सवालों के आधार पर जूरी ने मिस्टर फेयरवेल एवं मिस फेयरवेल का चयन किया। संस्थान की निदेशक डा.जयलक्ष्मी ने विदाई लेने वाले विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अशोक कुमार गोतम, डीन एकेडमिक्स अंजुम सिद्दकी, ऋचा ओहरी, पंकज चौधरी, अनुराग गुप्ता, वर्षा रानी, दिलखुश कुमार, सुधांषु जगता, वैशाली चौहान, आशीष कुमार, कशीश धीमान, उमेश कुमार, धरणीधर वाग्ले, देवेन्द्र सिंह रावत, ज्योति राजपूत आदि ने भी विद्यार्थियों को आर्शीवाद दिया।



# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर राजकीय महाविद्यालय में संगोष्ठी आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** राजकीय महाविद्यालय भूपतवाला में शुक्रवार को 'विश्व रेडक्रॉस दिवस' के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) और यूथ रेडक्रॉस यूनिट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं को रेडक्रॉस के सिद्धांतों और मानव सेवा के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. संजीव मेहरोत्रा ने की। संगोष्ठी का शुभारंभ यूथ रेडक्रॉस यूनिट के प्रभारी डॉ. सचिन अग्रवाल ने किया। उन्होंने रेडक्रॉस के सात मूलभूत सिद्धांतों पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि मानवता, निष्पक्षता और सेवा भावना समाज को मजबूत बनाने का आधार हैं। आईक्यूएसी की नोडल अधिकारी डॉ. सविता कर्णाटक तिवारी ने मानवता और सामाजिक उत्तरदायित्व विषय पर अपने विचार रखे। इस दौरान बीकॉम की छात्रा खुशी लोहनी ने रेडक्रॉस गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को भावनात्मक माहौल प्रदान किया। प्राचार्य प्रो. संजीव मेहरोत्रा ने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं को समाज सेवा और परोपकार के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस जैसी संस्थाएं जरूरतमंदों की सहायता कर मानवता का संदेश देती हैं और युवाओं को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. युवराज, डॉ. अजय प्रसाद उनियाल, डॉ. भगवती प्रसाद पुरोहित समेत महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारी PNBHFL शाखा हरिद्वार की उपभोक्ता श्री इन्दल कुमार पुत्र श्री जनक यादव निवासी कृष्णा विहार कॉलोनी सलेमपुर महदूद तहसील व जिला हरिद्वार (उत्तराखण्ड), ने एक आवासीय प्लॉट संख्या 101 व 102 के भाग, जिसका क्षेत्रफल 753.17 वर्गफुट अर्थात 69.99 वर्गमीटर, सम्बन्धित खसरा संख्या 1614म, जो स्थित ''कृष्णा विहार आवासीय कॉलोनी'' ग्राम सलेमपुर महदूद द्वितीय परगना रूडकी तहसील व जिला हरिद्वार में है, जो विक्रेता श्रीमती दीपा पत्नी श्री पंकज कुमार से क्रय करने हेतु मेरी व्यवहारी PNBHFL से ऋण प्राप्त करके, मेरी व्यवहारी के पक्ष मे बंधक करना चाहता हैं। यह कि श्रीमती दीपा पत्नी श्री पंकज कुमार ने उपरोक्त सम्पत्ति श्रीमती देवकी पत्नी श्री मामन से खरीद की थी जिसका पंजीकरण दस्तावेज संख्या 3050 दिनांक 31.03.2022 को उपनिबन्धक कार्यालय हरिद्वार मे दर्ज है। श्रीमती देवकी पत्नी श्री मामन ने उपरोक्त सम्पत्ति द्वारा विक्रय पत्र श्रीमती मुकेशलता पत्नी श्री नरेश कुमार से खरीद की थी। जिसका पंजीकरण बही नं0 1 दस्तावेज संख्या 797 पर दिनांक 30.01.2020 को उपनिबन्धक कार्यालय हरिद्वार मे दर्ज है। श्रीमती मुकेशलता पत्नी श्री नरेश कुमार ने उपरोक्त सम्पत्ति द्वारा विक्रय पत्र श्री राजेश उर्फ बाबू पुत्र श्री लाहौर सिंह से खरीद की थी। जिसका पंजीकरण बही नं0 1 दस्तावेज संख्या 9965 दिनांक 26.09.2012 को उपनिबन्धक कार्यालय हरिद्वार मे दर्ज है। यह कि श्रीमती दीपा पत्नी श्री पंकज कुमार ने घोषणा की है कि उपरोक्त सम्पत्ति की श्रंखला में एक मूल विक्रय पत्र दस्तावेज संख्या 9965 दिनांक 26.09.2012 जो निष्पादक श्री राजेश उर्फ बाबू पुत्र श्री लाहौर सिंह ने श्रीमती मुकेशलता पत्नी श्री नरेश कुमार पक्ष मे निष्पादित किया था, जो सलेमपुर महदूद थाना सिडकुल क्षेत्र मे कहीं पर गुम हो गया है जो काफी तलाश करने पर भी नहीं मिला है। जिसकी गुमशुदगी की सूचना श्रीमती दीपा पत्नी श्री पंकज कुमार द्वारा सम्बन्धित थाने पर दर्ज करा दी गई है। यदि किसी बैंक, व्यक्ति या संस्था का उपरोक्त सम्पत्ति को बन्धक रखे जाने के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा है तो नीचे दिये गये पते पर सम्बन्धित दस्तावेज के साथ प्रकाशन के 7 दिनों में मुझसे सम्पर्क करे। इसके बाद कोई दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा। सुभाष कुमार एडवोकेट, दुकान नं0 1, गुर्जर धर्मशाला निकट त्यागी कॉम्पलैक्स हरिद्वार, तहसील व जिला हरिद्वार, मोबा0नं0 9719608924

## महिला अस्पताल की एमसीएच विंग में गूंजी किलकारी

# अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर में हुआ बच्चे का जन्म

## हरिद्वार की गर्भवती महिलाओं को मिलेगा अच्छा इलाज, हायर सेंटर रेफर से मिलेगी मुक्ति

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** महिला अस्पताल स्थित 200 बेड के एमसीएच (मदर एंड चाइल्ड हेल्थ) विंग में आईपीडी सेवाएं विधिवत शुरू कर दी गई हैं। शुक्रवार को अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर में एलएससीएस ऑपरेशन के माध्यम से उत्तरी हरिद्वार की एक गर्भवती महिला ने स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। विशेषज्ञ डॉक्टरों और प्रशिक्षित चिकित्सकों की निगरानी में संपन्न हुए इस सफल ऑपरेशन के बाद जच्चा और बच्चा दोनों पूरी तरह स्वस्थ बताए जा रहे हैं। इसके साथ ही अब अस्पताल में ओपीडी के साथ-साथ आईपीडी सेवाएं भी पूर्ण रूप से संचालित होने लगी हैं। एमसीएच विंग का संचालन पीपीपी मोड पर कर रही संस्था एनपीपीएल के निदेशक मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि 200 बेड के इस अस्पताल को पूरी क्षमता के साथ शुरू कर दिया गया है। ओपीडी सेवाएं पहले से संचालित थीं और अब आईपीडी सेवाओं की शुरुआत से गर्भवती महिलाओं को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी। उन्होंने बताया कि अस्पताल में गर्भवती महिलाओं की सुविधा के लिए ओपीडी का समय सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक निधारित किया गया है। वहीं अब भर्ती होकर उपचार लेने वाली मरीजों के लिए आईपीडी सेवाएं भी उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि एनपीपीएल द्वारा महिला अस्पताल की एमसीएच विंग के सफल संचालन के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं ताकि हरिद्वार की महिलाओं को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।



# भाजपा ने कांग्रेस पर लगाया जनता को गुमराह करने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी विकास तिवारी ने कांग्रेस पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। प्रेस को जारी बयान में विकास तिवारी ने कहा है कि लगातार जनता द्वारा नकारे जाने के बाद राजनैतिक हताशा में कांग्रेस पार्टी संवदेनशील मुद्दों पर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। चम्पावत की घटना इसका प्रमाण है। पुलिस की शुरुआती जांच के बाद शीशे की तरह साफ हो गया है कि कैसे भाजपा कार्यकर्ता को एक झूठे और फर्जी घिनौने प्रकरण में फंसाने का प्रयास किया गया। जिसमें बिना किसी जांच और ठोस तथ्यों के कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा को बदनाम करने में जुट गए। भाजपा संगठन और मुख्यमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र की छवि खराब करने के लिए जगह जगह प्रदर्शन कराए गए और झूठा और बेबुनियाद नेरीटिव फैलाया गया। विकास तिवारी ने कहा कि कांग्रेस इस तरह के प्रयास लगातार कर रही है। लेकिन जनता सब समझ रही है और आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर इसका जवाब देगी।



# नन्दन कुमार बने वार्ड-1 कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा भूपतवाला में वार्ड 1 सप्तऋषि के कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। महंत विवेकानंद की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में नन्दन कुमार को वार्ड अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस मौके पर जिला महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग और ब्लॉक अध्यक्ष अजय गिरी ने कहा कि उत्तरी हरिद्वार के होटल, धर्मशाला, आश्रम संचालक यात्रियों की घटती संख्या के कारण चिंतित हैं। लेकिन स्थानीय विधायक कुंभकर्णी नींद सोए हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि हरिद्वार के व्यापार पर ध्यान देना चाहिए। बैठक में मुख्य रूप से ओम मलिक, करन सिंह राणा, गौरव गोस्वामी, रितेश पांडेय, गोविंद पाण्डेय, मोहित अरियाल, मनोहर शर्मा, भरत यादव, विनय तिवारी, रमन शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# सूबे में बढ़ते महिला अपराधों पर कांग्रेसी मुखर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर प्रदेश में बढ़ते हुए महिला अपराधों पर रोक लगाने की मांग को लेकर पछवादून के कांग्रे. सियों ने प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी विकासनगर के अध्यक्ष विकास शर्मा ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में महिलाओं पर उत्पीड़न बढ़घ है और सबसे बड़ा दुर्भाग्य है इसमें भाजपा कार्यकर्ताओं के नाम आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विभिन्न घटनाओं में भाजपा के लोगों के नाम आए हैं जो निराशाजनक है। उन्होंने भाजपा सरकार को इस्तीफा देने की मांग की। उन्होंने नारी शक्ति वंदन का ढिंढोरा पीटने वाली भाजपा महिला अपराध की इन घटनाओं को रोकने के बजाय अपराध करने वालों को संरक्षण देने का आरोप लगाया।



कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर फूंका सरकार का पुतला

महिला कांग्रेस की ब्लॉक अध्यक्ष शशि चौहान ने कहा भाजपा को चाहिए कि जितने भी पिछले दो कार्यकाल में उनके कार्यकर्ताओं द्वारा महिलाओं का उत्पीड़न किया गया है उनके खिलाफ उन्होंने क्या कार्रवाई की साथ ही उन्होंने कहा अब महिलाएं इस सरकार को बर्दाश्त नहीं करेंगी।

इस मौके पर संबोधन करने वालों में प्रदेश सचिव बिना चौहान, अध्यक्ष कुसुम कौशल, पिंकी रोहिल्ला, पिंकी रावत, ब्लॉक अध्यक्ष अभिनव ठाकुर, अध्यक्ष आशीष पुंडीर डाकपत्थर, सुरेंद्र शर्मा, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अजीत चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष हर्षगुरुंग, विधानसभा अध्यक्ष दीक्षांत उनियाल, राजीव शर्मा, धीरेंद्र ताड़ियाल, सुभाष चंदेल, पूर्व अध्यक्ष शमी प्रकाश, आईटी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष बलजीत सिंह, सभासद भारत कालरा, सोनिया वर्मा, मुनीर अहमद, अनस मुनीर, जमशेद, सलीम, सेवादल के अध्यक्ष भुवनपंत, केवल राम आजाद, सदाकत अली, अफजल बैग आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन पीसीसी सदस्य संजय जैन ने किया।

# मातृ दिवस पर विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** मातृ दिवस के उपलक्ष्य में सेपियंस विद्यालय हरबर्टपुर में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन कक्षा 12वीं के छात्र अमृत द्वारा किया गया। सभा को आकर्षक एवं भावनात्मक बनाने के लिए कक्षा 12वीं के छात्रों द्वारा "इंतजार एक माँ का" शीर्षक पर आधारित एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई, जिसने सभी को भावुक कर दिया। प्रार्थना सभा में नृत्य (मेरी मां, लुका चुप्पी), गीत (एक बटा दो, दो बटे चार), समाचार, विचार एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने मातृत्व के महत्व को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया।



इंतजार एक मां का नाटक पर सभी हुए भावुक

विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी शिक्षकों एवं छात्रों का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय की निर्देशिका रश्मि गोयल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए माँ के त्याग, प्रेम और संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को अपने माता-पिता का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्या गीता नेगी ने भी विद्यार्थियों को माँ के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने एवं उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।

# अजमेर सिंह चौहान दोबारा बने पीटीए अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज भटाड़ में विद्यालय की प्रगति एवं आगामी योजनाओं को लेकर एक महत्वपूर्ण आम सभा का आयोजन किया गया। बैठक में विद्यालय के विकास, अनुशासन, शैक्षणिक गुणवत्ता और छात्र हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभा में सर्वसम्मति से अजमेर सिंह चौहान को उनकी कार्यकुशलता और विद्यालय के प्रति समर्पण को देखते हुए पुनः पीटीए (अभिभावक शिक्षक संघ) अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि एसएमसी अध्यक्ष सेमपाल सिंह रावत का कार्यकाल अभी एक वर्ष शेष है और वे अपने पद पर निरंतर कार्य करते रहेंगे। बैठक के दौरान विद्यालय हित में कई महत्वपूर्ण विकास प्रस्ताव पारित किए गए। सभा में विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों और विभिन्न सह-गामी गतिविधियों में छात्रों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विवेक शर्मा, एसएमसी अध्यक्ष सेमपाल सिंह, पीटीए अध्यक्ष अजमेर सिंह चौहान, सीआरसी सैनसिंह रावत, शिक्षक पूरण सिंह, गिरेश सिंह, सुदिन प्रसाद यादव, देवेंद्र सिंह, सुरभि चौहान, सोनु जोशी, पारुल देवी सहित गजेंद्र सिंह, साहिल, नीरज प्रसाद, मनोज चौहान, सतपाल राणा, महेंद्र सिंह सयाणा, देवेंद्र सिंह राणा, विजयपाल शर्मा और रविन्द्र सिंह राणा समेत अनेक अभिभावक एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पीएनबी ने किया एग्रीकल्चर आउटरिच का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई/सहसपुर।** पंजाब नेशनल बैंक द्वारा पैलेस लॉन, साइन मनोवर रिजॉर्ट, सेलाकुई में एग्रीकल्चर आउटरिच का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पीएनबी के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डी. सुरेन्द्रन, पीएनबी के जोनल हेड अनुपम तथा सर्किल हेड अभिनंदन द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में कृषि क्षेत्र से संबंधित विभिन्न योजनाओं, स्वरोजगार योजनाओं एवं स्वयं सहायता समूह से जुड़ी जानकारियाँ प्रदान की गईं। प्रतिभागियों को बताया गया कि वे बैंक की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर अपने व्यवसाय एवं कृषि कार्यों को किस प्रकार आगे बढ़ा सकते हैं। डी. सुरेन्द्रन द्वारा कृषि ऋण, स्वरोजगार योजनाओं, सहायता योजनाओं तथा बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर अनेक लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए। जिससे लगभग 15-20 प्रतिभागियों को अपना स्वरोजगार प्रारम्भ करने में सहायता प्राप्त होगी।



कृषि क्षेत्र से संबंधित विभिन्न योजनाओं की दी गई जानकारियां स्वरोजगार शुरू करने को दिए गए ऋण स्वीकृति पत्र

वहीं विकासखंड सहसपुर में एक वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान बचत एवं निवेश के महत्व, डिजिटल लेन-देन की सुरक्षित प्रक्रिया, साइबर धोखाधड़ी से बचाव के उपाय तथा केवाईसी से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की जाती है।

उपस्थित ग्रामीणों को वित्तीय सेवाओं का सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के एलडीएम संजय भाटिया अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ ग्राम एएम आशुतोष, सीएम शूरवीर, एफसी सोनाली एवं ग्राम के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# ओलावृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण, नुकसान का किया गया सर्वे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद में हुई ओलावृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण मंत्री कृषि एवं कृषक कल्याण गणेश जोशी व प्रभारी जिलाधिकारी अधिकारी टिहरी गढ़वाल के दिशानिर्देशों के क्रम में किया गया।

निरीक्षण के दौरान जौनपुर विकासखंड अंतर्गत नैनबाग, ललूर पट्टी, पंतवाड़ी, श्रीकोट, सेंडुल, मिरियागांव, सल्तवाड़, भूडगाँव, सैंजी, भटोली, बनोगी, सिलगांव क्षेत्र (टिहरी) आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर कृषकों की फसलों एवं बगीचों में हुए नुकसान का आकलन किया गया। इस दौरान जिला उद्यान अधिकारी अरविंद शर्मा, कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि तथा संबंधित क्षेत्र के राजस्व उपनिरक्षक, पटवारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सेब, आडू एवं अन्य बागवानी फसलों को हुए नुकसान का मौके पर सर्वे किया गया। अधिकारियों द्वारा प्रभावित कृषकों को फसल क्षति के संबंध में आवश्यक जानक. ारी भी प्रदान की गई।

सेंडुल गांव के कृषक सुरेश द्वारा मौके पर ही भारत सरकार के कृषि रक्षा पोर्टल के टोल फ्री नंबर 14447 पर सेब की फसल में हुए नुकसान का क्लेम इंटिमेट भी दर्ज कराया गया। अधिकारियों ने कृषकों को शासन द्वारा संचालित फसल बीमा एवं राहत संबंधी योजनाओं की जानकारी देते हुए समय पर क्लेम दर्ज कराने हेतु जागरूक किया।

# एकलव्य विद्यालय में जल्द बनेंगे मैस व अतिरिक्त कक्ष

गीताराम गौड़ ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** जनजाति सलाहकार परिषद के उपाध्यक्ष गीताराम गौड़ ने शुक्रवार को ढकरानी स्थित एकलव्य आदर्श विद्यालय मयरावना का निरीक्षण कर विद्यालय में मैस समेत आवश्यक सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों की समस्याओं को देखते हुए विद्यालय में अवस्थापना सुविधाओं का विस्तार प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा।



राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला) ढकरानी में संच. ालित एकलव्य आदर्श विद्यालय मयरावना के निरीक्षण के दौरान गीताराम गौड़ ने बताया कि वर्तमान में विद्यालय में करीब 300 छात्र अध्ययनरत हैं, लेकिन भवन में आवश्यकता के अनुरूप कक्षों एवं मैस की व्यवस्था नहीं है। इस संबंध में उन्होंने ग्राम प्रधान ढकरानी हिना के साथ बैठक कर आईटीआई परिसर के समीप ग्रामसभा के खाली भवन को अतिरिक्त कक्षाओं के संचालन के लिए उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा, जिस पर ग्रामसभा और विद्यालय प्रशासन के बीच सहमति बन गई।

निरीक्षण के दौरान गौड़ ने मुख्य विकास अधिकारी देहरादून से दूरभाष पर वार्ता कर विद्यालय में मैस निर्माण की मांग भी रखी। वहीं, विद्यालय मार्ग एवं अन्य आवश्यक मरम्मत कार्य ग्रामसभा के माध्यम से कराए जाने की बात खंड विकास अधिकारी विकासनगर शक्ति प्रसाद भट्ट द्वारा कही गई।

गीताराम गौड़ ने कहा कि वह जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलकर विद्यालय के लिए आवश्यक बजट उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अंजुला टम्टा, ग्राम प्रधान हिना, शगुफ्ता, उप प्रधानाचार्य ममता चौहान, अभिभावक भगत सिंह, संसार सिंह चौहान, संजय जोशी, सुरेश तोमर, जालम सिंह तोमर, बाबूराम तोमर एवं शूरवीर डोभाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## विधायक ने सहसपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों का किया शिलान्यास

**सहसपुर।** विधानसभा क्षेत्र सहसपुर के अंतर्गत ग्राम दयानगर एवं जामुनवाला में क्षेत्र की सुरक्षा एवं आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने को विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर ने 480.64 लाख की धनरा. शि से होने वाले पुश्ता निर्माण कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया। क्षेत्रवासियों ने कहा इस कार्य से बरसात के दौरान होने वाले कटाव एवं अन्य समस्याओं से राहत मिलेगी। विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर ने कहा कि सहसपुर विधानसभा के विकास एवं जनसु. विधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है तथा क्षेत्र में सड़क, सिंचाई, पेयजल एवं सुरक्षा संबंधी कार्यों को लगातार प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य कंचन, प्रधान डॉ0 कंचन, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता प्रेम लाल नौटियाल, सहायक अभियंता संजीव कुमार, अपर सहायक अभियंता सुमित जगूड़ी, नितिन गर्ग सहित सैंकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# प्रभारी जिलाधिकारी ने किया ईवीएम, वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी, प्रभारी जिलाधिकारी वरुणा अग्रवाल ने शुक्रवार को नई टिहरी में स्थापित वेयरहाउस में रखें ईवीएम एवं वीवीपैट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयर हाउस से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली तथा मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया।

प्रभारी जिलाधिकारी ने वेयरहाउस में सुरक्षित रखी गई ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, रिकॉर्ड के रख-रखाव, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली तथा प्रवेश नियंत्रण व्यवस्था का निरीक्षण किया।



व्यवस्थाओं की ली जानकारी, सुरक्षा व्यवस्था का किया अवलोकन

उन्होंने एफएलसी हॉल, डबल लॉक सिस्टम सहित वेयरहाउस के विभिन्न ब्लॉकों का भी जायजा लिया और व्यवस्थाओं की स्थिति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान प्रभारी जिलाधिकारी ने वेयर हाउस में तैनात सुरक्षा व्यवस्थाओं, फायर सेफ्टी उपकरणों तथा अन्य सुरक्षा प्रबंधों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवश्यक मरम्मत सुनिश्चित की जाए, ताकि सुरक्षा मानकों का पूर्ण रूप से पालन किया जा सके। प्रभारी जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए वेयरहाउस की सभी व्यवस्थाओं को समय-समय पर जांचते हुए आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र कराए जाएं। निरीक्षण के दौरान एडीएम शैलेंद्र सिंह नेगी, आईएएस प्रशिक्षु ज्योति, सहायक निर्वाचन अधिकारी विजय तिवारी, बीजेपी प्रतिनिधि जयेंद्र पंवार, कांग्रेस प्रति. निधि मुरारी लाल खण्डवाल, निर्वाचन से जवाहर सिंह, देवेंद्र कुमार, मनोज भट्ट, विशाल चौहान आदि मौजूद रहे।

# नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर ले जाकर बलात्कार करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** थाना सहसपुर पुलिस ने 15 वर्षीय नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर ले जाकर बलात्कार करने के अपराध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल की सलाखो के पीछे भेज दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली सहसपुर पर एक तहरीरी सूचना प्राप्त हुई कि वादी की 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री को फैजान निवासी नबावगढ विक. ासनगर द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाकर बलात्कार करना व डरा धमकाकर रोड पर छोड देना। जिस पर तत्काल कोतवाली सहसपुर पर धारा -137(2), 65(1), 351(3) बी0एन0एस0 व 3/4 पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज करते हुये विवेचना महिला एसआई शशि राणा थाना सेलाकुई के सुपुर्द की गई। मामले की गम्भीरता को देखते हुये आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कोतवाली सहसपुर से प्रभारी निरीक्षक प्रदीप सिह रावत के निकट पर्यवेक्षण में एसआई अरविन्द पंवार चौकी प्रभारी सभावाला कोतवाली सहसपुर के नेतृत्व मे टीम का गठन कर गठित पुलिस टीम को थाना क्षेत्र व अन्य सम्भावित स्थानो पर रवाना किया गया जिस पर टीम द्वारा प्रयास कर आरोपी फैजान पुत्र मौ0 हसन निवासी ग्राम नवाबगढ़ थाना विक. ासनगर को तलाश करते हुये रात्रि में धर्मावाला क्षेत्र से कारण गिरफ्तारी बताकर गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में एसआई अरविन्द पंवार कोतवाली सहसपुर, सिपाही रविद्र राणा, रविपाल कोतवाली सहसपुर शामिल रहे।

**सूचना**

मेरी 10वीं एवं 12वीं कक्षा की अंक तालिका एवं प्रमाणपत्र में मेरा नाम (**Anoop Singh**) अंकित है। जबकि मेरे अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम (**Anoop Singh Panwar**) दर्ज है। (**Anoop Singh**) एवं (**Anoop Singh Panwar**) एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे ही नाम हैं।

**अनूप सिंह पंवार पुत्र स्व. कुंदन सिंह पंवार निवासी राज एन्क्लेव, लेन नं. डी6 के सामने, अमन विहार, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मैने अपना नाम नीलांजन मित्रा से बदलकर नीलांजन बिनय मित्रा कर लिया हैं, भविष्य में मुझे नीलांजन बिनय मित्रा S/o श्री बिनय मित्रा के नाम से जाना पहचाना जाए।

पता - P 68/1 बीचर रोड, गढ़ी कैंट, देहरादून पिन कोड 248003

# कार्यालय सहायक अभियन्ता - प्रथम सिंचाई खण्ड विकासनगर डाकपत्थर (देहरादून)

पत्रांक :- 171/ स.अ.- प्रथम/ टी - 1/ दिनांक- 04.05.2026

## अल्पकालीन निविदा सूचना सं.-02/ स.अ. - प्रथम/ 2026-27

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबन्द निविदायें अधोहस्ताक्षरी द्वारा सिंचाई विभाग में डी/सी/ उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक - 15.05.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक आंमत्रित की जाती है, जो उसी दिन 03:30 बजे अपरान्ह निविदादाताओं/ उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत अधिकारी द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100/ - मूल्य का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर में रू0 1.00 का रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर सहित वांछित धरोहर धनराशि जो कि राष्ट्रीयकृत बैंक के सी०डी०आर०/ एफ०डी०आर० अथवा पोस्ट ऑफिस के राष्ट्रीय बचत पत्र/किसान बचत पत्र के रूप में अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड विकासनगर ( डाकपत्थर) के नाम बन्धक होगी, संलग्न करनी अनिवार्य है। निविदा प्रपत्र दिनांक-05/05/2026 से दिनांक - 14/05/2026 तक प्रत्येक कार्य दिवस में प्रात: 10:00 बजे से साय: 05:00 बजे तक निर्धारित मूल्य जमा कर सहायक अभियन्ता - प्रथम के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं।

| क्र. सं. | जॉब/कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू.) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2701-एस.आर.-मद के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विकासखण्ड विकासनगर में ढकरानी नहर का कुलावा न0-01 अनील अरोडा के घर से गोविन्द कोठारी के घर तक ऑफसूट मरम्मत का कार्य। | 9800.00 | 500+18% G.S.T | 4 माह |
| 2. | 2701-एस0आर0 - मद के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विकासखण्ड विकासनगर मे पृथ्वीपुर नहर के ऑफसूट न0-10 की शाखा गूल पर ग्राम छोटोवाला में नरेश एवं दिनेश के खेतों के पास गुल मरम्मत का कार्य। | 7500.00 | 500+18% G.S.T | 4 माह |
| 3. | 2701 -एस.आर.-मद के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विकासखण्ड विकासनगर मे यमुना खादर नहर के मरम्मत का कार्य। (रीच कि०मी० 2.200 से 2.400 के मध्य ) | 9700.00 | 500+18% G.S.T | 4 माह |
| 4. | 2701- एस.आर.- मद के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विकासखण्ड विकासनगर मे यमुना खादर नहर के मरम्मत का कार्य। (रीच कि०मी० 1.450 से 1.800 के मध्य ) | 8700.00 | 500+18% G.S.T | 4 माह |
| 5. | 2701-एस.आर. - मद के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विकासखण्ड विकासनगर मे यमुना खादर नहर के मरम्मत का कार्य। (रीच कि०मी० 1.150 से 1.350 के मध्य ) | 9700.00 | 500+18% G.S.T | 4 माह |
| 6. | 2701-एस.आर.-मद के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विकासखण्ड विकासनगर मे पृथ्वीपुर नहर के कुलावा न0-15 की मरम्मत कार्य। | 10000.00 | 500+18% G.S.T | 4 माह |
| 7. | 22701-एस0आर0-मद के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विकासखण्ड विकासनगर में पृथ्वीपुर नहर के कुलावा न0-05 की मरम्मत कार्य। | 3000.00 | 500+18% G.S.T | 4 माह |
| 8. | 2701-एस0आर0-मद के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विकासखण्ड विकासनगर के अम्बाडी में शिव मंन्दिर के निकट सिंचाई गूल क्षतिग्रत का मरम्मत कार्य। रीच - 550.00 से 850.00 मी0) | 9800.00 | 500+18% G.S.T | 4 माह |
| 9. | 2701- एस.आर.- मद के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विकासखण्ड विकासनगर में बाडवाला डूमेट में कटापत्थर नहर क्षतिग्रस्त मरम्मत का कार्य। (रीच - 800.00 स 1000.00 मी०) | 10000.00 | 500+18% G.S.T | 4 माह |
| 10. | 2701- एस.आर.- मद के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विकासखण्ड विकासनगर में जामनखाता नहर सेवा मार्ग बरोटीवाला शिव मंन्दिर के पास मरम्मत का कार्य। | 4600.00 | 500+18% G.S.T | 4 माह |
| 11. | 2701 - एस0आर0 - मद के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विकासखण्ड विकासनगर मे पृथ्वीपुर नहर के कुलावा न0-01 की शाखा गूल स०- 1 ( श्री अतर सिह जोशी के खेतों में) गूल का मरम्मत कार्य। | 9400.00 | 500+18% G.S.T | 4 माह |
| 12. | 2701-एस0आर0- मद के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विकासखण्ड विकासनगर मे पृथ्वीपुर नहर के कुलावा न0-09 की शाखा गूल का मरम्मत कार्य। | 8600.00 | 500+18% G.S.T | 4 माह |
| 13. | (8443- डिपोजिट कार्य) विधायक निधि मद वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नवाबगढ के डॉक्टरगंज में जौनसारी कॉलोनी में सिंचाई विभाग के नाले के ऊपर पुलिया निर्माण कार्य। | 10000.00 | 500+18% G.S.T | 4 माह |

**शर्तें:-**

1. सर्शत निविदा मान्य नही होगी।
2. एक या एक से अधिक निविदा को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारियों के पास सुरक्षित होगा।
3. अनुबन्ध करते समय अनुबन्धित राशि का 10 प्रतिशत प्रतिभूति जमा करनी होगी।
4. अनुबन्ध करते समय प्रतिभूति धनराशि पर नियमानुसार स्टाम्प शुल्क ठेकेदार को जमा करना होगा।
5. ठेकेदार को आयकर एव व्यापार कर/ जी०एस०टी० का भुगतान करना होगा।
6. निविदा दर निविदा खुलने की तिथि से 90 दिनों के लिए मान्य होगी तथा निविदा दाताओं द्वारा निविदा के साथ उक्त हेतु अपनी सहमति 100.00 रूपये के स्टाम्प पेपर पर 1.00 रूपये का रसीदी टिकट लगाकर उस पर हस्ताक्षर करके देना अनिवार्य है अन्यथा निविदायें मान्य नहीं होगी।
7. निविदा दरें शब्दों तथा अंको दोनों में लिखना अनिवार्य है तथा दरें आईटम वाईज ही मान्य होगी अन्यथा निरस्त कर दी जायेगी।
8. निविदा उन्हीं ठेकेदारों को विक्रय की जायेगी जो विभाग में नियमानुसार पंजीकृत होंगे।
9. निविदा प्रपत्र का मूल्य बिक्री के पश्चात् किसी भी दशा में वापस नहीं होगा।
10. डाक द्वारा प्रेषित निविदायें मान्य होंगी।
11. ठेकेदारों को निविदायें प्रत्येक लॉट हेतु अलग-अलग राष्ट्रीय बचतपत्र/किसान बचतपत्र ( राष्ट्रीकृत बैंक) की सी०डी०आर०/पोस्ट ऑफिस पासबुक जो कि अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, विकासनगर ( डाकपत्थर) के नाम बन्धक हो प्रस्तुत करने पर ही बेची जायेगी।
12. निर्माण सामग्री यथा मसाला, कंक्रीट इत्यादि का सैम्पल टेस्टिंग ठेकेदार द्वारा कराना होगा।

**सहायक अभियन्ता-प्रथम**
**सिंचाई खण्ड, विकासनगर**

# सीएम ने क्रिकेट और फुटबाल खेलकर बढ़ाया युवाओं का उत्साह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पिथौरागढ़।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को अपने पिथौरागढ़ जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान श्री सुरेन्द्र सिंह वल्दिया स्टेडियम पहुंचकर उच्चीकृत क्रिकेट मैदान का लोकार्पण किया तथा क्रिकेट मैदान को जनपदवासियों को समर्पित किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने क्रिकेट पिच पर स्वयं बल्लेबाजी करते हुए छह गेंदों का ओवर खेलकर पिच का औपचारिक उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री का खिलाड़ियों के साथ खेल मैदान में उत्साहपूर्ण और आत्मीय अंदाज देखने को मिला।

इसके उपरांत मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने वहां उपस्थित खिलाड़ियों एवं युवाओं से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों के साथ फुटबॉल, हॉकी एवं अन्य खेल गतिविधियों में भी सहभागिता की। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम भी हैं।





इस दौरान मुख्यमंत्री ने वहां उपस्थित समस्त युवाओं को नशे के खिलाफ शपथ भी दिलाई तथा उन्हें नशे से दूर रहकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं से नशे के खिलाफ राज्य में चल रहे अभियान से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, स्वस्थ जीवनशैली एवं सकारात्मक सोच की ओर प्रेरित करते हैं। मुख्यमंत्री ने समस्त खिलाड़ियों को आशीर्वाद प्रदान किया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 9 खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया।

**■ मुख्यमंत्री ने सुरेन्द्र सिंह वल्दिया स्टेडियम में उच्चीकृत क्रिकेट मैदान जनपदवासियों को किया समर्पित, खिलाड़ियों के साथ खेल मैदान में उतरे मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेलों के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई और उत्तराखंड को खेल के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य के युवाओं में अपार प्रतिभा एवं क्षमता है। खेल महाकुंभ जैसे आयोजनों से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों की प्रतिभाओं को अपनी कुशलता प्रदर्शित करने का बेहतरीन मंच प्राप्त हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नई खेल नीति के माध्यम से राज्य के उदीयमान खिलाड़ियों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है, ताकि वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खेल अधोसंरचना को मजबूत करने तथा आधुनिक खेल सुविधाओं के विस्तार हेतु निरंतर कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने पिथौरागढ़ सहित राज्य के विभिन्न जनपदों में खेलों के लिए बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने की बात कही। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, खेल प्रेमी एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# मोलेखाल बाजार सल्ट में पार्किंग निर्माण को मिली सैद्धांतिक मंजूरी

**■ 591.16 लाख का प्रस्ताव आगे बढ़ा, ड्रोन सर्वे से हुआ स्थल का परीक्षण**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

देहरादून।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशों के क्रम में राज्य सचिवालय में सचिव, आवास एवं राज्य संपत्ति डॉ. आर. राजेश कुमार की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री घोषणाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में "मोलेखाल बाजार, में पार्किंग निर्माण" परियोजना की प्रगति और विस्तृत आगणन पर चर्चा की गई। इस दौरान विभागीय व्यय समिति की बैठक में आवास विभाग, वित्त विभाग और नियोजन विभाग के अधिकारियों के साथ जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, अल्मोड़ा (ऑनलाइन), अधिशासी अभियंता उत्तराखण्ड आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण, देहरादून विनोद चौहान तथा निर्माण इकाई, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, रानीखेत की अभियंता नेहा रावत (ऑनलाइन) भी शामिल हुईं। कार्यदायी संस्था द्वारा परियोजना का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया।अधिकारियों ने अवगत कराया कि मोलेखाल बाजार और जौलीखाल कस्बे के आसपास वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे पार्किंग की समस्या गंभीर होती जा रही है। प्रस्तावित स्थल का ड्रोन सर्वे कर वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी के माध्यम से परीक्षण किया गया, जिसमें यह स्थान पार्किंग निर्माण के लिए उपयुक्त पाया गया। कार्यदायी संस्था ने यह भी जानकारी दी कि चयनित भूमि को आवास विभाग के नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया प्रचलित है।विस्तृत विचार-विमर्श के बाद विभागीय व्यय समिति ने परियोजना को सैद्धांतिक सहमति प्रदान करते हुए तकनीकी समीक्षा के बाद निर्धारित 591.16 लाख की धनराशि पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के लिए प्रस्ताव को नियमानुसार वित्त विभाग को भेजने के निर्देश दिए।

डॉ. आर. राजेश कुमार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं से संबंधित सभी प्रकरणों में तेजी लाई जाए।

## आग लगने से झोपड़ी खाक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** शॉटसर्किट के कारण एक झोपड़ी में अचानक लगी आग से एक लाख की नगदी व घरेलू सामान जल कर राख हो गया। आईटीआई थाना क्षेत्र के श्यामपुरम स्थित शंकर कॉलोनी निवासी रेशम देवी पत्नी रामदास की झोपड़ी में आज शॉटसर्किट होने से अचानक आग लग गई, और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

आसपास के लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक झोपड़ी में रखे करीब एक लाख रुपए नगद एवं घरेलू सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना जैसे ही पुलिस को मिली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई तथा राजस्व के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने आग में हुए नुकसान का आंकलन किया। पीड़ित के अनुसार उसने यह रूपये मकान बनाने के लिए एकत्र किये थे।

# एमडीडीए ने रेसकोर्स में अवैध बहुमंजिला व्यवसायिक भवन किया सील

**■ प्राधिकरण ने दी चेतावनी, बिना स्वीकृति निर्माण करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** अवैध निर्माणों के खिलाफ मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने शुक्रवार को सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। प्राधिकरण क्षेत्र के अंतर्गत रेसकोर्स स्थित एक बहुमंजिला व्यवसायिक भवन को सील कर दिया गया। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध निर्माण कराने वालों में हड़कंप की स्थिति बन गई है।

एमडीडीए के संयुक्त सचिव प्रत्यूष सिंह के निर्देशों पर यह कार्रवाई अमरजीत सिंह द्वारा 03 रेसकोर्स, देहरादून में कराए जा रहे व्यवसायिक बहुमंजिला निर्माण पर की गई। प्राधिकरण की टीम ने मौके पर पहुंचकर भवन को सील किया और स्पष्ट संदेश दिया कि बिना स्वीकृति निर्माण करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। बताया गया कि संबंधित निर्माण प्राधिकरण की स्वीकृत मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया था।



लगातार मिल रही शिकायतों और जांच के बाद एमडीडीए ने कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता निषांत कुकरेती, अवर अभियंता जयदीप राणा समेत सुपरवाइजर और अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

## भवन निर्माण से पहले प्राधिकरण से स्वीकृति अवश्य लें : बंशीधर तिवारी

एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने देहरादून शहर का सुनियोजित विकास एमडीडीए की प्राथमिकता है। किसी भी व्यक्ति को नियमों की अनदेखी कर अवैध निर्माण करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। रेसकोर्स क्षेत्र में की गई कार्रवाई इसी अभियान का हिस्सा है। प्राधिकरण लगातार ऐसे निर्माणों की निगरानी कर रहा है जो बिना स्वीकृति या मानकों के विपरीत बनाए जा रहे हैं। हमने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अवैध निर्माणों एके खिलाफ बिना किसी दबाव के सख्त कार्रवाई की जाए। शहर की यातायात व्यवस्था, सुरक्षा और भविष्य की प्लानिंग को देखते हुए नियमों का पालन बेहद जरूरी है। आम नागरिक भी भवन निर्माण से पहले प्राधिकरण से स्वीकृति अवश्य लें। भविष्य में भी अवैध निर्माणों पर अभियान और तेज किया जाएगा।

## बिना अनुमति निर्माण किया तो होगी कठोर कार्रवाई: बर्निया

एमडीडीए के सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माणों के खिलाफ नियमित अभियान चलाया जा रहा है। रेसकोर्स स्थित व्यवसायिक बहुमंजिला भवन पर नियमानुसार सीलिंग की कार्रवाई की गई है। संबंधित पक्ष को पूर्व में नोटिस भी जारी किए गए थे। एमडीडीए की टीम लगातार ऐसे मामलों पर नजर बनाए हुए है। यदि कोई व्यक्ति बिना अनुमति निर्माण करता पाया गया तो उसके खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर .......

### चंबा पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का आयोजन

**नई टिहरी।** पुलिस लाइन चंबा में साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। एसएसपी श्वेता चौबे के नेतृत्व में आयोजित परेड में पुलिस अधिकारियों व उत्साह व अनुशासन के साथ प्रतिभाग किया। परेड के द्वारा जवानों को विभिन्न जानकारियां दी गई व शस्त्रों का तकनीकी अभ्यास कराया गया। परेड के दौरान एसएसपी श्वेता चौबे ने स्वयं मैदान में दौडकर पुलिस जवानों का हौसला बढाया गया। इस दौरान पुलिस कर्मियों को शस्त्र अभ्यास भी कराया गया। जवानों को आधुनिक हथियारों सुरक्षित संचालन, रखरखाव तथा आपत परिस्थितियों में त्वरित उपयोग संबंधी तकनीकी का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान पुलिस जवानों की फूर्ति, सामरिक तैयारी व अनुशासन देखने योग्य था। इस दौरान एसएसपी ने भोजनालय एवं प्रशिक्षण व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता बढाने, साफ-सफाई रखने व वाहन की फिटनेशन रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जवानों को किसी भी किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए हर समय तैयार रहने पर जोर दिया गया।

### एडीएम ने कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर मॉनिटरिंग एवं रिकॉर्ड व्यवस्था जांची

**नई टिहरी।** शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी द्वारा जनपद टिहरी गढ़वाल स्थित आपदा कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कंट्रोल रूम में पुलिस एवं होमगार्ड के कार्मिक उपस्थित पाए गए। अपर जिलाधिकारी द्वारा कंट्रोल रूम में रखे अभिलेखों एवं रिकॉर्ड के रख-रखाव का निरीक्षण किया गया, जो संतोषजनक पाया गया। साथ ही सीसीटीवी व्यवस्था भी सुचारु रूप से संचालित पाई गई। निरीक्षण के दौरान कुल 87 इंस्टॉल्ड कैमरों के माध्यम से मुनिकीरेती, चंबा, बौराड़ी, नरेंद्रनगर एवं नई टिहरी क्षेत्रों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही थी। एडीएम द्वारा मॉनिटरिंग के साथ-साथ चालान काटने की कार्यवाही का भी अवलोकन किया गया। इस अवसर पर कांस्टेबल स्वाति, कांस्टेबल निधि एवं अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बांध प्रभावितों व विस्थापितों का क्रमिक अनशन नौवें दिन भी जारी

**नई टिहरी।** टिहरी बांध प्रभावितों और विस्थापितों का बौराड़ी स्थित गणेश चौक पर क्रमिक अनशन बुधवार को 11 दिन भी जारी रहा। आंदोलनकारियों ने कहा कि यह उनकी आर-पार की लडाई है जब तक मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। प्रदर्शनकारियों ने शासन-प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि वे पिछले दो माह से अधिक समय से शांतिपूर्ण धरना दे रहे हैं, लेकिन उनकी आवाज को लगातार अनसुना किया जा रहा है। इसी के चलते उन्हें अनशन का रास्ता अपनाना पड़ा। बुधवार को क्रमिक अनशन पर कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष आशा रावत और शगुफ्ता प्रवीन बैठे। आंदोलनकारियों का कहना है कि लंबे समय से धरना देने के बावजूद प्रशासन ने उनकी कोई सुध नहीं ली। उन्होंने इसे अपने अधिकारों की लड़ाई बताते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। आंदोलनकारियों की प्रमुख मांगों में टिहरी बांध से मिलने वाली 12 प्रतिशत रायल्टी को जिले के विकास कार्यों में खर्च करना, प्रभावित परिवारों को मुफ्त बिजली और पानी उपलब्ध कराना शामिल है। उन्होंने शासन-प्रशासन से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए शीघ्र समाधान निकालने की मांग की है। धरना स्थल पर सागर भंडारी, मानवेंद्र सिंह रावत, देवांक चमोली आदि मौजूद रहे।

### नवनियुक्त न्यायिक अधिकारियों का स्वागत

**काशीपुर।** बार एसोसिएशन काशीपुर द्वारा बार भवन में स्वागत समारोह आयोजित किया गया, जिसमें नवनियुक्त न्यायाधीशों प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय गीता चौहान, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विशेष न्यायाधीश एनआई एक्ट शचि शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेंद्र कुमार तथा प्रथम अपर सिविल जज चेतन गौतम का स्वागत किया गया। इस मौके पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष गिरिजेश खुल्वे ने कहा कि न्याय के लिए बार और बेंच में आपसी समन्वय होना नितांत आवश्यक है। संचालन कर रहे बार एसोसिएशन के सचिव यशवंत सिंह चौहान ने कहा कि हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि नवनियुक्त न्यायाधिकारीगण अपने न्यायिक कार्यों से न्याय की नई परिभाषा लिखेंगे।

# सरकार जनता के द्वार' कार्यक्रम में पाली गांव में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**■ अखरोट ग्राम का हुआ लोकार्पण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** सरकार जनता के द्वार' कार्यक्रम के अंतर्गत आज जनपद के विकासखंड जाखणीधार की ग्राम पंचायत चडियारा के राजस्व ग्राम पाली में प्रभारी जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल की अध्यक्षता में बहुउद्देशीय शिविर एवं जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तराखंड हिमालयी क्षेत्र में सतत ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने हेतु संचालित परियोजना के तहत एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय एवं प्रभारी जिलाधिकारी वरुणा अग्रवाल ने अखरोट ग्राम का लोकार्पण किया गया। टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा कि पहाड़ के लोग सबसे अधिक शक्तिशाली और परिश्रमी हैं। किसी क्षेत्र की मजबूती ही देश की मजबूती का आधार बनती है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है और इस प्रकार के कार्यक्रम उसी दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत ने कहा कि यदि इस प्रकार के बहुउद्देशीय शिविर गांव स्तर पर आयोजित होते रहें तो आमजन को मुख्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे तथा स्थानीय स्तर पर ही समस्याओं का समाधान संभव होगा। प्रभारी जिलाधिकारी अधिकारी वरुणा अग्रवाल ने कहा कि क्लस्टर आधारित अखरोट खेती को बढ़ावा देना सराहनीय पहल है। उन्होंने किसानों से उद्यान विभाग के संपर्क में रहकर योजनाओं का लाभ लेने तथा खेती से जुड़ी समस्याओं के समाधान हेतु विभागीय समन्वय बनाए रखने की अपील की।



कार्यक्रम में अमित उपाध्याय द्वारा अखरोट की खेती से संबंधित तकनीकी एवं व्यावहारिक जानकारी दी गई। भूमि संरक्षण अधिकारी पवन काला ने जनसहभागिता आधारित कार्यों, घेराबाड़, कृषि यंत्रों एवं फसल बीमा योजनाओं की जानकारी साझा की।

बाल विकास एवं महिला सशक्तिकरण अधिकारी संजय गौरव ने मातृ वंदना योजना सहित महिला एवं बाल कल्याण से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान बाल विकास एवं महिला सशक्तिकरण विभाग द्वारा दो महिलाओं को महालक्ष्मी किट वितरित की गई।

## शिक्षा, अनुशासन और संस्कार ही उज्ज्वल भविष्य की नींव: सीडीओ

**नई टिहरी।** बुधवार को केंद्रीय विद्यालय सौरखंड में विद्यालय का वार्षिकोत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी टिहरी गढ़वाल वरुणा अग्रवाल उपस्थित रहीं। अपने संबोधन में मुख्य विकास अधिकारी ने विद्यार्थियों को शिक्षा, अनुशासन एवं संस्कारों के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार एवं अनुशासन ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा मेधावी एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही विद्यालय परिवार को सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएँ एवं आशीर्वचन प्रदान किए गए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में दिवाकर पैन्यूली की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यालय के प्राचार्य वेद प्रकाश ने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों एवं भावी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने सराहा।



केंद्रीय विद्यालय सौरखंड का वार्षिकोत्सव समारोह के साथ सम्पन्न

## भाजपा में शामिल हुए दर्शन लाल का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**नई टिहरी।** हाल ही में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए क्षेत्र के समाजसेवी दर्शन लाल आर्य के घनसाली पहुंचने पर कार्यकर्ताओं द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। घनसाली पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और नारों के साथ दर्शन लाल आर्य का अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका भाजपा से जुड़ाव नया नहीं है। उन्होंने कहा कि वह पहले भी भाजपा के साथ थे और आज भी उसी विचारधारा के प्रति समर्पित हैं। दर्शन लाल आर्य ने कहा कि उन्होंने किसी व्यक्तिगत स्वार्थ या लाभ के लिए पार्टी का दामन नहीं थामा है, बल्कि राष्ट्रहित और संगठन की मजबूती के उद्देश्य से वह भाजपा में सक्रिय हुए हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले समय में पार्टी उन्हें जो भी जिम्मेदारी देगी, वह उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि उनका लक्ष्य क्षेत्र के विकास, जनसेवा और पार्टी संगठन को मजबूत करना है। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी की नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान भी किया। डोईवाला नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी ने कहा आज देश भर में भाजपा अपना परचम लहरा रही है और दर्शन लाल आर्य ने पिछले कई वर्षों से देश विदेश में लोगों की सेवा की है।

# रुद्रप्रयाग में बाल विवाह पर प्रशासन का बड़ा प्रहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद रुद्रप्रयाग के अगस्त्यमुनि क्षेत्र में प्रशासन, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त तत्परता से एक नाबालिग बालिका की सगाई रुकवाकर बाल विवाह पर प्रभावी कार्रवाई की गई। समय रहते हस्तक्षेप कर प्रशासन ने न केवल एक बालिका का भविष्य सुरक्षित किया, बल्कि समाज को भी बाल विवाह जैसी कुप्रथा के खिलाफ सख्त संदेश दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती सात मई की रात्रि लगभग आठ बजे चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर अगस्त्यमुनि क्षेत्र के डांगी पठालीधार गांव में बाल विवाह की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही डॉ. अखिलेश कुमार मिश्र के निर्देशन में गठित संयुक्त टीम तत्काल सक्रिय हो गई। टीम में चाइल्ड हेल्पलाइन, जिला बाल कल्याण समिति एवं पुलिस विभाग के अधिकारी शामिल थे।



**■ अगस्त्यमुनि में नाबालिग की सगाई रुकवाई समय रहते बचा भविष्य**

शुक्रवार प्रातः लगभग 11 बजे टीम गांव पहुंची, जहां एक नाबालिग बालिका की सगाई क्यार्क बरसूड़ी में संपन्न कराए जाने की तैयारी चल रही थी। मौके पर अधिकारियों ने वर एवं वधु पक्ष को बाल विवाह निषेध अधिनियम के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है तथा इसमें शामिल दोनों पक्षों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

इस कार्रवाई में चाइल्ड हेल्पलाइन की काउंसलर पूजा भंडारी, केस वर्कर अखिलेश सिंह, जिला बाल कल्याण समिति की सदस्य गीता मलासी, पुलिस विभाग से चौकी प्रभारी भोपाल सिंह एवं कांस्टेबल विनय कोठारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**

☎0135-2743363

R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656

मोबाइल-9720007290

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# चोपता फलासी में नौ दिवसीय महा बन्याथ का भव्य समापन

**■ 25 वर्षों बाद गूंजा आस्था का महासंगम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** तल्लानागपुर की आस्था, संस्कृति और लोकपरम्पराओं के केंद्र के रूप में विख्यात भगवती चण्डिका की पावन तपस्थली चोपता फलासी में 25 वर्षों बाद आयोजित ऐतिहासिक नौ दिवसीय महा बन्याथ का समापन विधिवत पूर्णाहुति एवं विशाल भण्डारे के साथ सम्पन्न हो गया। इस ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन ने सम्पूर्ण क्षेत्र को भक्ति, श्रद्धा और सांस्कृतिक चेतना से सराबोर कर दिया।



पूर्णाहुति के अवसर पर चोपता फलासी में हजारों श्रद्धालुओं, धियाणियों, प्रवासी ग्रामीणों एवं दूर-दराज से पहुंचे भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिर परिसर और यज्ञ स्थल श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। वैदिक मंत्रोच्चार, ढोल-दमाऊं, रणसिंघा और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की दिव्य ध्वनि से सम्पूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित हो उठा।विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक रीति-विधान से सम्पन्न कराए गए यज्ञ अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं विश्व कल्याण की कामना की। महा बन्याथ की पूर्णाहुति में राज्य मंत्री चण्डी प्रसाद भट्ट एवं भाजपा नेता पंकज भट्ट भी शामिल हुए।

पूर्णाहुति के अवसर पर कोल्लू भन्नू के ग्रामीणों द्वारा विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। तुंगेश्वर मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं, पंचकोटी, सहयोगियों एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए भगवती चण्डिका से सभी के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।इस अवसर पर मंदिर समिति प्रबंधक कल्याण सिंह नेगी, अध्यक्ष मानवेन्द्र बर्त्वाल, उपाध्यक्ष दलवीर सिंह राणा, सचिव पूर्ण सिंह खत्री, सह सचिव मगन सिंह नेगी, कोषाध्यक्ष यशवन्त सिंह नेगी, पंडित जगदम्बा प्रसाद बेंजवाल, त्रिलोचन भट्ट आदि मौजूद रहे।

# पोखरी धाम में बह रही श्रीमद भागवत कथा की अमृतधारा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर (कपकोट)।** पोखरी स्थित श्री श्री 1008 गुरु गोरखनाथ, आदि शक्ति भगवती माता एवं बाण देवता के पावन धाम में आयोजित संगीतमय श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना हुआ है। कथा श्रवण के लिए क्षेत्र सहित दूर-दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। वेद व्यास स्वरूप रामानंद वैष्णव आश्रम पिथौरागढ़ के महंत श्री श्री 108 रमेश दास महाराज कथा वाचन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद भागवत कथा सुनने मात्र से मनुष्य भवसागर से पार हो जाता है। कथा के दौरान उन्होंने ईश्वर के विभिन्न स्वरूपों एवं सृष्टि की रचना का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान भक्तों के हृदय में निवास करते हैं और उन्हें प्राप्त करने के लिए सच्ची भक्ति आवश्यक है। भागवत कथा का आयोजन मंदिर समिति के तत्वावधान में किया जा रहा है। कथा का शुभारंभ 6 मई से हुआ, जबकि समापन 12 मई को हवन यज्ञ एवं विशाल भंडारे के साथ होगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कथा के उपरांत प्रतिदिन भंडारे की व्यवस्था भी की जा रही है। मंदिर कमेटी अध्यक्ष कैप्टन दरबान सिंह गढ़िया ने क्षेत्रवासियों से अनुष्ठान को भव्य एवं दिव्य बनाने में सहयोग की अपील की। कथा स्थल पर श्रद्धालु भक्तिमय भजनों का आनंद भी ले रहे हैं। प्रदेश शासन में दर्जा प्राप्त मंत्री भूपेश उपाध्याय ने भी कथा स्थल पहुंचकर कथा श्रवण किया। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पुजारी कुंदन गढ़िया, संयोजक नवीन गढ़िया, आचार्य पूरन चंद्र जोशी, हरि दत्त जोशी, भुवन गढ़िया, सूबेदार आनंद जोशी एवं पंडित ललित जोशी सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे। इधर बाबा बागनाथ मंदिर में शिव महापुराण जारी है। मंदिर में आए दिन हजारों श्रद्धालु कथा सुनने को पहुंच रहे है। नियत कथा के पश्चात विशाल भंडारे का आयोन हो रहा है।

# युवा टाइग्रेस ने लेबनान को हराकर रचा इतिहास

**सूझोउ (चीन), वार्ता।** भारत ने शुक्रवार को सूझोउ ताइहू फुटबॉल स्पोर्ट्स सेंटर पिच 8 पर खेले गए अपने अंतिम ग्रुप बी मुक. ाबले में लेबनान को 4-0 से हराकर एएफसी अंडर-17 महिला एशियन कप चीन 2026 के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को जीवित रखा। युवा टाइग्रेस के लिए प्रीतिका बर्मन ने दो गोल दागे,

जबकि अल्वा देवी सेनजाम और जोया ने भी गोल किए। इस जीत के साथ भारत ने 2005 के बाद पहली बार एएफसी अंडर-17 महिला एशियन कप में जीत दर्ज की और पहली बार गोल भी किए। इस शानदार जीत के बाद भारत टूर्नामेंट की दो सर्वश्रेठ तीसरे स्थान वाली टीमों में शामिल होकर क्वार्टरफाइनल में पहुंचने की मजबूत स्थिति में है। अब फिलीपींस को चीनी ताइपे को 12 गोल से हराना होगा, जबकि चीनी ताइपेको 13 गोल के अंतर से जीत दर्ज करनी होगी। करो या मरो वाले इस मुकाबले में भारत ने पिछले मैच की तुलना में केवल एक बदलाव किया, जिसमें पर्ल फर्नांडिस की जगह अनुश्का कुमारी को शामिल किया गया।

भारतीय टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और सातवें मिनट में बढ़त हासिल कर ली। दिव्यानी लिडा ने राइट-बैक पोजिशन से लंबा पास आगे बढ़ाया, जिसे प्रीतिका ने शानदार तरीके से नियंत्रित किया।

उन्होंने लेबनान की डिफेंडर जोया बू असाफ को छकाते हुए बाएं पैर से बेहतरीन शॉट लगाया, जिसे गोलकीपर मैरी जो चेब्ली नहीं रोक सकीं। शुरुआती गोल के बाद भारतीय खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ गया और टीम ने शानदार पासिग व आक्रामक प्रेसिग के जिरए मैच पर पकड़ बना ली। कुछ ही देर बाद भारत को दूसरा गोल करने का मौका मिला जब अनुश्का कुमारी बॉक्स के अंदर जगह बनाने में सफल रहीं।

# DC ने KKR को दिया 143 रन का टारगेट दिया

### 6 ओवर में KKR ने दो विकेट खोकर बनाए 43 रन

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल में शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 143 रन का टारगेट सेट किया है। अरुण जेटली स्टेडियम में कोलकाता ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। दिल्ली ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 142 रन बनाए। जवाब में कोलकाता ने 2 ओवर में बिना नुकसान के 17 रन बना लिया है। कप्तान अजिंक्य रहाणे और फिन एलन क्रीज पर हैं। ओपनर पाथुम निसांका ने 29 बाल पर 50 रन की पारी खेली। जबकि आशुतोष शर्मा ने 39 रन का योगदान दिया। केएल राहुल ने 23 रन बनाए। कोलकाता की ओर से अनुकूल राय और कार्तिक त्यागी ने 2-2 विकेट झटके। वैभव अरोड़ा, सुनील नरेन और कैमरन ग्रीन को एक-एक विकेट मिला। एक बैटर रनआउट हुआ। कोलकाता की पारी के पहले ओवर से 6 रन आए। फिन एलन ने मिचेल स्टार्क की 5वीं बाल पर स्ट्रेट में चौका लगाया। दिल्ली ने कुलदीप यादव को इम्पैक्ट प्लेयर बनाया है। वे आशुतोष शर्मा की जगह मैदान पर आए। 20वें ओवर में दिल्ली के दो विकेट गिरे। कार्तिक त्यागी की बाल पर कप्तान अजिंक्य रहाणे ने आशुतोष शर्मा को कवर्स पर कैच किया। इसी ओवर में मिचेल स्टार्क रनआउट हो गए। वे खाता भी नहीं खोल सके। 19वें ओवर की तीसरी बाल पर दिल्ली ने छठा विकेट गंवाया। यहां पर कप्तान अक्षर पटेल 22 बाल पर 11 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें वैभव अरोड़ा ने अनुकूल राय के हाथों कैच कराया। अनुकूल ने डीप मिडविकेट बाउंड्री पर रनिंग कैच पकड़ा। ऑफ स्टंप के बाहर धीमी गेंद पर अक्षर ने फ्लैट पुल शाट खेला। अनुकुल बाईं ओर तेजी से दौड़े और कमर की ऊंचाई पर शानदार कैच लपका। कैच लेते समय उनका पैर जमीन में फंस गया और वह गिर पड़े, लेकिन गेंद पर पकड़ नहीं छोड़ी। 17वें ओवर में आशुतोष शर्मा ने वरुण चक्रवर्ती की तीसरी बाल पर छक्का लगाया। यहां 38 बाल के बाद बाउंड्री आई। आशुतोष ने अगली 2 बाल पर पर लगातार दो चौके लगाए। वरुण के इस ओवर से 16 रन आए। 16वें ओवर में दिल्ली ने 100 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। अक्षर पटेल ने सुनील नरेन की आखिरी बाल पर सिंगल लिया। सुनील के इस ओवर से 2 रन आए। उन्होंने अपने कोटे के 4 ओवर में 17 रन देकर एक विकेट लिया। 12वें ओवर में सुनील नरेन ने महज एक रन दिया। यह रन सिंगल के जरिए आया। नरेन ने 5 गेंद डाट कराई। वे 3 ओवर की गेंदबाजी में 15 रन ही दिए हैं। 11वें ओवर में अनुकूल राय ने पाथुम निसांका और ट्रिस्टन स्टब्स को पवेलियन भेजा। निसांका 50 और स्टब्स 2 रन पर आउट हुए। राय ने निसांका को विकेटकीपर अंगकृष रघुवंशी के हाथों स्टंप कराया।



नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज आशुतोष अपनी पारी के दौरान शॉट खेलते।

## खेल विशेष

### भारत का मैसूर करेगा लेटेप बाय टूर डी फ्रांस स्पर्धा की मेजबानी

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत के कर्नाटक प्रांत का मैसूर शहर चार अक्टूबर को दुनिया भर में मशहूर लेटेप बाय टूर डी फ्रांस साइकि. लिंग स्पर्धा की मेजबानी करेगा। यह भारत में इस रेस का पहला संस्करण है। यह स्पर्धा, एनईबी स्पोर्ट्स ने शुक्रवार को कर्नाटक टूरिज्म और टूर डी फ्रांस के ऑर्गनाइजर, अमौरी स्पोर्ट ऑर्गनाइजेशन (एएसओ) के साथ मिलकर इस रेस के भारत में कराये जाने की घोाणा की। इस घोाणा के साथ 20 से अधिक देशों में होने वाली अंतरराट्रीय लेटेप एमेच्योर साइकिलिंग सीरीज में भारत प्रवेश करने जा रहा है। एनईबी स्पोर्ट्स ने आज यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इस स्पर्धा का आधिकारिक लोगो और वेबसाइट लॉन्च की, और इस इनिशिएटिव को कर्नाटक में स्पोर्ट्स टूरिज्म और एंड्योरेंस स्पोर्ट्स कल्चर के लिए एक बड़ा बूस्ट बताया। लेटेप मैसूर में अलग-अलग स्किल लेवल के साइकिलिस्ट के लिए चार रेस कैटेगरी होंगी।

### भारतीय टीम के स्पिन-बॉलिंग कोच बन सकते हैं सैराज

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के पूर्व स्पिनर सैराज बहुतुले, जो अभी पंजाब किंग्स से जुड़े हैं, के मौजूदा आईपीएल सीजन के बाद फ्रेंचाइजी से अलग होने की उम्मीद है। समझा जाता है कि उन्होंने हेड कोच गौतम गंभीर और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सीनियर अधिकारियों सहित सभी संबंधित लोगों से बातचीत की है। बीसीसीआई के सूत्रों का कहना है कि बाहुतुले (53), जिन्होंने 2001 से 2003 के बीच भारत के लिए दो टेस्ट और आठ वनडे मैच खेले हैं, अपनी स्पिन-बॉलिंग कोचिग के हुनर के लिए काफी मशहूर हैं। माना जाता है कि इसी बात ने हेड कोच गौतम गंभीर का ध्यान खींचा है।

### नाहिद, जतिद व अजय 'प्लेयर ऑफ द मंथ' की दौड़ में

**दुबई, वार्ता।** बंगलादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा, ओमान के कप्तान जतिदर सिह और संयुक्त अरब अमीरात के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अजय कुमार को अप्रैल के लिए आईसीसी पुरु प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए सूचीबद्ध किया गया हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट, श्रीलंका की बल्लेबाज इमेशा दुलानी और ब्राजील की ऑल-राउंडर लॉरा कार्डोसा महिला वर्ग के पुरस्कार की सूची में हैं। राणा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ घर पर तीन एकदिवसीय मैचों में प्लेयर ऑफ द सीरीज की कोशिश के बाद पुरु शॉर्टलिस्ट में जगह बनाई है, सिह ने नेपाल में आईसीसी पुरु क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग 2 में अपने प्रदर्शन से इस लाईन में है , जबकि कुमार ने उसी सीरीज में अपने वनडे करियर की शानदार शुरुआत के बाद इस दौड़ में शामिल है।

# टॉप-4 की जंग में उतरेंगे राजस्थान-गुजरात

**जयपुर, वार्ता।** टीनएज बैटिंग के कमाल के खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी एक बार फिर राजस्थान रॉयल्स की उम्मीदों का बोझ अपने कंधों पर उठाएंगे, जब शनिवार को सवाई मानसिह स्टेडियम में होने वाले आईपीएल 2026 के एक अहम मुकाबले में उनका सामना गुजरात टाइटन्स से होगा। दोनों टीमें प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए जोरदार टक्कर दे रही हैं।

15 साल के इस सनसनीखेज खिलाड़ी ने इस सीजन की सबसे बड़ी कहानी लिख दी है, और राजस्थान रॉयल्स को इस टूर्नामेंट की सबसे खतरनाक बैटिंग यूनिट में से एक बना दिया है। 10 पारियों में 404 रन और 237-65 के जबरदस्त स्ट्राइक रेट के साथ, सूर्यवंशी ने अपनी कम उम्र के बावजूद आईपीएल 2026 के सबसे उभरते सितारों में से एक के तौर पर अपनी पहचान बना ली है। शनिवार का यह मुकाबला टूर्नामेंट के एक बहुत ही अहम मोड़ पर हो रहा है। राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटन्स, दोनों ही 10 मैचों में 12-12 अंकों पर बराबरी पर हैं, हालांकि रॉयल्स का नेट रन रेट अभी बेहतर है। लीग के कुछ ही मैच बाकी होने की वजह से, एक और हार किसी भी टीम के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को बड़ा झटका दे सकती है। राजस्थान के लिए दबाव और भी ज्यादा है, क्योंकि इस सीजन में अपने घरेलू मैदान पर उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। टूर्नामेंट की शुरुआत लगातार चार जीत के साथ जोरदार तरीके से करने के बावजूद, राजस्थान ने हैरानी की बात है कि जयपुर में अपने दोनों मैच गंवा दिए हैं। अब टीम के सामने टॉप-2 में जगह न बना पाने का खतरा मंडरा रहा है, जब तक कि वे सवाई मानसिह स्टेडियम में अपनी पुरानी धाक वापस न जमा लें। इस जिम्मेदारी का ज्यादातर बोझ सूर्यवंशी के कंधों पर है, जिनकी निडर बैटिंग ने फैंस और एक्सपर्ट्स, दोनों को ही अपना दीवाना बना लिया है। इस सीजन की शुरुआत में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सिर्फ 37 गेंदों में बनाए गए उनके शानदार 103 रन, इस टूर्नामेंट की सबसे यादगार पारियों में से एक हैं।

टॉप ऑर्डर में उनकी आक्रामक शुरुआत की वजह से राजस्थान लगातार बड़े स्कोर बनाने या उनका पीछा करने में कामयाब रहा है। इस युवा खिलाड़ी को यशस्वी जायसवाल का भी जोरदार साथ मिला है, जिन्होंने इस सीजन में चुपचाप 300 से ज्यादा रन बना लिए हैं। वहीं, विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने, पूर्व कप्तान संजू सैमसन के टीम से जाने के बाद, बैटिंग में अपनी बढ़ी हुई भूमिका में शानदार प्रदर्शन किया है। कप्तान रियान पराग भी पिछले मैच में 90 रनों की तूफानी पारी खेलकर अपनी पुरानी लय में लौट आए हैं, जिससे इस सीजन में उनके उतार-चढ़ाव भरे प्रदर्शन को लेकर उठ रही चिताएं भी दूर हो गई हैं।



# फीफा विश्वकप के एंथम 'दाई दाई' की सोशल मीडिया पर धूम

**(ब्राजील), वार्ता।** कोलंबिया की मशहूर गायिका शकीरा द्वारा अंतरराट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट फीफा विश्वकप 2026 के लिए पेश किये गये गीत 'दाई दाई' का टीजर सोशल मीडिया मंच धूम मचा रहा है।

पिछले कई सालों में देखा गया है कि जब तक शकीरा नहीं गाती है, तब तक यह फीफा विश्व कप शुरु नहीं होता।उन्होंने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ऑफिशियल एंथम दाई दाई का टीजर, कोलंबियाई सुपरस्टार के 2010 के अंतरराट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट, वाका वाका (दिस टाइम फॉर अफीका) का एंथम साउथ अफीका में गाने के 16 साल बाद और जर्मनी में 2006 फीफा वर्ल्ड कप की क्लोजिग सेरेमनी में हिप्स डोंट लाइ (बैम्बू) का अडैप्टेड वर्जन गाने के 20 साल बाद आया है। 2026 एंथम के टीजर में, शकीरा को ब्राजील के रियो डी जेनेरियो के मशहूर माराकाना स्टेडियम में डांसर्स की एक जो आने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली अलग-अलग फुटबॉल टीमों को ट्रिब्यूट देते हैं, जिसमें शकीरा ने कोलंबिया के पीले और नीले रंग के कपड़े पहने हैं। शकीरा ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, माराकाना स्टेडियम से, ये रहा 'दाई दाई', एटदारेट फीफावर्ल्डकप का आधिकारिक गाना 2026, साथ ही उन्होंने एफ्रोबीट्स स्टार बर्ना बॉय का भी जिक्र किया।

# पर्पल कैप टेबल में तीसरे स्थान पर पहुंचे प्रिंस यादव

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2026 में गुरुवार रात लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को नौ रन से हराया। हालांकि इस मैच के बाद ऑरेंज कैप टेबल में कुछ ज्यादा बदलाव नहीं हुआ, लेकिन पर्पल कैप की रेस जरूर दिलचस्प हो गई है। पर्पल कैप लीडरबोर्ड प्रिंस यादव: यह नाम अब विराट को. हली शायद लंबे समय तक नहीं भूलेंगे। एलएसजी के इस तेज गें. दबाज ने आरसीबी के स्टार बल्लेबाज को दूसरी ही गेंद पर शानदार इनस्विंग से बोल्ड कर दिया। मैच में यह प्रिंस का पहला विकेट था।

बाद में उन्होंने कुल तीन विकेट लिए और इस सीजन अपने विकेटों की संख्या 16 तक पहुंचा दी। यह आंकड़ा गुजरात टाइटंस (जीटी) के कगिसो रबाडा और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के इशान मलिंगा के बराबर है। हालांकि बेहतर इकॉनमी रेट के कारण प्रिंस उनसे ऊपर हैं। प्रिंस की इकॉनमी 8.08 की है, जबकि रबाडा ने 9.23 और मलिंगा ने 9.44 रन प्रति ओवर दिए हैं। इन तीनों से ऊपर सिर्फ आरसीबी के भुवनेश्वर कुमार और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अंशुल कम्बोज हैं, जिनके नाम 17 विकेट हैं। भुवनेश्वर के पास टॉप पर अकेले पहुंचने का मौका था, लेकिन वह एलएसजी के खिलाफ विकेट नहीं ले सके। ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड भुवनेश्वर की तरह को. हली के पास भी रन स्कोरर्स की सूची में ऊपर जाने का मौका था, लेकिन वह इस मैच में खाता नहीं खोल सके।



# बीसीसीआई आईपीएल टीमों पर गाइडलाइंस के पालन की जांच करेगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि वह आईपीएल टीमों पर समय-समय पर जांच करेगा ताकि गुरुवार शाम को टीमों को जारी की गई नई गाइडलाइंस के पालन का पता चल सके। ये अचानक जांच बीसीसीआई/आईपीएल की ऑपरेशन टीमों द्वारा की जाएंगी।

बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने फ्रेंचाइजियों को भेजे अपने संदेश में कहा है कि बीसीसीआई/ आईपीएल ऑप रेशन टीम इस एडवाइजरी में दिए गए निर्देशों के पालन का पता लगाने के लिए समय-समय पर जांच कर सकती है। टीम मैनेजरों को सभी मंजूर मेहमानों के आने-जाने और होटल में उनकी गतिविधियों का रिकॉर्ड रखना जरूरी है। ऊपर बताए गए निर्देशों का कोई भी उल्लंघन होने पर, उसकी जानकारी जल्द से जल्द आईपीएल ऑपरेशन टीम या संबंधित आईपीएल वेन्यू टीम को खुद देनी होगी। बीसीसीआई को पूरा भरोसा है कि सभी आईपीएल फ्रेंचाइजियां इस एडवाइजरी को उतनी ही गंभीरता से लेंगी जितनी इसकी जरूरत है, और इंडियन प्रीमियर लीग की गरिमा और साख को बनाए रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएंगी। पालन न करने के नतीजे सैकिया ने टीमों को गाइडलाइंस का पालन न करने के नतीजों के बारे में भी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि किसी भी उल्लंघन को एक गंभीर अनुशासनात्मक मामला माना जाएगा।

# हम जीत से बस दो ही शॉट पीछे रह गए: रजत पाटीदार

**लखनऊ, वार्ता।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ गुरुवार को मिली हार आईपीएल 2026 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरस. ीबी) की चौथी हार थी। पिछले सीजन जब टीम ने अपना पहला आईपीएल खिताब जीता था, तब पूरे टूर्नामेंट में उन्हें सिर्फ चार ही हार मिली थी। क्या इसका मतलब इस बार टीम के प्रदर्शन में तीव्रता की कमी है? कप्तान रजत पाटीदार ऐसा नहीं मानते। उनका कहना है, हम इस सोच के साथ नहीं खेल रहे कि हमें खतिाब डिफेंड करना है।

उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि हम इस सीजन डिफेंडिंग चैंपियन की तरह नहीं खेल रहे हैं। हमारे पास फिर से चैंपियन बनने का मौका है। हमें आक्रामक क्रिकेट खेलनी है। हम रक्षात्मक माइंडसेट के साथ नहीं खेल रहे। यह नया सीजन है। 2025 में जो हुआ, वह बीत चुका है। एलएसजी के खलिाफ मैच में लखनऊ का मौसम भी परेशानी बना, लेकिन 210 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी लंबे समय तक मुकाबले में बनी रही। हालांकि खराब पावरप्ले (जहां टीम ने 45 रन पर दो विकेट गंवाए) और मिडिल ओवर्स में 29 रन के अंदर तीन विकेट गिरने से टीम पिछड़ गई। पाटीदार ने कहा, मैं शुरुआत मिचेल मार्श से करूंगा। उन्होंने इस विकेट पर शानदार बल्लेबाजी की। यह बल्लेबाजों के लिए अच्छी पिच थी। पावरप्ले में जिस तरह उन्होंने शुरुआत की, उससे हम पर दबाव आया। उन्होंने आगे कहा कि उसके बाद हमारे गेंदबाजों ने जिस तरह मैच कंट्रोल किया, वह शानदार था। बीच में बारिश की वजह से ब्रेक मिला और हमें सोचने का समय भी मिला। कुल मिलाकर जिस तरह उन्होंने शुरुआत की और हमने मैच खत्म किया, उससे मैं काफी संतुट हूं।




## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड बागेश्वर।

पत्रांक: 192/ लेखा0/निविदा/2026-27 दिनांक: 07.05.2026

**अल्पकालीन निविदा**

विकास खण्ड में स्वीकृत निम्न निर्माण कार्य हेतु ग्रामीण निर्माण विभाग, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई / लघु सिंचाई, जल निगम आदि विभागों में डी श्रेणी एवं डी0 श्रेणी से उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदायें दिनांक 22/05/2026 के अपरान्ह 2.00 बजे तक आमंत्रित की जा रही है। निविदा प्रपत्र दिनांक 21/05/2026 के अपरान्ह 5:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निर्धारित शुल्क देकर कार्यालय कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते है। प्राप्त निविदायें दिनांक 22/05/2026 को गठित निविदा समिति के समक्ष अपरान्ह 3.00 बजे निविदाताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी। सशर्त निविदा मान्य नहीं होंगी एंव किसी भी निविदा अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा। निर्माण कार्य पूर्ण करने की अवधि 3 (तीन) माह होगी। किन्हीं अपरिहार्य कारणों से निर्धारित तिथि को अवकाश हो जाने पर मुहरबन्द निविदायें अगले कार्य दिवस को खोली जायेगी।

| क्र.सं. | योजना का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा की वैधता |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत भटखोला में मेन रोड से रमेश लाल के घर होते हुए नैना धारा की ओर सी सी मार्ग। | 21540.00 | 15 दिन |
| 2 | ग्राम पंचायत पैठाण में सी सी मार्ग निर्माण | 20400.00 | 15 दिन |
| 3 | ग्राम पंचायत बहाली में 400 मी0 सी सी मार्ग निर्माण | 20400.00 | 15 दिन |
| 4 | ग्राम पंचायत झिरौली पो0आ0 जनौटी में गोलज्यू मंदिर से जैती की ओर सी सी मार्ग | 19040.00 | 15 दिन |
| 5 | विकास खण्ड बागेश्वर के सभागार परिसर में सुदृड़ीकरण कार्य | 35000.00 | 15 दिन |

नोट-

1- निविदा की दरें प्रतिशत में मान्य होगी।

2- प्रत्येक निर्माण कार्य की पृथक-पृथक निविदा प्रस्तुत की जानी है तथा लिफाफे के बाहर निर्माण कार्य का नाम अवश्य अंकित किया जाय।

3- निविदा के साथ रू0 100/- का नाम जूडिशियल स्टाम्प पेपर रू0 1.00 का रसीद टिकट लगा होना चाहिए।

4- पंजीकृत ठेकेदार अपना पंजीकरण प्रमाण-पत्र, पैन नम्बर एंव जी0एस0टी0 नम्बर की फोटो प्रतियों निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करें, तभी उनकी निविदा को तुलनात्मक विवरण में शामिल किया जावेगा।

5- निविदायें तभी खोली जायेगी जब प्रत्येक कार्य के लिए कम से कम 3 निविदायें प्राप्त होगी।

6- धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र, अथवा बैंक एफ0डी0आर0 जो अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से बन्धक हो, निविदा के साथ संलग्न करें ।

7- सफल निविदादाता को 10 प्रतिशत जमानत धरोहर धनराशि अनुबन्ध के समय डाकघर बचत पत्र अथवा बैंक की एफ0डी0आर0 जो खण्ड विकास अधिकारी बागेश्वर के पदनाम से बन्धक की धरोहर राशि समायोजित करते हुए ली जायेगी ।

8- निविदा स्वीकृति के उपरान्त निविदादाता को शासन द्वारा जारी निर्देशों तथा धनराशि स्वीकृति आदेश में दी गई व्यवस्था के अनुरूप कार्य सम्पादन करना होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**बागेश्वर**

### वित्तीय अनियमितता के आरोपों को लेकर डाली गई

# बीएसएम कॉलेज के खिलाफ जनहित याचिका खारिज

## सेवानिवृत्त प्रोफेसर अनिता शर्मा पर हाईकोर्ट ने लगाया पचास हजार का जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की/नैनीताल।** वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगाकर बीएसएम पीजी कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ डाली गयी हाईकोर्ट में जनहित याचिका को निराधार मानते हुए मुख्य न्यायाधीश की बैंच ने याचिका को खारिज करते हुए याचिकाकर्ता पर ही 50 हजार का जुर्माना लगाया है। और उक्त जुर्माने को पैटीसनर को दो हफते के अंदर लीगत स्टेट सर्विसेज अथौरिटी के पास जमा कराने के आदेश दिये हैं और जमा न करने पर जिला मजिस्ट्रेट को लैंड रिवेन्यू के बकाया के तोर पर पैटिसनर से वसूलने के लिए कहा गया है।

अवगत करा दें कि बीएसएसम कालेज की रिटायर एसोसिएट प्रोफेसर अनिता शर्मा ने उत्तराखण्ड हाईकोर्ट नैनीताल में एक पीआईएल दाखिल करते हुए कालेज प्रबंधन पर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगाये थे और कई तरह की दलीलें दी थी लेकिन मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता व न्यायामूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने कालेज की रिटायर प्रोफेसर अनिता शर्मा की और से दायर इस याचिका पर सुनवायी करते हुए तमाम आरोपों को निराधार पाया और जनहित से जुडा कोई मामला न बनने पर खण्डपीठ ने उल्टे याचिकाकर्ता पर ही 50 हजार का जुर्माना लगाते हुए जनहित याचिका को खारिज कर दिया। अनिता शर्मा ने आरोप लगाया था कि कालेज में अब तक 35 लाख का घपला किया है जिसकी जांच करायी जाये। लेकिन खण्डपीठ ने तमाम आरोपों की जांच के बाद मामले को निराधार बताते हुए 50 हजार की कोस्ट के साथा खारिज कर दिया ओर यह भी आदेश दिया कि यदि दो सप्ताह के भीतर याचिकाकर्ता जुर्माना अदा नहीं करता है तो जिला मजिस्ट्रेट द्वारा वसूल किया जायेगा।



**❖उक्त आरोप में दर्ज मुकदमे में भी लग चुकी है एफआईआर, डीजे का रिविजन भी खारिज, हाईकोर्ट भी मान चुका है आरोपों को निराधार**

गौरतलब है कि उक्त मामले को लेकर पहले कालेज प्रबंधन के खिलाफ रूडकी में मुकदमा दर्ज कराया था जो विवेचना में पूरी तरह आरोप झूठे व तथ्यहीन पाये जाने पर विवेचक ने उक्त मुकदमें में फाईनल रिपोर्ट लगा दी थी जिसके बाद विपक्षी प्रोटेस्ट में गये में जहां से कामयाबी नहीं मिली उसके बाद विपक्षी ने जिला न्यायालय में एफआर के खिलाफ रिविजन भी किया वहां भी विपक्षी को मात मिली। जिसके बाद विपक्षी उक्त मामले को लेकर हाईकोर्ट भी पहुंचे लेकिन विवेचक की विवेचना व तथ्यों को गहन परीक्षण के बाद हाईकोर्ट से भी मायूसी ही मिली। अब आकर कालेज की रिटायर प्रोफेसर ने कुछ लोगों के बरगलाये में आकर यानि दूसरों का मुहरा बनते हुए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी जिसमें गुरूवार सात मई 26 को मुख्य न्यायाधीश की बैंच ने उक्त याचिका में लगाये गये तमाम आरोपों को निराधार मानते हुए निरस्त कर दिया। और उल्टे याचिकाकर्ता पर ही 50 हजार का जुर्माना भी लगा दिया। जिससे याचिकाकर्ता सदमें में है।

# एक नशा तस्कर दबोचा 5.85 ग्राम स्मैक बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पुलिस ने एक युवक को 5.85 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमल मोहन भंडारी ने बताया कि एसआई विनोद कुमार गोला टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मुकर्रबपुर स्थित सरकारी स्कूल के पीछे एक युवक स्मैक बेच रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर आरोपी भागने का प्रयास करने लगा लेकिन पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसकी जेब से 5.85 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम वसीम निवासी वार्ड चार कलियर बताया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह स्मैक लंढौरा-मंगलौर क्षेत्र से खरीदकर लाया था और उसे ऊंचे दामों में बेचने की फिराक में था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। वहीं पुलिस अब स्मैक सप्लाई करने वाले मुख्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। टीम में उपनिरीक्षक विनोद कुमार गोला, कांस्टेबल प्रकाश मनराल और होमगार्ड ललित कुमार शामिल रहे।

# सिंचाई कर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार व मारपीट का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** यूपी सिंचाई विभाग की भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के मामले में नोटिस देने पहुंचे विभागीय कर्मचारियों के साथ अभद्रता और मारपीट के प्रयास में सिंचाई विभाग के सींच पर्यवेक्षक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

यूपी सिंचाई विभाग में कलियर तैनात सींच पर्यवेक्षक मनोज कुमार और सीचपाल वैभव चौधरी शुक्रवार को विभागीय भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के संबंध में एक दुकानदार को नोटिस तामील कराने पहुंचे थे। आरोप है कि जैसे ही कर्मचारियों ने नोटिस की प्रतियां संबंधित व्यक्ति को दी तो उसने दोनों प्रतियां फाड़कर कर्मचारियों की ओर फेंक दी।विभागीय कर्मचारियों का आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की और मारपीट का प्रयास भी किया। घटना के बाद दोनों कर्मचारियों ने कोतवाली पहुंचकर आरोपी दुकानदार के खिलाफ नामजद तहरीर दी और कार्रवाई की मांग की। कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि तहरीर के आधार मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# नागपुर से लापता बच्ची कलियर पुलिस ने की सकुशल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर कोतवाली पुलिस ने तीन माह नागपुर से लापता होकर करियर में रह रही एक नाबालिक बच्ची को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्ट कर दिया है जो किसी बात पर नाराज होकर अपने घर नागपुर से चुपचाप चली आई थी और कलियर में रह रही थी सत्यापन अभियान के दौरान बच्ची पता चला और शक होने पर पुलिस ने समिति के माध्यम से बड़ी मुश्किल से बच्ची के घर का पता लगाया और फिर उसके परिजनों से संपर्क कर उन्हें बुलाकर सौंप दिया जानकारी के अनुसार पुलिस मुख्यालय उत्तराखण्ड द्वारा चलाए जा रहे "ऑपरेशन प्रहार" अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देशानुसार जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, असामाजिक तत्वों एवं बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में कोतवाली पिरान कलियर पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में स्थित होटल, ढाबों एवं संदिग्ध स्थानों की नियमित चेकिंग की जा रही थी। दिनांक 05.05.2026 को नई बस्ती क्षेत्र में होटल सत्यापन अभियान के दौरान पुलिस टीम को एक नाबालिग लड़की संदिग्ध अवस्था में घूमती हुई मिली।




पुलिस द्वारा पूछताछ किए जाने पर नाबालिग कोई संतोषजनक जानकारी नहीं दे सकी, जिस पर उसे संरक्षण में लेकर थाने लाया गया। गहन पूछताछ में पता चला कि उक्त नाबालिग दिनांक 04.02.2026 से अपने घर कोठारी गैस गोदाम, आनंदनगर, रामगढ़, कामठी नागपुर से लापता थी। इस संबंध में थाना कामठी, नागपुर में गुमशुदगी दर्ज की गई थी। कलियर पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए संबंधित थाना एवं परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों के कलियर पहुंचने पर दिनांक 07.05.2026 को जिला बाल कल्याण समिति की सहायता से नाबालिग बच्ची को सकुशल थाना कामठी पुलिस के सुपुर्द किया गया। हरिद्वार पुलिस की संवेदनशीलता एवं सतर्क कार्यवाही से एक मासूम बच्ची को संभावित खतरे से सुरक्षित बचाया जा सका।

# ट्रेन की चपेट में आकर फौजी की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शुक्रवार सुबह रुड़की के ढंडेरा क्षेत्र में एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया, जिसने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया। सेना में तैनात जवान देवेंद्र कुमार की अपने पालतू कुत्ते के साथ ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, जबकि क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

मिली जानकारी के अनुसार शिवाजी कॉलोनी, ढंडेरा निवासी देवेंद्र कुमार भारतीय सेना में कार्यरत थे और वर्तमान में झांसी में तैनात थे। वह 28 अप्रैल को छुट्टी लेकर अपने घर रुड़की आए हुए थे। शुक्रवार सुबह वह रोजाना की तरह अपने पालतू कुत्ते को घुमाने के लिए घर से निकले थे। बताया जा रहा है कि बुचड़ी फाटक के पास अचानक हरिहर एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से देवेंद्र कुमार और उनका पालतू कुत्ता दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भयावह था कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

# महिलाओं पर अत्याचार के विरोध में कांग्रेसियों ने फूंका सरकार का पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जिला कांग्रेस कमेटी रुड़की महानगर के तत्वाधान में चंद्रशेखर चौक पर प्रदेश में महिलाओं पर बढ़ रहे अत्याचार एवं भाजपा की नाकामियों को लेकर सरकार का पुतला दहन तथा धरना प्रदर्शन किया गया।



जिलाध्यक्ष राजेंद्र चौधरी ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक विशेष रूप से महिलाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है और अगर राज्य सरकार अपने कर्तव्य का पालन नहीं कर रही है महिला कांग्रेस की कार्यकारी जिला अध्यक्ष यास्मीन खान ने कहा कि भाजपा महिला विरोधी मानसिकता रखती है और यही कारण है कि महिलाओं को 33% आरक्षण भी नहीं दिया गया उन्होंने सवाल उठाया के चाहे कोई मामला रहा हो अंकित भंडारी का मामला रहा सभी मामलों में भाजपा के लोग संलिप्त रहें जिससे इनकी मानसिकता का पता लगता है। क्षेत्र पंचायत सदस्य श्रीमती भावना चौधरी, श्रीमती मनु जैन,, सलीम खान, रिजवान अहमद वरिष्ठ नेता सुभाष सैनी जी आशीष चौधरी नीरज सैनी वैभव सैनी ओवेश अंसारी भूषण त्यागी मोहित त्यागी संजय गुड्डू डॉक्टर शमशाद मीर डॉक्टर हरविंदर सिंह सुधीर चौधरी सुभाष चंद्र शर्मा मिंटू जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस कर रही संवेदनशील मुद्दे पर जनता को गुमराह : तिवारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी विकास तिवारी ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि लगातार जनता द्वारा नकारे जाने के बाद राजनैतिक हताशा में कांग्रेस पार्टी साजिशें रचने में जुटी हुई है। कल चम्पावत की घटना इसका शर्मनाक जीता जगता प्रमाण है।

पुलिस की शुरुआती जांच के बाद शीशे की तरह साफ हो गया है कि कैसे भाजपा कार्यकर्ता को एक झूठे और फर्जी घिनौने प्रकरण में फंसाने का प्रयास किया गया। उस पर सबसे अधिक दुर्भाग्यपूर्ण और षड्यंत्रकारी रवैया रहा कांग्रेस पार्टी और विशेषकर उनके प्रदेश अध्यक्ष का। बिना किसी जांच और ठोस तथ्यों के उन्होंने कार्यकर्ता और पार्टी को बदनाम करने में



जुट गए। उनके निर्देश पर तत्काल जगह जगह प्रदर्शन कराए गए और झूठा और बेबुनियाद नेरीटिव फैलाया गया मकसद एकमात्र किसी भी तरह भाजपा संगठन और मुख्यमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र की छवि खराब की जाए। और ऐसा नहीं है कि कांग्रेस या उनके नेताओं द्वारा इस तरह का नकारात्मक और षड्यंत्रकारी प्रयास पहली बार किया गया हो। तिवारी ने कहा कि वर्तमान वर्ष के 4 महीने में यह तीसरी बड़ी घटना है इसमें कांग्रेस द्वारा भाजपा संगठन और सरकार की सभी खराब करने की कोशिश की गई। हमे यह संयोग नहीं प्रयोग लगता है कांग्रेस पार्टी का भाजपा संगठन और सरकार की छवि खराब करने का। जनवरी माह में कांग्रेस वरिष्ठ नेता तिलक राज बेहड के बेटे द्वारा स्वयं पर हमला करवाया गया था। लेकिन उसमें भी स्वयं बेहड और कांग्रेस द्वारा भाजपा सरकार पर आरोप लगाकर मुद्दा बनाने का प्रयास किया गया।

# 3 लाख 66 हजार में छूटी 31 मोटरसाइकिल की नीलामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर थाने में आज काफी पुरानी 31 मोटरसाइकिल की नीलामी पुलिस क्षेत्र अधिकारी एवं एआरटीओ की देखरेख में की गई है जिसमें 61 व्यापारियों ने नीलामी में भाग लिया सबसे ज्यादा बोली 3 लाख 70 हजार में बोली गई सबसे ज्यादा बोली बोलने वाले ने नीलामी लेने से मना कर दिया उसकी जो 10000 की जमानत थी वह जप्त कर ली गई दूसरी बोली बोलने वाले को 3 लाख लाख 66 हजार में नीलामी छोड़ दी गई जिसमे कुल 31 मोटरसाइकिल थी पुलिस क्षेत्र अधिकारी देवेंद्र सिंह नेगी के द्वारा बताया गया कि करीब 6 माह से जो मोटरसाइकिल खस्ताहाल पड़ी हुई थी उच्च अधिकारियों के आदेश पर आज उनको नीलाम किया गया है उन्होंने कहा कुल 31 मोटरसाइकिल को नीलाम किया गया है जिनकी बोली 366000 लगाई गई है सबसे ज्यादा बोली बोलने वाले को नीलामी दे दी गई है एआरटीओ कृष्ण चंद्र पलाडिया ने बताया कि आज जो पुरानी 31 मोटरसाइकिल की नीलामी की गई है उनमें सबसे ज्यादा बोली लगाने वाले 370000 में लगाई गई थी जिसने बोली लेने से मना कर दिया उसकी 10000 की जमानत जप्त कर ली गई।

# फायरिंग मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली गंगानगर पुलिस ने रामपुर चुंगी पर हुई फायरिंग की घटना में फरार एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है बाकी फरार की तलाश में लगातार पुलिस देबिश दे रही है।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर ऑपरेशन प्रहार के तहत कार्यवाही कर सख्ती से कार्यवाही किये जाने हेतु आदेशित किया गया था आदेश के अनुपालन मे प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंगनहर द्वारा अलग-अलग टीमो का गठन किया गया था ऑपरेशन प्रहार के तहत कार्यवाही करते हुऐ मुकदमा उपरोक्त में फरार अभियुक्त आलम पुत्र जाहीद हसन निवासी नगला कुबडा थाना झबरेडा जनपद हरिद्वार को पुलिस ने पनियाला लाठरदेवा तिराहे पर गिरफ्तार किया गया।

# विवाहिता ने ससुरालियों पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक महिला द्वारा अपने पति तथा ससुराल वालों पर गाली गलौज मारपीट कर प्रताडित करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत दर्ज कराई है। वहीं दूसरी ओर कस्बा के मोहल्ला को कुमहारान निवासी एक महिला ने भी अपने पति पर गाली गलौज मारपीट कर लगातार तंग करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। ग्राम लाठरदेवा शेख निवासी एक महिला ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उसका पति व ससुराल वाले उसके साथ गाली गलौज व मारपीट करते हैं आरोप यह भी है कि उसके मायके से कोई भी सदस्य आता है तो उसके साथ भी गाली गलौज कर उसे बेइज्जत कर घर से भगा देते हैं। कई बार उसे खाना तक भी नहीं दिया जाता है। दूसरी ओर कस्बा के मोहल्ला कुमहारान निवासी एक महिला ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसके दो बच्चे हैं इसके बावजूद भी उसका पति उसके साथ लगातार गाली गलौज कर उसे तंग करता है कई बार उसे घर छोडकर चले जाने को भी कहकर उसका मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह का कहना है कि उक्त दोनों महिलाओं के पतियों को थाने बुलाकर पूछताछ की गई है।

# फर्जी नियुक्ति प्रकरण : हाई कोर्ट के आदेश पर 9 शिक्षक बर्खास्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** शिक्षा विभाग में उस समय हड़कंप मच गया जब जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा एक साथ लक्सर के 9 शिक्षकों की सेवा समाप्त कर दी गई।

लक्सर के खंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेश पर यह कार्रवाई हुई है इन सभी के खिलाफ माननीय उच्च न्यायालय में याचिका डाली गई थी जिसका आदेश आने के बाद इन सभी शिक्षकों को बर्खास्त कर दिया गया है उनकी सेवा समाप्त कर दी गई है साथ ही विनोद कुमार ने कहा कि इन शिक्षकों की नियुक्ति भी गलत तरीके से हुई थी मामला जांच में सही पाए जाने के बाद यह कार्रवाई अमल में लाई गई है खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इनमें से पांच उर्दू शिक्षक हैं जबकि चार प्राइमरी शिक्षक हैं इनमें से कई लोगों ने जम्मू से शिक्षा प्राप्त की थीऔर इन लोगों ने जिला हरिद्वार में अपलाई किया था वर्तमान में शिक्षा विभाग में कार्यरत थे इनके स्नातकोत्तर स्तर पर अंक कम थे मानक स्तर से कम अंक होने के कारण इनकी सेवाएं समाप्त की गई है।

# ओटीटी की दुनिया में चमकेगी रुड़की की मुस्कान वर्मा

## इंस्पेक्टर अविनाश वेब सीरीज में निभाएगी दमदार किरदार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड की पावन धरती और शिक्षा नगरी रुड़की से निकलकर अब एक बेटी मायानगरी मुंबई में अपनी प्रतिभा का परचम लहराने जा रही है। जी हां, हम बात कर रहे हैं रुड़की की होनहार बेटी मुस्कान वर्मा की, जो जल्द ही चर्चित वेब सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाशमें एक बेहद अहम और प्रभावशाली किरदार निभाती नजर आएंगी।

यह बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज 15 मई 2026 को रिलीज होने जा रही है। खास बात यह है कि इस वेब सीरीज में बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा और अभिनेत्री उर्वशी रौतेला जैसे बड़े कलाकार भी अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज कराएंगे। वहीं मुस्कान वर्मा का किरदार भी कहानी में काफी महत्वपूर्ण बताया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि 'इंस्पेक्टर अविनाश की कहानी वास्तविक घटनाओं से प्रेरित है। यही कारण है कि दर्शकों के बीच इस वेब सीरीज को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इसके पहले पार्ट को भी दर्शकों का भरपूर प्यार मिला था। शानदार निर्देशन और प्रभावशाली अभिनय के लिए निर्देशक रणदीप हुड्डा सहित अन्य कलाकारों को सम्मानित भी किया गया था। अब दूसरे पार्ट से दर्शकों की उम्मीदें और भी बढ़ चुकी हैं।

रुड़की की बेटी मुस्कान वर्मा का सफर संघर्ष, मेहनत और आत्मविश्वास की मिसाल बन



चुका है। साधारण परिवार में जन्मी मुस्कान ने अपने सपनों को पूरा करने के लिए हर कठिनाई का डटकर सामना किया। उनके पिता सुरेंद्र वर्मा पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, जबकि माता ममता वर्मा शिक्षिका हैं। परिवार में एक भाई अनमोल वर्मा और एक बहन मधुर वर्मा के साथ पली-बढ़ी मुस्कान ने बचपन से ही अभिनय की दुनिया में अपनी पहचान बनाने का सपना देखा था। सीमित संसाधनों और तमाम चुनौतियों के बावजूद मुस्कान ने कभी हार नहीं मानी और अपनी मेहनत के दम पर आज वह मुकाम हासिल किया है, जहां पहुंचना हर किसी के बस की बात नहीं होती। मुस्कान वर्मा केवल वेब सीरीज तक सीमित नहीं हैं। इससे पहले भी वह कई म्यूजिक एल्बम में अपनी शानदार अदाकारी से दर्शकों का दिल जीत चुकी हैं। उनके कई एल्बम सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर काफी लोकप्रिय हुए। इसके अलावा मुस्कान साउथ इंडस्ट्री की फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं, जहां उनके अभिनय और स्क्रीन प्रेजेंस को सराहा गया। अब व्ज्ज प्लेटफॉर्म पर आने वाली यह नई वेब सीरीज उनके करियर को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती है। रुड़की और उत्तराखंड का बढ़ाया मान-आज मुस्कान वर्मा उत्तराखंड और खासकर रुड़की की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनती जा रही हैं। उनका सफर यह साबित करता है कि छोटे शहरों की बेटियां भी बड़े सपने देखकर उन्हें साकार कर सकती हैं। फिल्मी गलियारों में चर्चा है कि 'इंस्पेक्टर अविनाश में मुस्कान का किरदार दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ने वाला है। अब हर किसी की नजर 15 मई 2026 पर टिकी हुई है, जब रुड़की की यह बेटी व्ज्ज की दुनिया में अपनी नई पहचान बनाने जा रही होगी। मुस्कान वर्मा की यह सफलता केवल उनके परिवार की नहीं, बल्कि पूरे उत्तराखंड और रुड़की शहर के लिए गर्व का विषय बनती जा रही है।

**❖15 मई से जीयो हॉटस्टार पर होगा प्रसारित**

# घर से बेदखल बुजुर्ग को जेएम ने दिलाया इंसाफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शहर में एक बुजुर्ग को अपनी ही छत से बेदखल किए जाने का मामला सामने आया,मामला संज्ञान में आने पर बुजुर्ग को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुड़की ने इंसाफ दिलाया। शराफत खान ने पुत्रवधू पर मकान पर कब्जा करने और प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप लगाए।


वरिष्ठ अधिवक्ता हिमानी बोहरा ने बताया कि शराफत खान ने छह मई को न्यायालय उपजिलाधिकारी रुड़की में एक प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया था। उन्होंने अपनी पुत्रवधू पर एकमात्र आवासीय मकान पर कब्जा करने और घरेलू सामान को बर्बाद करने का आरोप लगाया था। शराफत खान ने हाथापाई, शारीरिक व मानसिक क्रूरता का भी जिक्र किया जिससे वे अपनी वृद्धावस्था, बीमारी और आय के अभाव के कारण कष्ट में थे। उनके पास रहने और जीवन यापन का कोई साधन नहीं था। शराफत खान ने अपनी शिकायत में पुत्रवधू द्वारा उन्हें संपत्ति से बेदखल करने के सभी प्रयासों पर रोक लगाने का निवेदन किया था। उन्होंने उचित कानूनी और पुलिस सहायता दिलाने का भी अनुरोध किया था। इस पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने शिकायत के आधार पर मौके का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान जेएस ने कोतवाली पुलिस के साथ नागरिक को घरवालों की सहमति से घर वापसी कराई गई। अधिकारियों ने संबंधित पक्षों को भविष्य में वरिष्ठ नागरिक की सुरक्षा और रखरखाव का पूरी तरीके से ध्यान रखने के निर्देश दिए।

# सम्पादकीय

## सुवेन्दु की ताजपोशी

कोलकाता स्थित कन्वेंशन सेंटर में भाजपा विधायक दल की बैठक हुई। जिसमें देश के गृहमंत्री अमित शाह ने भी शिरकत की। यह बैठक इसलिए महत्वपूर्ण मानी जा रही थी कि इसमें यह तय होना था कि पश्चिम बंगाल का मुख्यमंत्री कौन होगा। बैठक के बाद अमित शाह ने ऐलान किया कि सुवेन्दु अधिकारी पश्चिमी बंगाल के नए मुख्यमंत्री होंगे। हालांकि इसमें कुछ भी अप्रत्याशित नहीं है। सुवेन्दु अधिकारी का जिस तरह भाजपा के साथ समर्पण रहा है, उससे साफ था कि वह ही पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री होंगे। एक बात यह भी उनके पक्ष में जाती है कि सुवेन्दु अधिकारी ने पहले 2021 में ममता बनर्जी को नंदीग्राम में हराया और अब उन्होंने दूसरी बार भवानीपुर में ममता को भारी मतों से शिकस्त दी। निश्चित रूप से यह कोई कम उपलब्धि नहीं है कि कोई व्यक्ति 15 साल से जमे किसी प्रदेश के मुख्यमंत्री को दो बार हरा दे। ऐसे में यही माना जा रहा था कि सुवेन्दु अधिकारी के कद का कोई दूसरा नेता पश्चिम बंगाल में नहीं है और भाजपा भी नहीं चाहती थी कि कोई बाहरी नाम बंगाल पर थोंपा जाए। बैठक के बाद अपने संबोधन में अमित शाह ने राज्य के लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी पार्टी ने जो संकल्प पत्र जारी किया है उस पर पूरी तरह अमल किया जाएगा। उन्होंने भाजपा पर भरोसा कर बंगाल की जनता को धन्यवाद भी दिया। शनिवार को सुवेन्दु अधिकारी कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। यह एक भव्य आयोजन होगा, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह समेत एनडीए के कई बड़े नेता शामिल होंगे। बताया जा रहा है कि इस समारोह में 50 हजार लोग शिरकत करेंगे। अमित शाह का यह कहना बिल्कुल सही है कि जहां भाजपा के विधायकों का औसत मार्जिन जीत 28 हजार रहा, वहीं 3 से 77 और 77 से 207 की यात्रा अभूतपूर्व ही कही जाएगी। अब जबकि मुख्यमंत्री बनने के साथ ही सरकार बनाने का रास्ता साफ हो गया है ऐसे में अधिकारी के सामने सबसे बड़ी चुनौती तो इस समय वहां हिंसा को रोकना होगी। जो बड़े पैमाने पर जारी है और खुद उनके पीए की भी हत्या हो चुकी है। उन्होंने कहा भी है कि किसी भी लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। होनी भी नहीं चाहिए, लेकिन यह भी एक सच्चाई है कि भारी संख्या में सुरक्षाबल राज्य में तैनात होने के बावजूद व्यापक स्तर पर हिंसा का तांडव देखने में आया है।

## अफसोसनाक है राजनीति में बदले की भावना





**शिबली रामपुरी**


करीब पांच साल की बात रही होगी एक जगह पर सभासद का चुनाव हुआ जाहिर सी बात है कि उसमें एक ही को जीतना था और एक उम्मीदवार जीत गया और बाकी वहां पर आधा दर्जन से ज्यादा लोग खड़े थे उनको पराजय मिलनी थी तो वो हार गए। जिसकी चुनाव में जीत हुई थी उसने खुशी मनाई उसके समर्थकों ने ढोल वगैरा बजा मिठाई बांटी और बाकी को निराशा हुई। यह सब नॉर्मल बात है इसमें कोई बुराई नहीं क्योंकि जो जीतता है वह खुशी मनाता है और जो हारते हैं उनको गम होता है लेकिन इन्हीं लोगों में से कुछ ऐसे लोग भी थे कि जिन्होंने चुनाव में हारने के बाद लोगों को कसूरवार ठहराना शुरू कर दिया कि हमने इलेक्शन में उसको चाय पिलाई थी उसको मिठाई खिलाई थी लेकिन उसने हमें वोट नहीं दिया कुछ ने अपने रिश्तेदारों को ही जिम्मेदार ठहरा दिया कि उन्होंने मुझे हराया है। किसी के चुनाव हारने पर उसके भाइयों ने कुछ लोगों को सामने ना आकर आपस में बैठकर बुरा भला कहा कि उन्होंने वोट नहीं दिया तो इसलिए हमारे भाई की हार हुई है।

बहरहाल यह सभी नॉर्मल सी बात थी कि इसमें दिल की बात है किसी का दिल हल्का होता है और कोई बड़े से बड़ा दुख दर्द गम हार भी बर्दाश्त कर लेता है क्योंकि उसको पता है कि हार भी हो सकती है तो अगर हार हो जाती है तो इसमें वह किसी पर इस तरीके के इल्जाम नहीं लगाता और ना किसी को अपनी हार के लिए जिम्मेदार ठहराता है। लेकिन अब सियासत में जिस तरीके का एक चलन बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है उसको देखकर अफसोस होता है। यह चलन है पॉलिटिक्स में बदला लिए जाने की राजनीति का। पहले के दौर में ऐसा होता था कि जो कामयाब होता था वह हारने वाले को गले लगाता था और उसके घर जाकर भी अपनी कामयाबी की बधाई देता था और कहता था कि भले ही आप हार गए हैं लेकिन आपके अनुभव का हमें सम्मान है और हम आपके जज्बे और अनुभव को अहमियत देते हुए जनता का विकास करेंगे। लेकिन अब ऐसा नहीं देखने को मिल रहा है अब तो अधिकतर जगह यह होता है कि जो कामयाब होता है वह हारने वाले को बहुत ही हीनभावना से देखता है और उसका अपमान करने में भी वह पीछे नहीं रहता और मौका मिलते ही वह अपमान भी करता है और इसमें चुनावी मैदान में उतरने वाले लोग आपस में भले ही एक दूसरे से ना उलझे लेकिन उनके साथ काम करने वाले और उनकी पार्टी के कार्यकर्ता एक दूसरे से उलझना शुरू कर देते हैं। राजनीति में सफलता और असफलता मिलना कोई नई बात नहीं है। यह हमेशा से होता आया है, क्योंकि एक को सफलता मिलती है तो बाकी को असफलता मिलना स्वाभाविक है। लेकिन अब राजनीति में बदले की भावना जिस तरह बढ़ रही है, वह किसी भी तरह से सही नहीं है। इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है और राजनीतिक पार्टियों तथा उनके बड़े नेताओं को इस पर ध्यान देना चाहिए। कई जगहों से ऐसी खबरें सामने आती हैं कि जब एक राजनीतिक पार्टी सत्ता से जाती है और दूसरी सत्ता में आती है, तो वरिष्ठ नेताओं में तो ऐसा कम देखने को मिलता है, लेकिन पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच आपसी झड़प और लड़ाई-झगड़े तक हो जाते हैं। कई बार बदले की यह भावना इतनी बढ़ जाती है कि इसके गंभीर नुकसान सामने आते हैं। पहले ऐसा नहीं होता था। जब एक पार्टी जाती थी और दूसरी आती थी तब इस तरह की बदले की राजनीति देखने को नहीं मिलती थी कि हारने वालों के साथ दुर्व्यवहार किया जाए या उनके कार्यकर्ताओं को परेशान किया जाए। लेकिन मौजूदा दौर में यह सब देखने को मिल रहा है, जो पूरी तरह से चिंताजनक है। अगर यह प्रवृत्ति आगे बढ़ती रही, तो इसके भविष्य में गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। इसलिए इस तरह की राजनीति पर रोक लगनी चाहिए। तभी समाज के योग्य और बेहतर लोग राजनीति में आने की को. शिश करेंगे और माता-पिता भी चाहेंगे कि उनकी संतान एक अच्छा नेता बने।

> **बहरहाल यह सभी नॉर्मल सी बात थी कि इसमें दिल की बात है किसी का दिल हल्का होता है और कोई बड़े से बड़ा दुख दर्द गम हार भी बर्दाश्त कर लेता है क्योंकि उसको पता है कि हार भी हो सकती है तो अगर हार हो जाती है तो इसमें वह किसी पर इस तरीके के इल्जाम नहीं लगाता और ना किसी को अपनी हार के लिए जिम्मेदार ठहराता है। लेकिन अब सियासत में जिस तरीके का एक चलन बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है उसको देखकर अपफसोस होता है।**

## श्रीमुख से...

### एनसीआरबी ने खोली मोदी सरकार की पोल



महिलाओं की सुरक्षा के मोर्चे पर पिछले 12 वर्षों में सरकार के दावों की वास्तविकता देश के सामने आ चुकी है, 2013 के बाद से महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 42.6 प्रतिशत, बच्चों के खिलाफ अपराधों में 204.6 प्रतिशत, दलितों के खिलाफ अत्याचारों में 41.3 प्रतिशत तथा आदिवासियों के खिलाफ अपराधों में 46.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, इस अवधि में साइबर अपराधों में 1,689 प्रतिशत का भारी इजाफा हुआ है। उनका यह भी कहना था कि 2024 में 10,546 किसानों, 52,931 दिहाड़ी मजदूरों और 14,488 विद्यार्थियों ने आत्महत्या की है, मोदी सरकार कानून-व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे करती रही, लेकिन वास्तविक आंकड़े इन दावों की पोल खोलते हैं।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे**
**अध्यक्ष, कांग्रेस**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क, शाह टाइम्स**
पत्राचार: शाह टाइम्स, सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड
मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003
Dainikshahtimes@gmail.com

## अब विपक्ष को गंभीर चिंतन की जरूरत



**रजनीश कपूर**

पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम और केरल के विधानसभा चुनाव परिणामों पर हर टीवी चौनल पर चुनावी पंडित और राजनैतिक वुशेषज्ञ गहन टिप्पणी कर रहे हैं। कुल मिलाकर इन विशेषज्ञों ने इन नतीजों को महज साधारण चुनावी उलटफेर नहीं, बल्कि लोकतंत्र की दिशा में एक बड़े बदलाव के रूप में चित्रित किया। चुनाव विश्लेषकएक ओर इसे बंगाल की विजय मानते हैं और दूसरी ओर विपक्षी दलों के लिए गंभीर आत्मचिंतन का क्षण मानते हैं। नतीजों से यह बात तो स्पष्ट है कि परिणाम केवल मतदाता रुझान नहीं, बल्कि प्रक्रियागत सवालों और विपक्ष की रणनीतिक कमजोरियों का मिश्रण हैं। लेकिन विपक्ष के लिए सबसे महत्वपूर्ण सबक यह है कि भविष्य के चुनावों के लिए उन्हें कुछ नया सोचना होगा और बेहतर रणनीति बनानी पड़ेगी। पश्चिम बंगाल की बात करें तो बीजेपी के वोट शेयर में मात्र 3 प्रतिशत की बढ़त के साथ काफी मात्रा में सीटें जीती। लेकिन तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि राज्यव्यापी विशेष गहन पुनरीक्षण SIR प्रक्रिया में लगभग 90 लाख मतदाताओं के नाम काटे गए, जिनमें अधिकांश मुस्लिम और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के पारंपरिक वोटर थे। यदि ए 4.3 प्रतिशत मतदाता वोट डाल पाते तो शायद नतीजा अलग होता। कुछ चुनवी विश्लेषक इसे क्यूरेटेड चुनाव कहते हैं। यानी परिणाम पहले से तय करने वाली प्रक्रिया। इसी तरह असम में भी बीजेपी की बड़ी जीत को चुनावी विश्लेषक सीमा-समस्या, ध्रुवीकरण और मतदाता सूची संशोधन से जोड़ कर देख रहे हैं। यदि तमिलनाडु की बात करें तो टीवीके की सफलता को सकारात्मक विकास माना जाए। डीएमके की सत्ता-विरोधी लहर और स्टालिन की अपनी सीट हारने जैसी घटना ने साबित किया कि पुरानी पार्टियां जनता से दूर हो चुकी हैं।

टीवीके की जीत नए चेहरे, युवा अपील और क्षेत्रीय आकांक्षाओं का प्रतीक है। वहीं केरल में कांग्रेस-नेतृत्व वाले यूडीएफ की जीत ने विपक्षी खेमे को कुछ राहत दी, लेकिन कुछ जानकर ऐसा मानते हैं कि क्या यह राष्ट्रीय स्तर पर बीज. पी के टेम्प्लेट का हिस्सा बन सकता है, जहां मतदाता सूची प्रबंधन, ध्रुवीकरण और संगठनात्मक ताकत एक साथ काम करती हो? गौरतलब है कि विशेष गहन पुनरीक्षण जैसी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता की कमी और मतदाता सूची से नाम कटने के आरोप निश्चित रूप से जांच के योग्य हैं। चुनाव आयोग को इन सवालों का जवाब देना चाहिए, लेकिन केवल प्रक्रियागत दोषों पर जोर देकर विपक्ष अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकता। बंगाल में टीएमसी की 15 साल की सत्ता में भ्रष्टाचार, हिंसा और विकास की अनदेखी ने जनता को बीजेपी की ओर धकेला। तमिलनाडु में डीएमके का परिवारवाद और प्रदर्शन की कमी ने टीवीके जैसे नए विकल्प को रास्ता दिया। असम और केरल के नतीजे भी साबित करते हैं कि स्थानीय मुद्दे, विकास और नेतृत्व की विश्वसनीयता निर्णायक हैं। ऐसे में विपक्ष के लिए यह आत्मचिंतन का क्षण है, लेकिन विपक्ष को इसे केवल शिकायत में नहीं बदलना चाहिए। विपक्षी दलोंऔर इंडिया गठबंधन को भविष्य की रणनीति पर गंभीरता से काम करना होगा। पहलारू आंतरिक सुधार- पुरानी पार्टियां परिवारवाद, सत्ता-केंद्रित संस्कृति और भ्रष्टाचार से ग्रस्त हैं। टीएमसी और डीएमके को युवा, नए चेहरों और स्थानीय मुद्दों पर आधारित नेतृत्व विकसित करना चाहिए, जैसा टीवीके ने किया। कांग्रेस को अपने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना होगा, न कि केवल गठबंधनों पर निर्भर रहना। विपक्ष को सिर्फ बीजेपी-विरोध की राजनीति छोड़कर सकारात्मक एजेंडे पर काम करना चाहिए, जैसे कि रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान कल्याण और क्षेत्रीय अस्मिता। विपक्ष को विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे को राष्ट्रीय आंदोलन बनाना चाहिए। पारदर्शी मतदाता सूची, वीवीपीएटी की पूरी जांच, डिजिटल निगरानी और चुनाव आयोग की स्वायत्तता के लिए कानूनी लड़ाई लड़ी जाए। लेकिन यह लड़ाई केवल अदालतों तक सीमित न रहे, जमीनी स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाएं। मुस्लिम और पिछड़े वर्गों के मतदाताओं को सूची में शामिल कराने के लिए विशेष ड्राइव चलाई जाए, ताकि भविष्य में कोई क्यूरेटेड नतीजा न निकले। तीसरा, गठबंधन और रणनीतिक एकता - इंडिया गठबंधन को बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में सीट बंटवारे की बजाय विचारधारा आधारित साझेदारी पर जोर देना चाहिए। जहां टीवीके जैसी नई पार्टियां उभर रही हैं, वहां उन्हें सहयोगी बनाएं, न कि प्रतिद्वंद्वी। डिजिटल कैंपेनिंग, डेटा एनालिटिक्स और सोशल मीडिया का इस्तेमाल करके युवा वोटरों को जोड़ा जाए। विजय जैसे सेलिब्रिटी नेताओं की सफलता से सीखें, भावनात्मक जुड़ाव, साफ-सुथरी छवि और विकास-केंद्रित संदेश देना। चौथा, क्षेत्रीय मुद्दों पर फोकस- राष्ट्रीय स्तर पर बीजेपी की हिंदुत्व और विकास की दोहरी रणनीति का मुकाबला स्थानीय एजेंडे से करें।

> **बंगाल में टीएमसी को हिंसा-मुक्त प्रशासन और औद्योगिक विकास का वादा करना चाहिए। तमिलनाडु में डीएमके को डीएमके-विरोधी लहर को 'क्षेत्रीय गौरव' में बदलना होगा। विपक्ष को महिला, युवा और किसान योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर देना चाहिए।**

## एक नाम, जिसमें पूरा जीवन सिमट जाता है वह है मां





**कृति आरके जैन**

जब जीवन पहली बार ममता की छाया में सांस लेना सीखता है, तभी मां का अर्थ समझ आता है। मई के दूसरे रविवार पर आने वाला यह दिन मां के निस्वार्थ प्रेम और अथाह त्याग का वह उजाला है, जिसमें हमारे अस्तित्व का सच्चा अर्थ साफ दिखाई देता है। भारत समेत अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में मई के दूसरे रविवार को मनाया जाने वाला मदर्स डे (मातृ दिवस) औपचारिक नहीं, उस मूल शक्ति का सम्मान है जो हर जीवन की नींव है। मां वह दीप है, जो स्वयं जलकर अंधकार हरती है, और वह आसमान है, जो हर तूफान समेट लेता है। सूरज बाद में उगता है, पर मां का स्नेह पहले ही रास्ता दिखा देता है। इसलिए यह दिन किसी रिश्ते का नहीं, उस दिव्यता का उत्सव है, जिसमें सृजन, संरक्षण और समर्पण एक साथ बसते हैं।

जहां शब्द रुक जाते हैं और समझ की सीमाएं छोटी पड़ जाती हैं, वहीं मां के प्रेम की असली गहराई शुरू होती है। विज्ञान भले बहुत आगे बढ़ जाए, पर इस अनुभूति को पूरी तरह समझ नहीं पाता। गर्भ में शिशु की पहली हलचल के साथ ही मां के तन-मन में अद्भुत बदलाव आते हैं। ऑक्सीटोसिन जैसे हार्मोन उसे पीड़ा सहने की शक्ति देते हैं, पर यह सिर्फ शरीर का विज्ञान नहीं, आत्मा का स्पंदन है। रात-रात जागकर बच्चे की देखभाल करना, अपने हिस्से का भोजन त्याग देनाकृए सामान्य नहीं, प्रेम की चरम अभिव्यक्ति हैं। भारतीय परंपरा में माता वही है जो सहेजती है, संरक्षण देती है और स्वयं को समर्पित कर देती है। रामायण की कौशल्या से महाभारत की कुंती तक और आज की हर मां तक, यह त्याग और समर्पण की धारा अनवरत बहती रही है।

जब प्रेम अपनी अंतिम सीमा पार कर त्याग में ढल जाता है, तब मां की ममता इतिहास नहीं, अमर सत्य बन जाती है। 1952 के कोरिया युद्ध की वह घटना आज भी संवेदनाओं को झकझोर देती है, जब एक मां ने अपने नवजात को ठंड से बचाने के लिए स्वयं को समर्पित कर दिया। बर्फ से जमे पुल के नीचे जन्मे उस शिशु को जीवित रखने के लिए उसने अपने शरीर की आखिरी गर्मी तक उसे ओढ़ा दी। वर्षों बाद जब उस बेटे को यह सच्चाई पता चली, तो उसकी पीड़ा हर संवे. दनशील मन में गूंज उठी। यह कोई कथा नहीं, मातृत्व का वह कठोर सच है, जहां मां खुद मिटकर भी जीवन बचा लेती है। इसलिए मां की कोई तुलना संभव नहीं कृ वह हर उपमा से परे है। जब बाहरी जगमगाहट बढ़ती है और भीतर की गर्माहट कम होने लगती है, तब मां का मौन संघर्ष और गहरा हो जाता है। वह घर की सीमाओं से परे, समय और समाज के हर दबाव से लड़ते हुए बच्चों का भविष्य गढ़ती है। कभी अपने सपनों और करियर को पीछे रखकर, तो कभी बीमारी में भी मुस्कान के साथ वह हर जिम्मेदारी निभाती है। कठिन परिस्थितियों में भी बच्चों की सुरक्षा उसका अडिग संकल्प रहता है। वर्षों की मेहनत से उन्हें सफलता दिलाना और अपनी पीड़ा छुपाकर उनके सपने पूरे करनाकृयही मां की पहचान है। वह सच में ऐसी योद्धा है, जो बिना हथियार हर लड़ाई जीत लेती है। जब भावनाएं बाजार की चमक में सिमटती हैं, तब मातृ-दिवस का अर्थ धुंधला पड़ जाता है। समय के साथ यह अवसर उपहारों, कार्डों और औपचारिकताओं तक सीमित हो गया है, जबकि इसकी आत्मा कहीं गहरी है। मातृ-दिवस की पहल करने वाली अन्ना जार्विस ने इसके व्यावसाईकरण पर खेद जताया था। उनका मानना था कि मां के प्रति सच्चा सम्मान एक दिन नहीं, बल्कि रोजमर्रा के व्यवहार में झलकता है। मां के साथ बिताए गए सच्चे पल, उसकी बातों को ध्यान से सुनना और उसकी भावनाओं को समझना ही वास्तविक श्रद्धांजलि है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि मां के प्रति कृतज्ञता कोई क्षणिक भावना नहीं, बल्कि जीवनभर निभाया जाने वाला भाव है।

जहां से भविष्य की दिशा तय होती है, वहां मां की छाप सबसे गहरी होती है। वह सिर्फ परिवार की धुरी नहीं, बल्कि राष्ट्र की असली नींव है। एक शिक्षित और जागरूक मां अपने बच्चों के साथ समाज को भी सही राह दिखाती है। खेतों से शहरों तक, अनगिनत माताएं बिना वेतन और बिना विश्राम निरंतर राष्ट्र निर्माण में लगी हैं। उनका परिश्रम भले मौन हो, पर उसका प्रभाव असीम है। जब मां अपनी बेटी को शिक्षित करती है, तो वह एक नहीं, कई पीढ़ियों को सशक्त बना देती है। इसलिए मां की भूमिका इतनी विशाल है कि उसे शब्दों में पूरी तरह बांध पाना संभव नहीं। जब कृतज्ञता शब्दों से आगे बढ़कर संकल्प बन जाती है, तभी मातृ-दिवस का अर्थ पूर्ण होता है। 10 मई 2026 हमें केवल उत्सव नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों को पहचानने का अवसर देता है। मां के लिए एक स्नेहभरा फोन, उसके साथ बिताया गया थोड़ा-सा समय या एक सच्ची मुस्कान कृए छोटे कदम उसके जीवन में गहरी खुशी भर देते हैं। हमारा प्रयास होना चाहिए कि उसके चेहरे की मुस्कान कभी फीकी न पड़े और उसकी आंखों में आंसू न आएं। क्योंकि मां की प्रसन्नता ही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है, और उसकी संतुष्टि से बड़ा कोई पुरस्कार नहीं। जब हर रिश्ता समय के साथ बदलता है, तब भी एक सत्य अडिग रहता है मां। उसका प्रेम वह सूक्ष्म धागा है, जो टूटे सपनों को फिर से जोड़ देता है और बिखरे जीवन को संवार देता है। 10 मई 2026 का यह मातृ-दिवस हमें याद दिलाता है कि हम उसी के अंश हैं, उसके त्याग और स्नेह का विस्तार हैं।



ठाणे। महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (एमएसबीएसएचएसई) की कक्षा 10 के परिणाम घोषित होने के बाद जश्न मनाते छात्र व छात्राएं।

## दक्षिण कोरिया में पहले रोबोट भिक्षु 'गाबी' को बौद्ध दीक्षा दी गई

**सोल।** दक्षिण कोरिया में बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर से पहले बौद्ध दीक्षा देकर पहले रोबोट भिक्षु 'गाबी' को आधिकारिक रूप से आध्यात्मिक सेवा में शामिल किया है। देश की राजधानी सोल स्थित जोग्येसा मंदिर के ह्युंगजेयोन हॉल में आयोजित एक विशेष समारोह के दौरान बुधवार को 130 सेंटीमीटर ऊंचे इस रोबोट ने पारंपरिक बौद्ध वस्त्र धारण कर भिक्षुओं के साथ प्रार्थना में भाग लिया। चीनी कंपनी यूनिट्री रोबोटिक्स द्वारा विकसित इस ह्यूमनॉइड रोबोट 'जी1' को जोग्ये ऑर्डर ऑफ कोरियन बुद्धिज्म द्वारा आयोजित दीक्षा समारोह में 'गाबी' नाम दिया गया। 'सुग्ये' नामक इस अनुष्ठान में रोबोट ने बुद्ध की शिक्षाओं और मठवासी समुदाय के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। दक्षिण कोरिया के इतिहास में यह अपनी तरह का पहला मामला है जब किसी ह्यूमनॉइड रोबोट को बौद्ध दीक्षा दी गई है।

# भारत के सामने कमजोर साबित हुआ पाक का रक्षा नेटवर्क

## अफगान डायस्पोरा नेटवर्क की रिपोर्ट में बड़ा दावा: पाक के एयरफील्ड हैंगर और रडार सिस्टम को काफी नुकसान पहुंचा

**काबुल।** भारत का ऑपरेशन सिंदूर इस बात का सबसे बड़ा उदाहरण था कि पाकिस्तान की रक्षा व्यवस्था उतनी मजबूत नहीं निकली जितना दावा किया जाता था। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले साल भारत के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, जब पाकिस्तान के रक्षा प्रणालियों को रियल-टाइम टारगेटिंग, एकीकृत वायु रक्षा और इलेक्ट्रानिक युद्ध के विरुद्ध परखा गया तो वे उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे।

अफगान डायस्पोरा नेटवर्क की रिपोर्ट में कहा गया कि आधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम से यह उम्मीद नहीं होती कि वह हर हमला रोक दे, लेकिन उससे कम से कम अहम सैन्य ठिकानों को बार-बार और एक साथ होने वाले हमलों से बचाने की उम्मीद जरूर की जाती है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ऐसा करने में नाकाम रहा। रिपोर्ट में बताया गया कि भारतीय हमलों से पाकिस्तान के एयरफील्ड, हैंगर और रडार सिस्टम को काफी नुकसान पहुंचा। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान का एचक्यू-9 लंबी दूरी वाला सतह से हवा में मार करने वाला मिसाइल सिस्टम भी उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाया। इसे चीन के एक हाई-एंड सिस्टम के तौर पर पेश किया गया था, जो पश्चिमी और रूसी सिस्टम को टक्कर देने वाला माना जाता था। माना जा रहा था कि यह भारतीय एयर आपरेशंस को मुश्किल बना देगा और रणनीतिक एयर बेस की रक्षा करेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पाकिस्तान और चीन ने मिलकर विकसित किया जेएफ-17 मल्टीरोल फाइटर विमान भी कमजोर साबित हुआ। रिपोर्ट में कहा गया कि यह भारतीय हमलों को संवेदनशील सैन्य ठिकानों तक पहुंचने से नहीं रोक पाया। साथ ही शुरुआती हवाई लड़ाई के बाद भारतीय एयरबेस को किसी बड़े नुकसान का कोई साफ सबूत भी सामने नहीं आया। रिपोर्ट में कहा गया, जिस विमान को पाकिस्तान की सस्ती और मजबूत एयर पावर की रीढ़ बताया जाता था, उसके लिए यह प्रदर्शन भरोसा बढ़ाने वाला नहीं था। जे-10सी लड़ाकू विमान और पीएल-15 लंबी दूरी की एयर-टू-एयर मिसाइल के बारे में भी रिपोर्ट में कहा गया कि इनके किसी बड़े सामरिक सफलता के पक्के सबूत नहीं मिले। पाकिस्तान की तरफ से किए गए दावों को समर्थन देने वाला कोई ठोस सबूत अंतर्राष्ट्रीय मीडिया में साझा नहीं किया गया। रिपोर्ट में कहा गया कि जे-10सी की कथित रणनीतिक सफलता अब तक बड़े निर्यात में नहीं बदली है। पेंटागन की 2025 की चीन सैन्य रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया कि पाकिस्तान अभी तक जे-10सी का इकलौता विदेशी ग्राहक बना हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान लंबे समय से चीनी सैन्य उपकरणों के परीक्षण के लिए एक भरोसेमंद प्रयोगशाला की तरह काम करता रहा है, और उनकी कमियों का असर भी उसे ही झेलना पड़ा है। रिपोर्ट में कहा गया कि पाकिस्तान के सैन्य उपकरणों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लगातार भरोसे की कमी का सामना करना पड़ रहा है। ऑपरेशन सिंदूर ने सिर्फ कुछ सिस्टम को नुकसान नहीं पहुंचाया, बल्कि पाकिस्तान के इस दावे को भी कमजोर कर दिया कि उसकी रक्षा व्यवस्था पूरी तरह भरोसेमंद और युद्ध के लिए तैयार है।

■ पाकिस्तान की तरफ से किए गए दावों को समर्थन देने वाला कोई ठोस सबूत अंतर्राष्ट्रीय मीडिया में साझा नहीं किया गया



# अमेरिका ने फिर की ईरान पर बमबारी

## वॉशिंगटन ने कहा: ईरानी सेना ने उसके जंगी जहाजों पर मिसाइल, ड्रोन और छोटी नावों से हमला किया था

**तेहरान/वाशिंगटन।** अमेरिका ने सीजफायर के बावजूद ईरान पर फिर बमबारी की। अमेरिका ने कहा कि ईरानी सेना ने उसके जंगी जहाजों पर मिसाइल, ड्रोन और छोटी नावों से हमला किया था। इसके जवाब में अमेरिकी सेना ने ईरान के सैन्य ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अगर ईरान ने डील नहीं की तो अमेरिका आगे भी हमले करेगा।

वहीं, ईरान का दावा है कि अमेरिकी हमले में सैन्य ठिकानों नहीं, नागरिक इलाकों को निशाना बनाया गया। ईरानी सेना ने कहा कि उसने जवाबी कार्रवाई में होर्मुज स्ट्रेट और चाबहार पोर्ट के पास मौजूद अमेरिकी सैन्य जहाजों को निशाना बनाया। ईरान ने आरोप लगाया कि अमेरिकी सेना ने ओमान की खाड़ी में उसके तेल टैंकरों को निशाना बनाया। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका के उस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि ईरान के मिसाइल भंडार खत्म हो चुके हैं। अराघची ने कहा कि अमेरिकी सीआईए की इंटेलिजेंस गलत है। उन्होंने दावा किया कि ईरान का मिसाइल रिजर्व 120 प्रतिशत पर है और देश अपनी जनता की रक्षा के लिए 1000 प्रतिशत तैयार है। अराघची ने एक्स पर लिखा कि हर बार जब कूटनीतिक समाधान सामने आता है, अमेरिका सैन्य रास्ता चुनता है। ईरानी कभी दबाव में नहीं झुकेंगे। न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका और ईरान 30 दिन तक लड़ाई रोकने और होर्मुज स्ट्रेट खोलने के प्रस्ताव पर चर्चा कर रहे हैं। इसी दौरान स्थाई डील पर बातचीत जारी रहेगी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि होर्मुज से गुजर रहे अमेरिकी जंगी जहाजों पर मिसाइल और ड्रोन हमले हुए, लेकिन अमेरिकी सेना ने उन्हें मार गिराया और हईरानी छोटी नावों को तबाह कर दिया। संयुक्त राष्ट्र की समुद्री एजेंसी आईएमओ के मुताबिक, होर्मुज संकट के कारण खाड़ी क्षेत्र में करीब 1500 जहाज फंसे हुए हैं। तेल, गैस और सप्लाई चेन पर असर बढ़ रहा है, जबकि सोमालिया जैसे देशों में खाद्य संकट और गहरा गया है। इजरायल ने दावा किया कि उसने हिजबुल्लाह की रदवान यूनिट के कमांडर अहमद बलूत समेत कई बड़े कमांडरों को बेरूत हमले में मार गिराया। जवाब में हिजबुल्लाह ने दक्षिणी लेबनान में इजरायली टैंक और सैन्य ठिकानों पर हमलों का दावा किया। अमेरिका ने ईरान से जुड़े नेटवर्क पर नए प्रतिबंध लगाए। इनमें इराक के डिप्टी आयल मिनिस्टर अली मारीज अल-बहादली और कई कंपनियां शामिल हैं। अमेरिका का आरोप है कि ये लोग तेल कारोबार के जरिए ईरान और उसके समर्थित समूहों की मदद कर रहे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में लिखा-अमेरिका के तीन बड़े युद्धपोत सुरक्षित तरीके से होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर गए, जबकि उन पर हमला किया गया था। ट्रम्प के मुताबिक, इन जहाजों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा, लेकिन जवाबी कार्रवाई में ईरान के हमलावर पूरी तरह तबाह हो गए। कई छोटी नावें भी समुद्र में डुबो दी गईं, जिनका इस्तेमाल ईरान अपनी कमजोर पड़ चुकी नौसेना की जगह कर रहा था। ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिकी युद्धपोतों पर मिसाइलें और ड्रोन दागे गए, लेकिन अमेरिकी सेना ने सभी हमलों को हवा में ही नष्ट कर दिया।



■ ईरान का मिसाइल रिजर्व 1 प्रतिशत पर है और देश अपनी जनता की रक्षा के लिए 1000 प्रतिशत तैयार है: अराघची

### ट्रम्प ने तुलना में ईरान युद्ध को बहुत छोटा बताया

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर एक चार्ट साझा करते हुए दावा किया है कि ईरान के साथ जारी सैन्य संघर्ष, द्वितीय विश्व युद्ध और वियतनाम युद्ध जैसे ऐतिहासिक युद्धों की तुलना में काफी छोटा रहा है। ट्रम्प द्वारा 'ट्रूथ सोशल' पर साझा किए गए ग्राफिक में इस संघर्ष को ईरान अभियान (ईरान एक्सकर्शन) का नाम दिया गया है और इसके छह सप्ताह से जारी होने का दावा किया गया है। हालांकि, आंकड़ों के अनुसार ईरान के साथ यह युद्ध 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा किए गए संयुक्त मिसाइल हमलों के बाद शुरू हुआ था, जिसे अब नौ सप्ताह से अधिक का समय हो चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस संघर्ष को 'अविश्वसनीय रूप से सफल' बताते हुए कहा है कि यह बहुत जल्द समाप्त हो जाएगा। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि ईरान शांति समझौते को स्वीकार नहीं करता है, तो वे और भी बड़े स्तर के हमले के आदेश दे सकते हैं। ट्रम्प के इस चार्ट में अफगानिस्तान युद्ध (543 सप्ताह), इराक युद्ध (457 सप्ताह) और वियतनाम युद्ध (439 सप्ताह) की तुलना में ईरान संघर्ष की कम अवधि पर गर्व जताया गया है।

## इंडोनेशिया में ज्वालामुखी में विस्फोट तीन पर्वतारोहियों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक सुदूर हलमहेरा द्वीप पर स्थित माउंट दुकोनो में शुक्रवार सुबह अचानक हुए विस्फोट से तीन पर्वतारोही मौत हो गई है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, यह हादसा तब हुआ, जब ज्वालामुखी से अचानक राख की मोटी परत और ज्वालामुखीय मलबा निकलने लगा। इससे क्रेटर के पास मौजूद पर्वतारोहियों का एक समूह फंस गया। अन्य जीवित बचे लोगों से मिली सूचना के बाद तड़के बचाव दल मौके पर पहुंचा। जहां ट्रैकिंग समूह के कई सदस्य भारी राख के कारण लगी मामूली चोटों और सांस संबंधी समस्याओं के साथ सुरक्षित निकलने में सफल रहे, वहीं तीन लोगों की मौत ज्वालामुखीय चट्टानों की चपेट में आने से हुई। स्थानीय अधिकारियों ने पुष्टि की कि जब विस्फोट हुआ, तब ये पर्वतारोही शिखर के पास प्रतिबंधित क्षेत्र में थे। माउंट दुकोनो के अलावा माउंट इबू में भी बड़ा विस्फोट हुआ है। उत्तरी मालुकु में स्थित इस ज्वालामुखी में स्थानीय समय के अनुसार आज दोपहर लगभग 1:41 बजे धमाका हुआ।

## होर्मुज स्ट्रेट में अमेरिका-ईरान युद्धविराम बरकरार: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि गुरुवार देर रात अमेरिका और ईरान दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी के बाद भी युद्धविराम बरकरार है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि पहले गोली किसने चलाई। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार ईरान के शीर्ष सैन्य कमान ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य की ओर आ रहे एक ईरानी तेल टैंकर और एक अन्य पोत को निशाना बनाया और कई तटीय क्षेत्रों पर 'हवाई हमले' किए।

इस बीच अमेरिका ने कहा कि उसने जलडमरूमध्य में अमेरिकी नौसेना के निर्देशित मिसाइल विध्वंसक पोतों पर ईरानी हमलों का जवाब 'आत्मरक्षा' के तौर पर दिया। ट्रम्प ने कहा कि ईरान ने 'आज हमसे खिलवाड़ किया'। ईरानी सरकारी मीडिया ने शुरू में होर्मुज जलडमरूमध्य में 'विस्फोटों' की सूचना दी, जिसे 'शत्रुता' के साथ 'गोलीबारी' बताया गया। इस बीच, स्थानीय मीडिया ने तेहरान में विस्फोटों की आवाजें सुनने की सूचना दी। इसके कुछ ही समय बाद, ईरान के शीर्ष सैन्य कमान के एक बयान में कहा गया कि अमेरिकी 'हवाई हमलों' ने बंदर खमीर, सिरिक और केशम द्वीप के तटों को निशाना बनाया। ईरान ने कहा कि उसने अमेरिकी सैन्य जहाजों पर तत्काल हमला करके जवाबी कार्रवाई की, जिससे 'काफी नुकसान' हुआ, और अमेरिका पर 'युद्धविराम का उल्लंघन' करने का आरोप लगाया। अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने ईरान के हमलों को 'बिना किसी उकसावे के' बताया और कहा कि जब अमेरिकी नौसेना के निर्देशित मिसाइल विध्वंसक स्ट्रेट से गुजर रहे थे, तब ईरानी सेना ने कई मिसाइलों, ड्रोन और छोटी नौकाओं से हमले किए। सेंटकॉम ने कहा कि उसने आने वाले खतरों को खत्म कर दिया है और अमेरिकी सेना पर हमला करने के लिए जिम्मेदार ईरानी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है।

■ ईरान ने अमेरिकी सैन्य जहाजों पर तत्काल हमला करके जवाबी कार्रवाई की जिससे 'काफी नुकसान' हुआ

## युद्धविराम के बीच इजरायल की कार्रवाई तेज

### लेबनान के गांव को खाली करने का दिया आदेश

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान के अल-अब्बासियाह गांव में इजरायली सेना ने जबरन विस्थापन का आदेश जारी किया है। यह गांव टायर शहर के पूर्व में स्थित है। इजरायली सेना के अरबी भाषा के प्रवक्ता अविचाई अद्राई ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर गांव के निवासियों से तुरंत अपने घर खाली करने को कहा।

पोस्ट में कहा गया कि अल-अब्बासियाह के लोग बिना देरी किए गांव छोड़ दें और कम से कम 1000 मीटर दूर खुले इलाकों की ओर चले जाएं। लेबनान में फिलहाल युद्धविराम लागू होने के बावजूद इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। दक्षिणी लेबनान में इजरायली सैन्य कार्रवाई और हवाई हमलों के चलते कई इलाकों से लोगों का पलायन जारी है। वहीं, हिजबुल्लाह और इजरायली बलों के बीच रुक-रुक कर संघर्ष भी जारी है। लेबनान में भारतीय दूतावास ने खाड़ी क्षेत्र में फंसे पांच भारतीयों को निकाला और उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की। इस मिशन के लिए दूतावास ने लेबनान की सरकार का आभार जताया है। दूतावास ने सोशल मीडिया में कहा, पांचों भारतीयों की सुगम वापसी में सहयोग व समर्थन के लिए लेबनानी अधिकारियों का हार्दिक धन्यवाद। वहीं अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल ने दक्षिण लेबनान के नबातियेह जिले में हवाई हमले किए हैं।



■ दक्षिण लेबनान पर इजरायली हवाई हमले, 11 लोगों की मौत

## हंतावायरस वाले जहाज पर 2 भारतीय, अब तक 3 की मौत

**प्राया।** अटलांटिक महासागर में क्रूज शिप डट होंडियस पर 2 भारतीय नागरिक शामिल है। यह वही शिप हैं, जिस पर हंतावायरस फैला है। बीबीसी के मुताबिक अब तक जहाज पर हंतावायरस संक्रमण के पांच मामलों की पुष्टि हुई है और 3 लोगों की मौत हो चुकी है।

वहीं, नीदरलैंड की लीडेन यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर में भर्ती हंतावायरस मरीज का इलाज कर रहीं डाक्टर करिन एलेन वेल्डकैंप ने कहा कि यह वायरस कोरोना जैसा नहीं है। उन्होंने कहा कि हंतावायरस का इंसान से इंसान में फैलना आसान नहीं है। इसका ट्रांसमिशन कोरोना की तुलना में काफी मुश्किल है। डच फ्लैग वाला यह जहाज स्पेन जा रहा है। यह 10 मई तक स्पेन के कैनरी आइलैंड तक पहुंच सकता है, जहां जहाज पर मौजूद सभी यात्रियों की जांच होगी। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि घटना गंभीर है, लेकिन फिलहाल आम लोगों के लिए खतरा कम माना जा रहा है।

■ डाक्टर बोले: यह कोरोना की तरह तेजी से नहीं फैलता, संक्रमण के पांच मामलों की पुष्टि हुई

## जर्मनी में भारतीय कामगारों की मांग

**संयुक्त राष्ट्र।** जर्मनी के बहुपक्षीय मामलों के कमिश्नर फ्लोरियन लाडी के अनुसार जर्मनी की देश-विशिष्ट माइग्रेशन नीति के तहत भारत पसंदीदा देश है। उन्होंने भारत को स्किल्ड कामगारों के सबसे महत्वपूर्ण सोर्स में से एक बताया। भारत के यूएन मिशन की ओर से आयोजित 'माइग्रेशन गवर्नेंस में डिजिटल इनोवेशन का फायदा उठाना' विषय पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरा लाउडी ने कहा कि दोनों देशों के बीच बेहतरीन सहयोग एक ट्रिपल विन है- माइग्रेंट्स के लिए, मेजबान जर्मनी के लिए जहां श्रमिकों की कमी है, और भारत के लिए जिसके पास बड़ी संख्या में कार्यबल उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि 'यह उन हजारों युवा भारतीय श्रमिकों के लिए जीत है, जो जर्मनी आए हैं। मैं इसे हर दिन बर्लिन की सड़कों पर देखता हूं। कुल मिलाकर, जर्मनी में भारतीय माइग्रेंट्स बेहद क्वालिफाइड हैं, खासकर विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में। उनकी असाधारण योग्यता उनकी औसत आय में भी दिखती है, जो जर्मनी की औसत आय से अधिक है। उन्होंने कहा कि अकेले 2025 में 1,80,000 भारतीयों ने जर्मनी के वर्कफोर्स में योगदान दिया है, जो पिछले दस वर्षों में 656 फीसदी की बढ़ोतरी दर्शाता है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

## प्रवासन पर भारत का दृष्टिकोण समग्र और व्यावहारिक

**न्यूयार्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में कहा कि वह प्रवासन के लिए एक समावेशी, मानवीय और भविष्य के लिए तैयार ढांचा बनाने की कोशिश कर रहा है। इसके अलावा, अनियमित प्रवासन और मानव तस्करी जैसी समस्याओं से भी निपट रहा है।

केंद्रीय मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने न्यूयार्क में ग्लोबल काम्पैक्ट फार माइग्रेशन (जीसीएम) के दूसरे अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन समीक्षा मंच (आईएमआरएफ) की पूर्ण बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा प्रवासन असल में लोगों, उनकी आकांक्षाओं, उनकी मेहनत और समाज में उनके योगदान के बारे में है। उन्होंने कहा कि हम एक ऐसा ढांचा बनाने का प्रयास कर रहे हैं, जो समावेशी, मानवीय और भविष्य के लिए हो। साथ ही अनियमित प्रवासन, मानव तस्करी और सामाजिक सुरक्षा की कमियों जैसी चुनौतियों का भी समाधान करे। सिंह ने बताया कि भारत प्रवासन को एक 'समग्र और व्यावहारिक' ढांचे (फ्रेमवर्क) के जरिये प्रबंधित करता है, जिसमें प्रवासियों की सुरक्षा, प्रवासन प्रक्रिया के हर चरण की निगरानी और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना शामिल है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के सबसे बड़े और सक्रिय प्रवासी समुदायों में से एक का घर है, जिसमें 3.4 करोड़ से अधिक लोग शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, भारत वैश्विक धन प्रेषण (रेमिटेंस) प्राप्त करने वाला प्रमुख देश है, यह देखता है कि प्रवासन जीवन, समुदायों और राष्ट्रों को कैसे बदल सकता है।

■ प्रवासन के लिए एक समावेशी, मानवीय और भविष्य के लिए तैयार ढांचा बनाने की कोशिश जारी: विदेश राज्य मंत्री

उ.प्र. शासन एवं उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
प्रदेश के निजी क्षेत्र में संचालित संस्थाओं में होम्योपैथिक भैषजिक (फार्मासिस्ट) के दो वर्षीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम हेतु डिप्लोमा इन होम्योपैथिक फार्मेसी
प्रवेश परीक्षा 2026-27
महर्षि चरक पैरा मेडिकल कॉलेज
देवबन्द जिला सहारनपुर (उ०प्र०) सीटें 100
मो. 9368119199,7983332502
शैक्षिक योग्यता एवम शर्तें-इंटर मीडिएट विज्ञान वर्ग अथवा मान्यता प्राप्त समकक्ष योग्यता इण्टर मीडिएट परीक्षा में सम्मिलित छात्र भी पात्र होगे अभ्यर्थी को उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होने का प्रमाण-पत्र सक्षम प्राधिकारी से जारी देना होगा। अभ्यर्थी की आयु 31 अगस्त 2026 को 17 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। अन्य विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र प्रशिक्षण केन्द्रो से या वेबसाईट www.mcgcdeoband.com के द्वारा दिनाँक 31 मई 2026 सायं 5.00 बजे तक 500.00 (परीक्षा शुल्क सहित) नकद अथवा डी.डी. के माध्यम से जमा कर प्राप्त कर सकते हैं।
प्रवेश परीक्षा 2026-27 डी.एच.पी. (संयोजक)
महर्षि चरक पैरा मेडिकल कॉलेज देवबन्द जिला सहारनपुर (उ०प्र०)

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)